e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 280
शुक्रवार
13.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### इजरायल ने सीरिया के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर दागे रॉकेट

**येरूशलम :** इजरायल ने सीरिया के दमिश्क और अलेप्पो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर एक साथ हवाई हमले किया. इन हमलों में ईरान से आए हथियारों को निशाना बनाए जाने का अनुमान है.इधर सीरिया सेना ने इन दोनों हमलों को लेकर जवाबी कार्रवाई शुरू की. ऐसा कहा जा रहा है कि अलेप्पो एयरपोर्ट पर इजरायल के हमले में नुकसान हुआ है लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है. सीरिया के सरकारी टीवी चैनल ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि गुरुवार दोपहर इजरायली सेना ने अलेप्पो और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों पर रॉकेट दागे. इससे हवआईअड्डों की हवाईपट्टी को नुकसान पहुंचा है. यह हमला गाजा में इजरायल के अपराध से दुनिया का ध्यान भटकाने का प्रयास है.

### हाई कोर्ट ने पुलिस एक्ट में सुधार के लिए दायर जनहित याचिका निष्पादित की

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में पुलिस एक्ट में सुधार को लेकर दाखिल जियाउल हक की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की दलील को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार नियमावली 2017 बनाई गई है, जिसके तहत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की जा सकती है। सरकार ने राज्य में पुलिस शिकायत प्राधिकार एवं जिलों में पुलिस शिकायत प्राधिकार बनाया है। इस प्राधिकार में लोग अपनी शिकायत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कर सकते हैं। प्राधिकार में एक अध्यक्ष, तीन अन्य सदस्य एवं एक सदस्य सचिव रखे गए हैं, जो लोगों की शिकायत को देखेंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जीतेश कुमार ने पैरवी की।याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार के आदेश का अनुपालन झारखंड में सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका दाखिल की थी।

### 26 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा : हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते



**नई दिल्ली** : 26 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम टिप्पणी की.कोर्ट ने कहा कि हम किसी भी बच्चे को नहीं मार सकते. हमें अजन्मे शिशु के अधिकारों और माता के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से सुनवाई के दौरान सवाल किया कि क्या आप चाहते हैं कि हम एम्स के डॉक्टरों से कहें कि (वे) भ्रूण की दिल की धड़कने बंद कर दें. याचिकाकर्ता ने 26 सप्ताह तक इंतजार किया है तो क्या वह कुछ और इंतजार नहीं कर सकती.कोर्ट ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी और याचिकाकर्ता के वकील को उससे बात करने को कहा.अब मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय व ओलम्पिक खेलों में पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को सम्मान राशि भेंटकर सीएम ने किया सम्मानित

# खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता सरकार करेगी : हेमंत

### मुख्यमंत्री द्वारा समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों एवं 52 प्रशिक्षकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपए की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज जिस प्रकार से यह स्टेडियम सजा है, जिस तरह से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद हैं, जिस उद्देश्य के लिए यह परिसर और स्टेडियम बना है,यह समारोह इस परिसर और स्टेडियम का वास्तविक शोभा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी परिकल्पना है कि इस तरह का आयोजन यहां लगातार होता रहे। ताकि इसका संदेश सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरी दुनिया में गूंजे। हमारी सरकार इसी परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है कि आने वाले दिनों में देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ियों के पूरा न हो। हर खेल में हमारे झारखंड के युवा खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया में देश और राज्य का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव रांची में आयोजित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मान राशि वितरण समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पुरस्कार पाने वाले सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक झारखंड करेगा एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की मेजबानी

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए देश के अंदर बेहतर कोचिंग दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। देश में पहली बार हॉकी इण्डिया एवं राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी - 2023÷ का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 के बीच किया जा रहा है। इसमें एशिया के 06 देशों की टीमें भाग लेंगी। झारखण्ड की बेटियाँ भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। यह पहला मौका है जब इतने बड़े प्रतियोगिता का आयोजन झारखण्ड में किया जा रहा है।




### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

*** देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ियों के पूरा न हो, यही है उद्देश्य**

* हमारी सरकार कर रही खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता

* खिलाड़ियों के प्रयास को यूं ही जाया नहीं होने देंगे

* पंचायत स्तर पर सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की होगी शुरुआत

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव सहित कई पूर्व ओलंपियन खिलाड़ी, सम्मानित हुए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों के प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज झारखंड के खिलाड़ी उत्साहित होकर खेल के प्रति अपने आप को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। आप सभी खिलाड़ियों के इस प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे।आपके हुनर को तराशने और एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की हर कोशिश हमारी सरकार करेगी। मैं स्वयं खेल के प्रति अपनी पैनी नजर बनाए रखता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में जो जो कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हो पाया, जो गाड़ी बिल्कुल थम सी गई थी। हमारे खिलाड़ियों को समझ में नहीं आता था कि खेलते हुए हमारा भविष्य क्या होगा? खिलाड़ियों की ऐसी सभी चिन्ताओं को हमारी सरकार ने दूर करने का ईमानदार प्रयास किया है।

### अब खिलाड़ियों को सम्मान राशि के रूप में कम से कम 50 हजार रुपए प्रदान किए जाने का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों को सिर्फ मेडल जीतने के लिए तैयार नहीं करेंगे, बल्कि झारखंड में खेल का एक वट वृक्ष तैयार करने के उद्देश्य से कार्य करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 खिलाड़ियों को सरकार ने सीधी नियुक्ति दी है, बात यहीं खत्म नहीं होगा। खिलाड़ियों की आगे भी नियुक्तियां होती रहेंगी। झारखंड के खिलाड़ियों ने जो हुनर दिखाया उसका लोहा मानना होगा। उन्होंने अपने ताकत के बल पर अपना स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में बहुत ही कम राशि खिलाड़ियों को बतौर सम्मान राशि वितरित की जाती थी ,जो न्याय संगत नहीं था। कोई भी नकद पुरस्कार 50 हजार से कम न हो, यह हमारी सरकार ने तय किया है। अब कोई भी पुरस्कार 50 हजार से कम का नहीं है और इसकी अधिकतम सीमा पांच करोड़ रुपए तक सरकार ने की है।

### युवक-युवती का शव बरामद फोटोग्राफर लापता

**रांची।** गुरुवार को बरियातू थानांतर्गत चिरौंदी स्थित एक घर से युवक और युवती का शव बरामद किया गया।डबल सुसाइड का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुटी गई। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच की। बताया गया कि जिस कमरे से युवक और युवती का शव बरामद किया गया है, वह अंदर से बंद था। बरियातू थाना प्रभारी ने बताया कि लड़का फंदा से लटका हुआ था, वहीं, लड़की का शव बेड पर पड़ा था। मृतकों में युवती की पहचान गुमला की रहने वाली अन्नू टोप्पो के रूप में हुई है। लड़के की पहचान नहीं हुई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक और युवती प्रेमी प्रेमिका हो सकते थे। आशंका जताई जा रही है कि किसी विवाद के कारण युवक ने युवती को मार डाला और फिर खुद सुसाइड कर लिया। युवती रंजन सोरेन नाम के व्यक्ति के घर में बतौर किरायेदार पिछले चार महीने से रह रही थी। युवती एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। गुरुवार की सुबह जब दस बजे के बाद भी युवती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तब मकान मालिक उसे देखने गए, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर दोनों के शव दिखाई दिए। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। बता दें एक फोटोग्राफर पतरस लकड़ा भी बुधवार से गायब है। इसकी जानकारी बरियातू थाना को दी गई है। इसकी भी स्कूटी चिरौंजी के पास लावारिश हालत में बरामद की गई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## पटरियों की खराबी की वजह से पलटी दिल्ली-कामाख्या एक्सप्रेस

*** शुरुआती जांच में हुआ खुलासा**



एजेंसी

**पटना :** दिल्ली-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के छह डिब्बे बुधवार रात को बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास उतर गए, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए. रेलवे ने इस मामले में जांच के आदेश दिए थे, जिसकी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आ गई है. जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतरने का संभावित कारण पटरियों में खराबी को माना जा रहा है. फिलहाल यह शुरुआती रिपोर्ट है. विस्तृत कारण उच्च स्तरीय जांच के बाद ही सामने आएगा.एक अधिकारी ने बताया, दिल्ली से असम जा रही ट्रेन के 23 डिब्बे बुधवार रात पटरी से उतर गए. पूर्व मध्य रेलवे के चीफ पीआरओ बीरेन्द्र कुमार ने कहा,घटना के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं. मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे.बिहार सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए चार - चार लाख रुपये की राशि देने का ऐलान किया है. बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मरने वाले चार लोगों में से एक बिहार का था जबकि बाकी दूसरे राज्यों के थे. पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने बताया कि प्राथमिकता पटरियों को खाली कराने की है. वह रास्ता बहाली के लिए किए जा रहे कामों की निगरानी में हैं.इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है. पीएम ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण लोगों की मृत्यु से दुखी हूं. शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद भारतीय रेलवे ने 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया और 21 ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित कर दिए गए.

## ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, 30 किलो हेरोइन के साथ 5 करोड़ कैश बरामद

एजेंसी

**श्रीनगर :** कश्मीर पुलिस ने ड्रग तस्करों के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने 30 किलो हेरोइन के साथ पंजाब के एक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इसके पास से करीब 5 करोड़ रुपये का कैश भी बरामद किया है. पुलिस का दावा है कि नशे की इस खेप को पाकिस्तान से पंजाब भेजा गया था.जम्मू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि यह मामला 30 सितंबर को उस वक्त सामने आया, जब ड्रग की बड़ी खेप के साथ कश्मीर से जम्मू की तरफ एक काफिला रवाना हुआ था. इस काफिले को रामबन में पकड़ा गया था. ड्रग पैडलर की गिरफ्तार कर मामले में आगे की जांच के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई.



डीजीपी के मुताबिक पुलिस ने कश्मीर के कुपवाड़ा से पंजाब की तरफ जा रही एक इनोवा से इस 30 किलो ड्रग्स की बरामदगी की. इसके बाद में मामले के सभी लिंक खंगाले गए. इसका सुराग कुपवाड़ा जिले में मिला, जहां से इस ड्रग्स की कंसाइनमेंट को पंजाब के नशा कारोबारी को सौंपा गया था. पुलिस ने इस मामले में कुपवाड़ा के 4 लोगों को भी पकड़ा है.डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि इस मामले के फॉरवर्ड लिंक टटोला गया और जम्मू पुलिस पंजाब के लुधियाना तक पहुंची. वहां पर पंजाब पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की गई, जिसके बाद पुलिस को नशे की कुछ और खेप मिलीं. इसमें इस गिरोह का सरगना मनजीत सिंह भी गिरफ्तार हुआ.पुलिस को मनजीत सिंह के पास से एक रिवाल्वर और 5 करोड़ कैश बरामद किया गया. इसके इलावा पुलिस को वाहनों के करीब 40 नंबर प्लेट, पंजाब पुलिस के अलग-अलग बैज और कुछ राजनीतिक दलों के झंडे भी मिले हैं. इस गिरोह का सरगना पुश्तैनी तौर से इस काम को अंजाम दे रहा था और इसमें पंजाब का बड़ा ग्रुप सक्रिय है. उसको जल्द ही बेनकाब किया जाएगा.डीजीपी ने दावा किया कि नशे की खेप को कश्मीर से पंजाब तक पहुंचाने के लिए न केवल ड्रोन्स का बल्कि फलों के वाहनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा था. जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए आरोपी अलग-अलग नंबर प्लेट्स लगाकर वाहन चलाते थे.

## ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में 125 देशों में भारत को दिया 111वां स्थान

### केन्द्र सरकार ने बताया सूचकांक भुखमरी का एक गलत पैमाना

एजेंसी

**नई दिल्ली** : ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 की रिपोर्ट में 125 देशों में भारत को 111वां स्थान दिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सूचकांक को भुखमरी का एक गलत पैमाना बताया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। इसमें ढेर सारी गंभीर पद्धतिपरक कमियां हैं। इस सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन संकेतक दरअसल बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं, अतः ये निश्चित रूप से पूरी आबादी के स्वास्थ्य को नहीं बता सकते हैं। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) जनसंख्या का अनुपात 3000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के तहत कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए कई प्रमुख गतिविधियों को प्राथमिकता दी है। पोषण ट्रैकर आईसीटी एप्लिकेशन को विकसित और लागू किया है। 13.96 लाख से




अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों को पंजीकृत किया गया है, जिससे 10.3 करोड़ से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं, जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे और किशोर लड़कियां शामिल हैं। पोषण ट्रैकर में डब्ल्यूएचओ की विस्तारित तालिकाओं को शामिल किया गया है, जो बच्चे की ऊंचाई, वजन, लिंग और उम्र के आधार पर स्टंटिंग, वेस्टिंग, कम वजन और मोटापे की स्थिति दिन-आधारित जेड-स्कोर प्रदान करते हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों में विकास मापदंडों को मापने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला स्तर पर और विश्व बैंक बिल, मिलिंडा और गेट्स फाउंडेशन आदि के माध्यम से चिकित्सा पेशेवरों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिसके लिए देश के प्रत्येक आंगनवाड़ी में विकास माप उपकरण प्रदान किए गए हैं। मंत्रालय के अनुसार यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और विश्व बैंक जैसे कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने पोषण ट्रैकर को पोषण के क्षेत्र में गेम-चेंजर के रूप में स्वीकार किया है। विश्व बैंक और यूनिसेफ ने पोषण ट्रैकर के संचालन में सहायता के लिए मंत्रालय के साथ मिलकर सहयोग किया है। अप्रैल 2023 से, पोषण ट्रैकर पर अपलोड किए गए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का माप डेटा लगातार बढ़ा है। अप्रैल 2023 में बच्चों की संख्या 6.34 करोड़ से सितंबर 2023 में 7.24 करोड़ हो गया। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में चाइल्ड वेस्टिंग यानि लंबाई के अनुरूप वजन कम होने के लिए उपयोग किए जाने वाले 18.7 प्रतिशत के मूल्य की तुलना में पोषण ट्रैकर, महीने-दर-महीने लगातार 7.2 प्रतिशत से नीचे रहा है। अप्रैल 2023 से, पोषण ट्रैकर पर अपलोड किए गए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का माप डेटा लगातार बढ़ा है - अप्रैल 2023 में 6.34 करोड़ (63.4 मिलियन) से सितंबर 2023 में 7.24 करोड़ (72.4 मिलियन) हो गया।

### विदेश मंत्री जयशंकर की बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा बढ़ा दी है. विदेश मंत्री की सुरक्षा बढ़ाकर जेड कैटेगरी की कर दी गई है. पहले उन्हें वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई थी.गृह मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो की थ्रेट रिपोर्ट के बाद विदेश मंत्री जयशंकर की सुरक्षा बढ़ाई गई है.

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में
कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम
Dr. Ramesh Kumar, MD, DNB, Medical Oncology
Dr. Shibaji Basu, MS, MCh, Onco.Surgery
Dr.Biplab Mishra, MBBS, DNB, Radiation Oncology
Dr Vivek Dokania, MS (ENT), Fellowship In Head & Neck Onco. Surgery.
दिन : सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 4 बज़े तक
9297970030
Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही चौक के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल की पहचान गिरिडीह जिले राजधनवार थाना क्षेत्र निवासी निखत प्रवीन उम्र 24 वर्ष, शाहिद अंसारी उम्र 22 वर्ष व कहकशा परवीन 8 वर्ष के रूप मे कि गई है।जानकारी अनुसार तीनों मोटरसाइकिल पर सवार हो कर इलाज हेतु डोमचांच जा रहे थे। इसी दौरान आगे जा रहे एक पिकअप के द्वारा एक मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में अचानक ब्रेक लगा देने से उक्त बाईक पिकअप से टकरा गया जिससे बाईक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों घायलों को नवलशाही थाना पुलिस द्वारा इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। चिकित्सकों ने शाहिद अंसारी का गंभीर अवस्था को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया वहीं निखत प्रवीन व कहकशा प्रवीन का इलाज जारी है।

## हादसा : सड़क हादसे में बाइक सवार सहित पांच लोग घायल, रेफर

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कलीडीह मिडिल स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल, बता दें कि मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक बासोडीह की ओर से कलीडीह की तरफ तेज रफ्तार में जा रहा था जहां पढ़ कर आ रही छात्रा को अपने चपेट में लिया जिससे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक एवं दो छात्रा बुरी तरह से घायल हो गए।वहीं घायल युवक की पहचान मिथिलेश कुमार उम्र 16 वर्ष पिता इंद्रदेव प्रसाद यादव ग्राम बाद, संदीप कुमार उम्र 21वर्ष पिता सुधीर प्रसाद यादव ग्राम बाद, विपुल कुमार उम्र 20 वर्ष पिता मदन प्रसाद ग्राम बाद का रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर दो घायल छात्रा पूजा कुमारी उम्र 16 वर्ष पिता कपिल देव प्रसाद यादव, सुलोचना कुमारी उम्र 17 वर्ष पिता स्वर्गीय धनेश्वर प्रसाद यादव दोनों छात्रा ग्राम बदाल की रहने वाली है।वहीं घायल युवक एवं युवती को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया।

## भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा ग्रामीण मंडल की एक बैठक विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर बूथ सशक्तिकरण के अंतर्गत बूथ सत्यापन की बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रवासी प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह उपस्थित हुए। बैठक में मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की बारी-बारी से समीक्षा कर सत्यापन किये ।साथ ही पथलडीहा पंचायत के बूथ संख्या 172 मे अनुसूचित जाति( दलित बस्ती) मे घर घर संपर्क कर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है ।कि नहीं इसकी जानकारी प्राप्त की है सभी ने प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का सराहना किया और पुनः नरेंद्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिए ।मौके पर शिवेंद्र नारायण सिन्हा, शिवलाल सिंह, सुधीर यादव ,भगवान दास साहू, वीरेंद्र यादव, काशी पंडित, राजकुमार यादव, गिरधारी साव ,मुंशी यादव, राजेश यादव, दीप नारायण सिंह, पंकज यादव ,देव प्रकाश यादव ,महेश यादव, पिंटू पंडित ,नकुल यादव, महेंद्र ठाकुर ,विनोद सिंह,नगीना पासवान, लक्ष्मण शर्मा यदि सभी बूथ के अध्यक्ष एवं संयोजक सहसंयोजक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## अग्रसेन भवन में मोबाइल के उपयोग पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

**झुमरीतिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन भवन में इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता हुई। इसमें 9 स्कूल के 18 बच्चों ने शानदार भागीदारी करते हुए पक्ष विपक्ष में जोरदार तरीके से प्रस्तुति दी। रांची से आए मुख्य अतिथि रिटायर्ड एडिशनल सेक्रेटरी के.के. खंडेलवाल ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए आईआईटी में सफलता संबंधी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सही तैयारी का अवसर मिले तो अच्छे रैंक के साथ आईआईटी में प्रवेश मिल सकता है। इसके लिये फैकल्टी में डेप्थ होना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया में आईआईटी की पहचान श्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज की रही है। उन्होंने अपने पढ़ाए सभी 16 बच्चों को आईआईटी में मिली सफलता संबंधी अनुभव भी शेयर किए। उल्लेखनीय है कि श्री खंडेलवाल गिरिडीह जिले के प्रथम आईआईटीयन और प्रथम आईएएस हैं। विशिष्ट अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि सेवा और समर्पण ही अग्रवाल समाज का मुख्य उद्देश्य है। विपदा के समय यह समाज अग्रणी भूमिका निभाता है। अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन के समय जब वर्षा नहीं होती थी, तब कुलदेवी के प्रयास से बरसात हो जाती थी। अपने सरनेम के अनुकूल अग्रवाल हमेशा समाज में अग्रणी रहते हैं।वरिष्ठ पत्रकार डॉ विष्णु राजगढ़िया ने भी कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। समाज के अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। सचिव हिमांशु केडिया ने महाराजा अग्रसेन का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया। जयंती संयोजक अरविंद चौधरी ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शिक्षा खेलकूद कला संस्कृति सहित छात्र सम्मान का आयोजन होगा। महाराजा अग्रसेन का सिद्धांत एक रुपया एक ईट आज भी प्रशांगिक है। यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर तक चलेगा।परियोजना निदेशक श्रेया केडिया एवं सारिका लड्डा ने मंच संचालन किया। उन्होंने आज के समय में मोबाइल विषय पर काफी जानकारी दी।आए हुए आगंतुकों, अतिथियों एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों प्राचार्यों ने वाद विवाद प्रतियोगिता के सुंदर आयोजन एवं प्रासंगिक विषय के चुनाव के लिए भूरि- भूरि प्रशंसा की।निर्णायक मंडल की भूमिका राकेश गुप्ता, वंदना अग्रवाल एवं रूबी गुटगुटिया ने निभाई। टाइम कीपर की भूमिका में नेहा बजाज उपस्थित थी। मुख्य अतिथि व विजेताओं के नाम की घोषणा पूर्व सचिव अजय अग्रवाल ने की।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रिज़ली विद्यालय के पुष्कर वाडेकर, द्वितीय शर्यंतिका मोदी डीएवी स्कूल एवं तृतीय खुशी कुमारी, ग्रिज़ली विद्यालय ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागी को मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो वे प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर के.के.सिंह, रमेश उपाध्याय, ओम प्रकाश राय, राधेश्याम पंडित, आर.डी. पांडेय, शर्मिष्ठा साहा, रविता उपाध्याय, सीमा जैन, वत्सल कंदोई,आदि थे ।

# जिले में संचालित विकास योजनाओं की गति को बेहतर बनाये रखने की आवश्यकता : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में जिला अन्तर्गत भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन आज दिनांक-11.10.2023 को समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने देवघर जिला अन्तर्गत चल रहे व लंबित भू अर्जन से संबंधित कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए कहा कि भू अर्जन से संबंधित कार्यों को किसी भी सूरत में लंबित न होने दें। साथ ही ऐसे कार्य में जो भी समस्याएं आ रही है उनका निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करें। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री विशाल सागर ने विभिन्न विकास कायों से जुड़े योजनाओं की समीक्षा करते हुए भू-हस्तांतरण, भू-अधिग्रहण, वन विभाग से अनापति प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से जुड़े क्लियरेंस लेने में हो रही देरी पर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्व्य के साथ कार्य करने का निदेश दिया, ताकि योजनाओं के लिए स्थल चिन्हित करने अथवा कार्य में देरी न हो व तय समअनुसार योजनाओं को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके। आगे उपायुक्त ने रेलवे, एनएचएआई, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आरओबी निर्माण आदि द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए भू-अर्जन के कार्यो को गति देने का निर्देश दिया। साथ ही भू-अर्जन, भू-हस्तांतरण व मुआवजे से जुड़े कार्यों को तय समय अनुसार पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिया। आगे उपायुक्त ने बासुकीनाथ-चितरा रेललाईन परियोजना, देवघर जिला अन्तर्गत विभिन्न पथ एवं अन्य परियोजनाओं, बासुकीनाथ-देवघर मार्ग, बाईपास रोड, एयरपोर्ट आदि के कार्यो की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही उपायुक्त ने भवनों के मूल्यांकण से जुड़े कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने म्युटेशन, दाखिल खारिज के अलावा मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजन कर जल्द से जल्द मामलों के निराकरण का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखण्डों के अंचलाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि म्युटेशन से जुड़े कार्यो का ससमय निष्पादन करें, ताकि किसी भी प्रोजेक्ट का म्युटेशन का कार्य लंबित न रहे। इस दौरान जिला भूअर्जन पदाधिकारी, चित्रा माइंस के जीएम, परियोजना निदेशक एनएचएआई, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर व मधुपुर, कार्यपालक अभियंता नगर परिष देवघर व मधुपुर, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मधुपुर प्रखण्ड में जागरुकता रथ निकाला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** हम बच्चों की यही पुकार, बाल विवाह है अत्याचार..हम बच्चों ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है.जैसे नारों के साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मधुपुर प्रखंडों के लिए जागरूकता रथ निकाला गया द्य अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में चेतना विकास ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से क्रेस्ट अलायंस, आश्रय, ग्राम ज्योति, प्रभा भारती, प्रेरणा भारती और नीड्स संस्थाओं के साथ मिलकर तीन दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त, देवघर' अभियान के जागरूकता सफ़र की शुरुआत की है. देवघर के उपायुक्त विशाल सागर एवं उप विकास आयुक्त कुमार तारा चंद ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर इस जागरूकता सफ़र को आगे बढाया द्य यहां से यह रथ मधुपुर प्रखंड के मिसरना, सापर, महतो बहियार एवं रतु बहियार गांव का भ्रमण किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मधुपुर प्रखंड के सभी पंचायत में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल शोषण आदि मुद्दों को लेकर जागरूकता फैलाना है साथ ही साथ अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ना भी है ताकि बाल हितैषी गांव एवं बाल हितैषी पंचायत बनाने की परिकल्पना साकार हो सके साथ ही बाल विवाह मुक्त देवघर बन सके।

## अवैध माइका खनन रोकने को लेकर वन विभाग व पुलिस की छापेमारी, एक जेसीबी वाहन जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा ज़िले के वन परिक्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कार्य जारी है. वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीम छापेमारी कर जे सी बी वाहन को जप्त किया गया।इसी कड़ी में रेंजर रविंद्र कुमार व डोमचांच पुलिस व ढाब पुलिस के द्वारा मासनोडोह के क्षेत्र जंगल में मेन पहाड़ी अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन जब्त किया है. रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मेन पहाड़ी में छापेमारी कर अवैध खनन में एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है, जबकि चालक फरार हो गये. इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं. उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा. जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है.

## नियमित जलापूर्ति देने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने विगत 17 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने एवं इस महीने में सिर्फ एक दिन गंदे पानी की आपूर्ति पर नगर पंचायत के साथ ही कार्यपालक अभियंता, जल एवं स्वच्छता विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न खड़ा किया है। कोडरमा मुख्यालय में कई महीनों से महीने में 2 से 4 दिन ही जलापूर्ति की जाती है और नगर पंचायत के प्रशासक पानी के बिल हेतु लोगों को डरा रहे हैं एवं इस विषय पर यहां के जनप्रतिनिधि के साथ ही पदाधिकारी भी चुप्पी साधे रहते हैं। दुर्भाग्य यह है कि यहां का कुआं एवं बोरिंग का पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, यही कारण है कि यहां के निवासियों को जलापूर्ति पर पूर्णतया निर्भर रहना पड़ता है। एक तरफ सरकार द्वारा हर घर नल की बात की जाती है एवं इस पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं पर यह सफेद हाथी बन गया है और सरकार के मुखिया भी अपनी उपलब्धियां गिना अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, पर धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता। जलापूर्ति की समस्या के पूर्ण समाधान हेतु स्थाई लोक अदालत में पीएलए नंबर 833/ 23 द्वारा केस दर्ज कर कार्यपालक अभियंता एवं प्रशासक नगर पंचायत को पार्टी बनाया है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतगावां :** प्रखण्ड अंतर्गत मरचोई पंचायत सचिवालय में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत के उप मुखिया सौरभ कुमार ने की,बता दे की पंचायत के सभी जल सहिया, वार्ड सदस्यों, आंगनबाड़ी सेविका, को जल की गुणवत्ता जांच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला से आए जल जीवन मिशन के क्वालिटी मैनेजर राम पुकार प्रसाद एवं उनके सहयोगी लैब असिस्टेंट मनीष कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जयराम कुमार, ने सभी जलसहिया को जल की गुणवत्ता जांच करने हेतु फील्ड टेस्ट किट दिए, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आज दुष्ट जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है, उन्होंने कहा कि अगर हम अपने-अपने पेयजल स्रोत की जांच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई बीमारियों से निजात पा सकेंगे।

## लगभग 10,करोड़ 54 लाख रूपया से होगा 9.600 किलोमीटर करो प्रखंड के ग्राम पांचगाड़ियां से आसनसोल कुचला पहाड़ी चकदाहा नंदूवाडिह पथ निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** मधुपुर विधानसभा में वर्षो से उपेक्षित एक ग्रामीण सड़कों का निर्माण करीब 10 करोड़ 54,लाख रूपया खर्च कर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इन सड़कों का निर्माण कराने की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। मधुपुर विधानसभा के करों प्रखंड के ग्राम पांचगाडिया आसनसोल, कूचला पहाड़ी चकदाहा नन्दुआडीह देवपुर से लालपोखार कोलडीह गांव तक 10,करोड़ 54 लाख की लागत से 9,600, किलोमीटर पथ निर्माण कार्य होगा। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस बाबत सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण,कला-संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद, युवा



कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन सड़कों के निर्माण को लेकर मैंने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को पत्र लिखा था। विभाग द्वारा तत्संबंधित आदेश निर्गत हो चुका है। शीघ्र ही इन सड़कों का निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा और उस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। जनता से किये गए हर वादे को निभाने को मैं तत्पर हूं,हफीजुल हसन ने कहा हमारी सरकार सभी को पेंशन देने का काम, लोगों को साल में दो बार निशुल्क वस्त्र देने का काम, राज्य की बच्चियों को सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के तहत लाभ देने , उत्कृष्ट विद्यालय शुरू करने, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी, पुलिस कर्मियों को हक-अधिकार देने का काम, जैसे अनेकों काम सरकार ने किये हैं। राज्य के अंदर कार्य व्यवस्था स्थापित करते हुए एक जिम्मेदार व्यवस्था बनाने का कार्य सरकार कर रही है।

## उपायुक्त ने की दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आगामी त्योहारों को लेकर जिले के एसपी, एसडीएम, वरीय पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर उपायुक्त ने जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों, शांति समिति, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ/शराब से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गई।

**संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए हुए करें आवश्यक कार्रवाई**

उपायुक्त ने जिले में लाइसेंसी और गैरलाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली। साथ ही संवेदनशील स्थानों को जानकारी लेते हुए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने को कहा गया। किसी प्रकार की छोटी से छोटी घटनाएं की सूचना तत्काल पदाधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अन्य सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पूजा के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण करेंगे। आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देश दिये कि थाना से समन्वय स्थापित करते हुए पूजा पंडालों और विर्सजन के रूट का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि पूजा समिति के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना है, साथ ही पंडालों में वालिंटियर की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने का निर्देश नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/ डोमचांच को दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिये कि त्योहार के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## मरकच्चो : अज्ञात चोरो ने की पांच घरों में चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्बलानगर तथा पुनर्वास अरकोशा में बीती रात अज्ञात चोरो ने पांच घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वही कर्बलानगर निवासी समसूल अंसारी ने अज्ञात चोरो के खिलाफ आवेदन दिया है। आवेदन में कहा कि रात में हम पक्का के मकान में सोने चले गए थे वही मिट्टी के मकान में रखे कीमती कपड़े, कागजात तथा एक जोड़ी 15000 हजार की कानवाली को अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया है। वही कर्बला नगर के सबाउद्दीन अंसारी, इस्लाम मियां, अरमान अंसारी तथा पुनर्वास अरकोशा निवासी मुरारी कुशवाहा एवम एक अन्य के घरो में भी चोरों ने कीमती सम्मान की चोरी कर ली है।

## उपायुक्त ने की डीईजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों के निस्तारण करने को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डीईजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों के निस्तारण करने को लेकर बैठक किया गया। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, सभी अंचल कार्यालय, डोमचांच व नगर पंचायत,झुमरी तिलैया नगर परिषद, जिला आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, रजिस्ट्री कार्यालय, श्रम, नियोजन कार्यालय , कृषि विभाग, बैंक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,खनन विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य विभागों के पीजी पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को पोर्टल पर लंबित आवेदनों को निस्तारण करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनाओं से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करेंगे। आवेदनों के निस्तारण को लेकर वरीय पदाधिकारी को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या का समाधान करेंगे। आमजन कार्यालय का चक्कर न काटें, इसके लिए समस्या का सुनते हुए उसका समाधान करेंगे। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली के डीलर से समन्वय स्थापित कर राशनकार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूक करने को कहा गया। साथ ही राशन वितरण को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले में संचालित सी.एस.सी का सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सीएससी मैनेजर को दिया गया। कोडरमा में संचालित डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक प्रशिक्षण सेंटर के संचालन को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

## बाल विवाह से आजादी अभियान को धर्म गुरुओं का भी मिला समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** बाल विवाह से आज़ादी अभियान को विभिन्न धर्म गुरुओं ने भी अपना समर्थन दिया और बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के लिए समाज से आगे आने की अपील किया. उक्त निर्णय आज होली फैमिली सभागार में आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से लिया गया. बाल विवाह से आजादी के लिए आयोजित इस सम्मेलन में हिन्दू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई धर्म के प्रतिष्ठित धर्म गुरु शामिल हुए एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए । बैठक को सम्बोधित करते हुए मौलाना मोजाहिद अंसारी ने कहा कि ÷तालीम एवं जागरूकता से ही हम लोग बाल विवाह और बाल श्रम जैसी बुराइयों को समाप्त कर सकते हैं।इसके लिए गांव के स्तर पर छोटे-छोटे समूह बनाकर बच्चों की निगरानी कर उनकी शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।वहीं गुरूद्वारे से आये हरभजन सिंह ने बाल विवाह से आज़ादी के लिए अभियान के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा हम सभी धर्मो का नैतिक कर्तव्य है,जिसे हम सभी लोगों को मिलकर पूरा करना चाहिए। सिख समुदाय बाल विवाह जैसे सामाजिक अपराध को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी के साथ मिलकर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर के कार्य्रकम में अधिक से लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है तभी समाज में जागरूकता आएगी.ईसाई धर्म से होली फैमिली की सिस्टर लीला जोसे ने कहा कि ÷कम उम्र में शादी से बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है. बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करना हम सभी का फर्ज है।÷प्रसिद्ध मंदिर ध्वजाधारी से आये पंडित प्रदीप पांडेय ने कहा कि ÷ बच्चे ईश्वर के तोहफे हैं, बाल विवाह जैसे सामाजिक बुराई से बचाव के लिए समाज में लोगों को जागरूकता करना होगा. बैठक को सम्बोधित करते हुए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के वरीय निदेशक ओमप्रकाश पाल ने देश में व्याप्त बाल विवाह की समस्या और उसके समाधान के लिए बाल विवाह से आज़ादी अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्री दुर्गा मंदिर पूजा समिति पत्ता से पंडाल का कर रही निर्माण

**रांची** : नामकुम के सदाबहार चौक स्थित श्री श्री दुर्गा मंदिर पूजा समिति की ओर से हुगला- ताड़ के पत्तों से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। समिति के सचिव मनोज कुमार ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगर के जरिये किया जा रहा है। दुर्गा मंदिर के नामकुम प्रखंड के सभी पंचायतों से दर्शन के लिए ग्रामीण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर श्रद्धालुओं के विशेष व्यवस्था की गई है। इनमें महाभंडारा, आर्केस्ट्रा और मेला का शामिल है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, आनंद नारायण सिंह, नीरज कुमार,, रणजीत पात्रा, कौशल सिंह, अमित कुमार, नीतेश चेलानी, शैलेन्द्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है।

### आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट लापता

**रांची** : आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट पतरस लकड़ा के लापता होने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। पतरस लकड़ा बुधवार शाम को ऑफिस से घर के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार पतरस लकड़ा जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे कॉल लगाया लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसके परिजनों ने बरियातू थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। पतरस लकड़ा का स्कूटी, हेलमेट सहित अन्य समान चिरौदी पहाड़ के पास से बरामद हुआ है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# लाठी चार्ज के विरोध में एचईसी कर्मियों ने जमकर किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एचईसी के कामगारों के भुगतान को लेकर एचईसी कर्मियों सी आइएसएफ जवानों की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को एचईसी का मेन गेट जाम कर दिया। एचईसी कर्मी बुधवार को महीनों से लम्बित वेतन के भुगतान की मांग को लेकर एचईसी के निदेशकों के पास पहुंचे थे। लेकिन जब बात नहीं बनी तो कर्मियों ने एचईसी के निदेशकों को 9 घंटे तक बंधक बना कर रखा। हालांकि बाद में सीआईएसएफ जवानों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग किया। निदेशकों को कर्मियों से छुड़ाने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। पुलिस के लाठी चार्ज में करीब आधा दर्जन एचईसी कर्मी घायल भी हुए। एचईसी कर्मियों ने एचएमबीपी बिल्डिंग में तीन निदेशकों को बंधक बना लिया था। जिन्हें पुलिस ने बाहर निकाला। निदेशक न तो कर्मियों से




वार्ता के लिए तैयार थे और न ही वेतन भुगतान के बारे में कुछ भी स्पष्ट करने की स्थिति में थे। इसी से नाराज होकर एचईसी कर्मियों ने उत्पाद निदेशक, वित्त निदेशक और मार्केटिंग निदेशकों को बंधक बना लिया। सभी निदेशक करीब 9 घंटे एचएमबीपी बिल्डिंग में बंधक बने रहे। जिन्हें सीआईएसफ जवानों ने लाठी चार्ज कर छुड़ाया।

**एचईसीसी कर्मियों के वेतन भुगतान राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है:** बता दें, महीनों से एचईसी कर्मियों के वेतन भुगतान का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है। पिछले दिनों रांची के सांसद संजय सेठ और पलामू के सांसद बीडी राम ने भारी उद्योग सचिव अरुण गोयल से नई दिल्ली में मुलाकात की। केंद्र सरकार के भारी उद्योग सचिव से मुलाकात के दौरान सांसदों ने उन्हें एचईसी की स्थिति से अवगत कराया। लंबे समय से चल रही मजदूरों की हड़ताल, मजदूरों की आर्थिक स्थिति, उनकी पारिवारिक स्थिति के साथ एचईसी की जमीनी हकीकत से भी रूबरू कराया। वहीं इंडिया महागठबंधन के सभी राजनीतिक दलों ने भी धरना प्रदर्शन कर एचईसी कर्मियों के लिए मांग कर रहे हैं।

# रांची : राज्य के 27 न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का हुआ तबादला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 27 न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति के बाद ट्रांसफर-पोस्टिंग की गयी है, उसमें सत्यपाल, धर्मेंद्र सिंह, कुमार कांति प्रसाद,संजीव कुमार वर्मा, प्रफुल्ल कुमार, कुसुम कुमारी, निरुपम कुमार, शैलेंद्र कुमार, सूरज प्रकाश ठाकुर, शंकर कुमार महाराज, मिथिलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार (3), शेखर कुमार, संजय कुमार (3), फहीम किरमानी, आनंद मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार शर्मा, सूर्य मणि त्रिपाठी, कुमारी वैशाली श्रीवास्तव, लक्ष्मीकान्त, संतोष आनंद प्रसाद, कुलदीप, ऋत्वा श्रीवास्तव, सुनील दत्त द्विवेदी, निशांत कुमार, पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी, मंजु कुमारी और नीरज कुमार का नाम शामिल है।

**जानें कौन कहां गए**

कुमार कांति प्रसाद - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - सरायकेला खरसांवा
संजीव कुमार वर्मा - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- गिरिदीह
सत्यपाल -जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश -चतरा
धर्मेंद्र कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - दुमका
प्रफुल कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - धनबाद
कुसुम कुमारी - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - रामगढ़
निरुपम कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - गोड्डा
शैलेंद्र कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश -रांची
सूरज प्रकाश ठाकुर - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - चतरा
शंकर कुमार महाराज -जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–डाल्टनगंज
मिथिलेश कुमार सिंह - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - रांची
अशोक कुमार(3) - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - देवघर
शेखर कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - साहेबगंज
संजय कुमार सिंह(3) -जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - धनबाद
आनंद मणि त्रिपाठी - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - जमशेदपुर
मनोज कुमार शर्मा - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - गुमला
सूर्य मणि त्रिपाठी -जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - तेनुघाट
वैशाली श्रीवास्तव - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - कोडरमा
19. लक्ष्मीकांत- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - गिरीडीह
संतोष आनंद प्रसाद - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश -गढ़वा
कुलदीप-जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - धनबाद
पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी -जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - खरसांवा
ऋचा श्रीवास्तव - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - गोड्डा
सुनील दत्त द्विवेदी - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - रांची
हजारीबाग़ , मंजू कुमारी - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - सरायकेला
निशांत कुमार - जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - जमशेदपुर शामिल हैं।

# राज्यपाल से मिले विधायक कमलेश सिंह, सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची : रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को विधानसभा सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने राजभवन में भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन के माध्यम से पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के एक वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी शिक्षा प्रारम्भ नहीं होने पर ध्यान दिलाया।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत को लेकर अजयनाथ ने शुरू की तैयारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सेक्टर-2 स्थित ग्वाला बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस पार्टी की हटिया विधानसभा समन्वय समिति की एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कांग्रेसजनों से संवाद कर संगठन सशक्तिकरण और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु रणनीति पर अपनी बातों को रखा। बैठक में केशव महतो कमलेश, अनादी ब्रह्म, रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा, रांची महानगर महिला कांग्रेस की



अध्यक्ष नीतू देवी, रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मेरी तिर्की, प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत, रमा खलखो, वेद प्रकाश मिश्रा ने भी कांग्रेसजनों के समक्ष बातों को रखा।मंच संचालन कमल ठाकुर के द्वारा किया गया।

इस बैठक में हटिया विधानसभा अंतर्गत सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, मंडलङ्कपंचायतङ्कवार्ड अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर रिलीज हो रही फिल्म, अब तो सब भगवान भरोसे

**राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को पूरे देश भर में रिलीज हो रही है**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गुरुवार की शाम कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी के स्टूडियो थिएटर में फिल्म सब भगवान भरोसे में काम कर चुके स्थानीय कलाकारों के साथ एक्टिंग स्टूडेंट्स का एक इंटरएक्टिव सेशन रखा गया, जिसमें शामिल् थे पंकज सिन्हा, जितेंद्र वाढ़ेर, विक्की माधवन, निलेश कुमार, अंश कुमार और साहिल शर्मा। फिल्म सब भगवान भरोसे 13 अक्टूबर यानि कि राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को पूरे देश भर में रिलीज हो रही है। प्लाटून वन बैनर तले बनी इस फिल्म के लेखक है सुधाकर नीलमणि एकलव्य, जबकि इस फिल्म से शिलादित्य बोरा बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। गौरतलब है कि फिल्म की पूरी शूटिंग देवघर में संपन्न हुई है, जिसकी वजह से स्थानीय कलाकारों को भी अच्छे किरदार निभाने का मौका मिल पाया, जिसमें पंकज सिन्हा व जितेंद्र वाढ़ेर ने शिक्षक की भूमिका निभाई है, जबकि झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी से अभिनय की ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके विक्की माधवन, निलेश कुमार, अंश कुमार, और साहिल शर्मा ने ग्रामीण की भूमिका में अपनी छाप छोड़ी है। मौके पर सभी कलाकारों ने स्टूडेंट्स के सवालों बखूबी जवाब दिया।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिलास्तरीय समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिये मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत कुल 542 लाभुकों के लिए राशि की अनुशंसा की गयी।




समिति द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राँची जिलान्तर्गत कुल अनुशंसति 542 लाभुकों में अनुसूचित जनजाति के 189, अनुसूचित जाति के 36 एवं पिछड़ी जाति के 317 लाभुक शामिल हैं। सिविल सर्जन रांची द्वारा अनुशंसित अनुसूचित जनजाति के 189 लाभुकों के लिए 12 लाख 49 हजार, अनुसूचित जाति के 36 लाभुकों के लिए 02 लाख 32 हजार एवं पिछड़ी जाति के 317 लाभुकों के लिए 19 लाख 77 हजार की राशि की अनुशंसा की गयी है। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड स्तर पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करते हुए योजना का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता एक नवम्बर से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत से लेकर राज्यस्तरीय होगा। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खेल कैलेंडर के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया है। साथ ही पंचायत स्तरीय और प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित



फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिप्स जिला खेल पदाधिकारी को जमा करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता इस वर्ष कुल पांच स्तर पर आयोजित की जायेगी। इनमें पंचायत, प्रखंड, जिला, जोनल और राज्य शामिल हैं। पंचायत स्तर की प्रतियोगिताएं एक नवम्बर से 18 नवम्बर, प्रखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 28 नवम्बर से 06 दिसम्बर, जिला स्तर की प्रतियोगिता 11 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, जोनल स्तर पर 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर और राज्य स्तर पर 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

# शव के साथ परिजन व बस्ती के लोगों ने मेकॉन गेट के पास किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रामनाथ की मौत के बाद परिजनों व बस्तियों के लोगों ने शव के साथ मेकॉन गेट पर धरना दे दिया। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

बता दें कि मेकॉन कॉलोनी की सुरक्षा संभाले रहे सुरक्षागार्डों के द्वारा मारपीट की घटना के बाद रामनाथ महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद आक्रोशित परिजनों और बस्ती के लोगों ने मेकॉन गेट की घेराबंदी कर दी। जिस कारण से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया हैं। रामनाथ महतो के शव को मेकॉन गेट के समक्ष रखकर नारेबाजी कर रहे हैं। इधर, सूचना मिलने के बाद डोरंडा पुलिस मौके पर पहुंची हैं। दरअसल बुधवार को खटाल में रहने वाले लोग आक्रोश में मेकॉन कॉलोनी की सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए कंट्रोल रुम तक पहुंच गए थे। और जमकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी, एयरपोर्ट थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया। घंटों मशक्कत करने के बाद हंगामा को शांत कराया गया था। मृतक रामनाथ महतो ने मामूली दुर्घटना में गार्ड से 50 हजार रुपये की डिमांड किया था। पैसा ज्यादा और नहीं देने के कारण मेकॉन की सुरक्षा में तैनात गार्ड सभी ने मिलकर रामनाथ महतो की जमकर मारपीट कर दी थी। घायल रामनाथ महतो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रामनाथ महतो की मौत बुधवार को हो गयी थी। अब परिजन अस्पताल का खर्च और आश्रीत को नौकरी दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### राज्यपाल ने बिहार ट्रेन हादसे पर जताया शोक



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ट्रेन दुर्घटना में मृत चार यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने गुरुवार को ट्वीट करके कहा कि बुधवार रात दिल्ली से कामख्या जाने वाली नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बक्सर, बिहार के निकट रघुनाथपुर के पास दुर्घटना दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने दुर्घटना में घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# मोराहबादी से बोरिया तक पल्स हॉस्पिटल तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों को जाम तथा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन, यातायात पुलिस तथा रांची नगर निगम के द्वारा संयुक्त रूप से मोराहबादी अंतु चौक से बोरिया तक तथा पल्स हॉस्पिटल, बरियातु से हिल व्यू चौक तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस क्रम में नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया एवं सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की



गई। साथ ही अवैध रूप से संचालित तथा अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया। फल-सब्जी विक्रेताओं एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के द्वारा कूड़ा एवं गंदगी फैलाने वालों पर भी अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इसके अलावा रोड में पड़े निर्माण सामग्री पर भी जुर्माना लगाया गया।बता दें अतिक्रमण हटाओ अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों एवं विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया गया था, जिसके उपरांत निगम द्वारा समान जब्त करते हुए कार्रवाई की गई एवं जुर्माना वसूला गया। इस क्रम में रु0 25,000 का जुर्गाना रांची नगर निगम द्वारा वसूला गया। ज्ञात हो की रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम द्वारा प्रतिदिन अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है और नो वेंडिंग जोन में सड़क किनारे अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, गंदगी तथा निर्माण सामग्री फैलाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है एवं अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाया जा रहा है तथा जुर्माना भी वसूली की जा रही है गई।

# झारखंड से दक्षिण भारत की ओर जाने वाले ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों के मार्ग में गुरुवार को बदलाव किया गया है। ये बदलाव दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यो की वजह से हुआ है। इसमें ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अल्लपुझा एक्सप्रेस की यात्रा 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम और एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 12835 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 22837 हटिया एर्णाकुलम एक्सप्रेस की यात्रा 16 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग



परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 18111 टाटानगर यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 19 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर यशवंतपुर तक जायेगी। ट्रेन संख्या 12889 टाटानगर सर एम विश्वेश्वरैय्या टर्मिनल बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जाएगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस 15 से 20 अक्टूबर तक परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर एलेप्पी स्टेशन तक जाएगी।18 अक्टूबर को ट्रेन संख्या 12376 जसीडीह ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जाएगी।

# मुख्यमंत्री आज पर्व त्योहार को लेकर करेंगे सुरक्षा की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 अक्टूबर को पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के समीक्षा के पहले बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पर्व त्योहारों को लेकर जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की थी। बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर डीजीपी ने जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों, शांति समिति सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध



खनन, अवैध मादक पदार्थ, शराब, भूमि विवाद से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की थी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का जिला स्तरीय कला-उत्सव 2023-24 में शानदार प्रदर्शन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला- उत्सव 2023- 24 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा अवनि चैधरी ने शास्त्रीय नृत्य (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ऋतुराज रॉय ने विजुअल आर्ट टू डाइमेंशनल (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की रोहिणी राज ने लोकगीत (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम् के सार्थक लाल ने लोकगीत (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही 11वीं कक्षा के साहिल ने अवनद्य वाद्य- संगीत वादन (बालक वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अवनि चैधरी, ऋतुराज रॉय और रोहिणी राज को कला-उत्सव के राज्य स्तर के लिए भी चयनित किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों की उपलब्धि पर गौरवान्वित है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के परिश्रम और लगन की प्रशंसा की और उन्हें कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया।




## पूर्व विधायक बन्धु तिर्की ने शोकाकुल परिवार से मिल किया आर्थिक सहयोग

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के सुदूरवर्ती गाँव पहाड़टोली पहुंच कर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की ने मृतक पिहो देवी के परिवार से मिले। विगत दिन पिकअप वैन के चपेट में आने से पिहो देवी (67) का इलाज उपरांत मृत्यु हो गयीं थी,जिसके सुचना मिलने पर श्री तिर्की ने शोक संतत परिवार से मुलाक़ात कर अपनी गहरी संवेदना प्रगट किया। साथ ही क्रिया करम के लिए आर्थिक मदद और खाद्य समाग्री उपलब्ध कराया, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के हृदय विदारक घटना से पूरा परिवार बिखर जाता है और स्तिथि और खराब हो जाती है ज़ब परिवार के अधिकांश लोग विकलांग हो, भविष्य में हर मदद का भरोसा भी उन्होंने दिया,÷÷ और एक घटना ज़ो विगत दिन हर्रा गाँव में टैक्टर चालक एतवा उरांव (40) का दुर्घटना होने से मृत्यु हो गयीं थी जिसकी भी सुचना मिलने पर श्री बंधु तिर्की ने मृतक के घर घुघरी जाकर परिजनों से मुलाक़ात कर आर्थिक मदद किया।



## 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में गुरुवार को 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर श्री नितीन कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 31 प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। नितिन कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को खुद का स्वरोजगार और बैंक से जुड़ने का संदेश दिया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने बैंक से लोन लेकर खुद स्वरोजगार कैसे करेगे विस्तार से बताया साथ ही इस समारोह मे आए हुए मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिए । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो , दशरथ महतो, महेश, रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।



## हाईमास्ट लाइट लगाने को लेकर भूमि पूजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के बुढ़ाआम रघुनाथ चौक और सिल्ली के समुदायिक अस्पताल के समीप थाना चौक पर बुधवार को हाई मास्ट लाइट लगाने को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व सुनील सिंह ने किया। जयपाल सिंह ने बताया कि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की पहल पर ज्रेडा की ओर से हाई मास्ट लाइट लगाई जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र के और कई चौक चौराहे हाई मास्ट की रोशनी से रोशन होंगी। इससे लोगों को चौक चौराहों पर अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर थाना प्रभारी आकाशदीप, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, सिल्ली नगर अध्यक्ष भरत देव साय, महावीर महतो, डबलु महली, परिक्षित मसली, निर्मल मंडल, हेमंत नायक, बादल मुंडा, त्रिलोचन महतो,सुबास महतो, जगदीश महतो, मंटु महतो, तरुण महतो, रामकुमार मोदक, करन महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।



## ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क बनाया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जुरदाग पंचायत अन्तर्गत तुयू गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान से एक किलोमीटर मिट्टी मोरम सड़क का मरम्मत किया गया. ग्रामीणों के श्रमदान कार्य के दौरान झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत तोपनो ने ग्रामीणों आर्थिक सहायता के लिए राशि देकर सहयोग किया. ग्रामीणों ने। बताया कि जलटंडा-टुनगांव मुख्य सड़क से तुयू गांव जाने वाली प्रमुख पथ काफी दिनों काफी जर्जर हो गया था और जगह-जगह पर बड़ा-बड़ा गड़्हा था जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी सड़क कि जर्जर स्थिती को देखते हुए ग्रामीणों गुरूवार को ग्राम सभा बैठक पर निर्णय लेकर श्रमदान से करीब एक किलोमीटर रोड़ मरम्मत किया.



# अनिता महतो को प्रोत्साहन राशि न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : कमलेश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** झारखंड सरकार गुरुवार को झारखंड के खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया। परंतु इस कार्यक्रम में कांके प्रखंड की हुंदुर पंचायत की चारीहुजीर निवासी अंडर 17 फुटबॉल खिलाड़ी अनिता महतो जो की फीफा वर्ल्ड कप भी खेल चुकी है, उसे सम्मान राशि नहीं मिल रहा है। जिसको लेकर कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता कमलेश राम ने कड़ी निन्दा व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अनिता महतो हमारे विधानसभा क्षेत्र की लड़कियों की प्रेरणा है, जिसने अपनी प्रतिभा का लोहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है। उसके साथ अंडर 17 फीफा वर्ल्ड कप में खेले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। और एक एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। परंतु काफी दुर्भाग्य की बात है की हमारे क्षेत्र की खिलाड़ी को सम्मानित नही किया जा रहा है। एक लाख कोई बड़ी राशि नहीं है, परंतु सरकार की इन लापरवाहियों से खिलाड़ियों का मनोबल टूटता है। इसीलिए सरकार से आग्रह है कि अपनी गलती सुधार कर सम्मान से वंचित सभी खिलाड़ियों को पुनः कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से अनिता बहन के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा साथ ही हरसंभव मदद के लिए सदैव तैयार हूं तथा झारखंड के मुख्यमंत्री और खेलमंत्री को पत्र लिख इस विषय से अवगत कराऊंगा और जल्द से जल्द बहन को सम्मान दिलाने का प्रयास करूंगा।

## आपसी समन्यवय ही सफलता और विकास की निशानी है : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में विकास योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ के रूप में प्रथम बैठक का शुरूवात औपचारिक परिचय प्राप्त कर किया गया। बैठक में बीडीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि हम सब एक परिवार के सदस्य हैं। हम सब आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को करें तभी क्षेत्र का विकास शत प्रतिशत हासिल हो सकता है। संपूर्ण प्रखंड की जनता उम्मीद भरी नजरों से हमारी तरफ देखती है यह जरूरी है कि हम उनकी उम्मीद में खरे उतरें। और यह तभी संभव होगा जब हम कदम से कदम मिलाकर विकास की राहों में साथ चलते रहेंगे। इस अवसर पर बीडीओ सुमंत तिर्की ने मनरेगा योजनाओं की जानकारी ली साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने चल रहे कार्यों में प्रगति लाने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि कार्य करने में किसी भी तरह की दिक्कत या परेशानी होती हो तो आप बेझिझक हमसे अपनी समस्याएं सझा कर सकते हैं हम सब मिलकर परेशानियां और समस्याओं का समाधान करेंगे।

## राहे के मांझीडीह के समीप बुलेट ने धक्का मारा, इलाज के दौरान एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राहे :** रांची जिला अंतर्गत राहे ओपी क्षेत्र के कापीड़ीह निवासी मृत्युंजय कोइरी राहे बाजार से घर वापस आ रहे थे इसी क्रम में ओपी क्षेत्र के मांझीडीह गाँव के समीप JH05BP 5328 रजिस्ट्रेशन नंबर के बुलेट से आ रहे व्यक्ति ने काफी तेज गति से मोटरसाइकिल से मृत्युंजय कोइरी को पीछे से धक्का मारा जिससे पैदल आ रहे मृत्युंजय कोइरी गम्भीर रूप से घायल हो गया।

तत्काल घायलवस्था में इलाज के लिए उसे मुरी स्थित सिंगपुर नर्सिग होम ले जाया गया जहां इलाज के दौरान बीते देर शाम 8:30 के लगभग मृत्युंजय कोइरी की मृत्यु हो गई।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए सोचने का नजरिया बदले : दीपक कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जीवन में आगे बढ़ने के लिए सोचने का नजरिया बदले। छोटे-छोटे विचार में बहुत ताकत होती है। इन छोटे विचार को उद्यम में बदलकर संतुलित अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। उक्त बातें आइ आइ एम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहीं। वे आज उषा मार्टिन एवं मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टैली कोर्स के सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा ज्ञान के साथ कौशल विकास जरूरी है। इसे तेजी से प्रयोग में लाकर सफल उद्यम की स्थापना संभव होगा। हमें यह सिखने की जरूरत है कि कैसे कौशल प्रबंधन के साथ बेहतर तरीके से संस्था की उत्पादकता को बढ़ाया जाए। विचार के युग में हमें प्रयोगधर्मी होना होगा। असफलता से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि उससे सीखने एवं सफलता के लिए उसके सीख को उपयोग करने की जरूरत है। उषा मार्टिन के एच0आर0 हेड एन0एन0 झा ने कहा कि ग्रामीण युवाओं के लिए टैली का कोर्स आत्मनिर्भरता की दिशा में शुरूआत है। इसके साथ बेहतर संवाद की शैली एवं नयी-नयी जानकारी के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने में कंपनी सहयोग करेगी।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
T. Reference No. :- DWSD/KH-04/2023-24 (2nd Call)
Date-12.10.2023

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti -(R), Murhu, Karra, and Torpa Block under J.J.M | | | | |
| 1 | Hatudami Group of SVS under Block- Khunti | 833256.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 2 | Buruhatu Group of SVS under Block- Khunti | 7111171.00 | 143000.00 | 10000.00 | 9 Months |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 13.10.2023/05.00 PM. | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 13.10.2023/05.00 PM. | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 20.10.2023/05.00 PM. | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 25.10.2023/02.00 PM. | | | |
| F) | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| G) | Date of Opening of Tender | 26.10.2023/11.00 AM. | | | |
| H) | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Wate r & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| I) | Name & Address of opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | 7717776462 | | | |

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 308928 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना परिसर में गुरूवार को दुर्गा पूजा को लेकर बीडीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बेड़ो थाना क्षेत्र में 8 जगह दूर्गा पूजा पंडाल और 4 रावन दहन किया जायगा। बैठक में दुर्गा पूजा शांति व सद्भावना पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ सुमंत तिर्की ने सार्वजनिक हित में पूजा समितियों के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किये।

जिसमें पूजा स्थल में समिति का गठन करने, स्वयं सेवक नियुक्ती करना,जनता सम्प्रेषन प्रणाली,प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, अगल लाईन महिला पुरुष, शौचालय महिला / पुरुष - साफ सफाई की व्यवस्था, अग्नीशामक बालू का बोरा, बिजली का तार खुला नहीं रहना (पूर्व में बिजली विभाग से परमिशन लेना है), प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शित करना, बिजली तार एवं पॉल से पर्याप्त दूरी, नायलोन एवं सेन्थेटिक कपड़ा के इस्तेमाल से बचे,पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पूजा पण्डाल के समिति के पदाधिकारियों का एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के दुरभाष संख्या एवं नाम का प्रदर्शित करना, ध्वनी विस्तारक यंत्र का श्रव्य सीमा के अंदर उपयोग करना, रात्रि के 10֊00 से सुबह 6֊00 बजे तक डी. जे. का प्रयोग नहीं करना, पण्डाल के अंदर आरती के समय सावधानी बर्तना, पेयजल की व्यवस्था, पण्डाल या मेला के समीप शराब एवं जुआ को प्रतिबंधित करना, विर्सजन का समय तथा मार्ग का निर्धारण, विर्सजन व रावन दहन के पश्चात यातायात व्यवस्था, रावन दहन में रॉकेट का प्रयोग से बचना, बच्चो के पॉकेट में फोन नम्बर एवं नाम रखने के लिए अनाउन्स करना शामिल है। मौके पर प्रमुख विनीता कच्छप, धनंजय कुमार राय, करमा उराँव, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, नवल सिंह, अंकित सोनी, मुखिया सुशांति भगत,राखी भगत, बुधराम बाड़ा, जगरनाथ भगत, जुगेश उरांव, सब्दुल मलिक, अमीन अंसारी, मो. फहीम, रसीद मीर सहित कई लोग शामिल थे।

## पीपीके कॉलेज के नये प्राचार्य का छात्रों ने किया जोरदार स्वागत

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीपीके कॉलेज बुण्डू में छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल छात्र नेता राजू महतो के नेतृत्व में कॉलेज के नये प्रिंसिपल डॉ मुकुल कुमार को बनाये जाने पर उनसे मिलकर पीला गमछा भेंट कर उनका स्वागत किया और बधाई दिया। छात्र नेता राजू महतो ने कहा कि पूर्व के प्राचार्य द्वारा कॉलेज में पी0जी0 की पढ़ाई शुरू कराने से लेकर, नये भवन निर्माण कराने में उनका अहम योगदान रहा है, छात्र संघ नये प्राचार्य महोदय से कॉलेज की बुनियादी सुविधाएं , बी0एड0 तथा बाकी विषयों पर स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कराने तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करने की उम्मीद रखती है।



## बुंडू में अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन ने कार्रवाई की

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में 11 अक्टूबर को अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी अजय कुमार साव की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय सभागार पर दुर्गा पूजा से संबंधित शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 12 अक्टूबर को बुंडू प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त रूप से बुडू नगर को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अभियान बिरसा मोड (ओवर ब्रिज )से सुभाष चौक ,काली मंदिर चौक होते बजरंग दल तक चलाया गया । सभी अतिक्रमण दुकानदारों को शक्ति से हितायत दिया गया की दुर्गा पूजा के अवसर पर सड़क अतिक्रमण न करें अन्यथा विधि संवत करवाई किया जाएगा अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों मे आनंद मिष्ठान भंडार, प्रसाद स्टोर ,किसान ऑटो ,राजू वस्त्रालय ,जुबेर ओल्डिंग, दॉ शू से दंड शुल्क भी वसुली किया गया उक्त अभियान में बुंडू नगर पंचायत के नगर प्रबंधन महफूज रहमान, अनूप कुमार थाना के सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार, पंकज प्रमाणिक,नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी संदीप शर्मा, उमेश सेठ ,सिद्धार्थ विद, प्रदीप दास एवं सशस्त्र बल शामिल थे।



## अविश्वास प्रस्ताव में अड़की प्रमुख को मिला एक चौथाई से अधिक मत, पद बरकरार

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):**खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड प्रखंड सभागार में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अनिकेत सचान के द्वारा प्रखंड के तमाम पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर पंचायती राज अधिनियम की धारा 43 कंडिका 3 के प्रावधान के अनुसार गुप्त मतदान कराया गया। जिसमें प्रखंड के कुल 16 पंचायत समिति सदस्य में से प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा के पक्ष में पक्ष में 5 एवं एवं विपक्ष में 11 मत पड़े। निर्वाचि पदाधिकारी अनिकेत सचान के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव की सफलता के लिए तीन चौथाई मत की आवश्यकता थी पर प्रमुख के पक्ष में एक चौथाई से अधिक मत प्राप्त होने के कारण कृष्ण सिंह मुंडा प्रमुख के पद पर बरकरार रहेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण सभी पंचायत समिति सदस्य आदि मौजूद रहे। इधर कृष्ण सिंह मुंडा के प्रमुख पद पर बने रहने पर समाजसेवी समाजसेवी प्रदीप साहू, आजसू केंद्रीय समिति रमेश भगत, पूर्व प्रमुख केशव चंद्र महतो, इंद्रजीत स्वांसी, कांग्रेसी नेता महेंद्र मुंडा, ने बधाई और शुभकामना दी है।



JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

Letter No. JSRRDA – 764/2023-1838 Dated: -11.10.2023

CORRIGENDUM
PR No- 307878 dated 28.09.2023

Following correction/ modification is hereby made in RFP for Setting up a PMU for FDR in JSRRDA publish e-tender no- 90 / 2022-23 dated 27.09..2023 as given below:-

| Sl. No. | Written as | Should be read as |
|---|---|---|
| 1. | **10.(a)**The firm should have valid Pan card, GST registration certificate and legal status documents etc. In addition, the firm should have minimum annual average turnover of Rs.10.00 Crores from consultancy work of similar nature in last 3 years(For Joint venture' Pan Card and GST registration certificate for lead Partner or in the Name of JV) | **10.(a)**The firm should have valid Pan card, GST registration certificate and legal status documents etc. In addition, the firm should have minimum annual average turnover of Rs.7.50 Crores from consultancy work of similar nature in last 3 years(For Joint venture, Pan Card and GST registration certificate for lead Partner or in the Name of JV) |
| 2. | **4.3 C** If bidder is a Joint Venture, the partners would be limited to two (including lead partner). Joint Venture firm shall be jointly and severally responsible for completion of the project. Joint Venture must fulfil the following minimum qualification requirement. i. The lead partner shall have at least Rs.8.00 Crores annual average turnover of from consultancy work of similar nature in any one year among last 5 years. ii. Other partner shall have at least Rs.2.00 Crore turnover in any one year among last 5 years | **4.3 C** If bidder is a Joint Venture, the partners would be limited to two (including lead partner). Joint Venture firm shall be jointly and severally responsible for completion of the project. Joint Venture must fulfil the following minimum qualification requirement. i. The lead partner shall have at least Rs.6.0 Crores annual average turnover of from consultancy work of similar nature in any one year among last 5 years. ii. Other partner shall have at least Rs.1.50 Crore turnover in any one year among last 5 years |
| | **An annual average financial turnover from consultancy service of similar nature during the last five years. (Details furnished as per Schedule 'B') (Maximum marks 20)** **a.** Having Average Annual Turnover up to 10.0 Cr. -10Marks **b.** Having Average Annual Turnover >Rs 10 Cr to 12 Cr. - 15 Marks C.Having Average Annual Turnover >Rs 12 Cr. - 20 Marks | **An annual average financial turnover from consultancy service of similar nature during the last five years. (Details furnished as per Schedule 'B') (Maximum marks 20)** **a.**Having Average Annual Turnover up to 7.5 Cr. -10Marks **b.** Having Average Annual Turnover >Rs 7.5 Cr. to -10 Cr. - 15 Marks C.Having Average Annual Turnover >Rs 10 Cr. - 20 Marks |

PR.NO.308979 Rural Work Department(23-24):D
Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi.

## एक्सएलआरआई व टीएसएफ ने पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए किया करार

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट (एक्सएलआरआई) और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच पहली बार सामाजिक-प्रभाव के क्षेत्र में ऑनलाइन पोस्ट-ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू करने और विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर फादर एस जॉर्ज, डायरेक्टर, एक्सएलआरआई, और सौरव रॉय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन ने चाणक्य चौधरी, डायरेक्टर, टाटा स्टील फाउंडेशन की उपस्थिति में जमशेदपुर में एक्सएलआरआई परिसर में हस्ताक्षर किए। इसके तहत, दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से एक साल का विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, अकादमिक रूप से कठोर और संस्थागत रूप से मान्यता प्राप्त ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (प्रोग्राम) विकसित और डिलीवर करेंगी। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के माध्यम से, जो एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है, और समय के साथ, टीम यह सुनिश्चित करेगी कि यह कार्यक्रम पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर प्रोग्राम और प्रक्रियात्मक स्तरों पर प्रासंगिक इनपुट के माध्यम से लगातार समृद्ध हो।



## कांग्रेस नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के द्वारा ब्लॉक नंबर 1, शास्त्री नगर, कदमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में शहरवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बस्ती के सैकडो लोगो ने निः शुल्क सेवा शिविर में पहुंचकर जांच कराया। इस मौके पर धर्मेंद्र सोनकर ने कि सेवा ही मेरे धर्म है इसके तहत जरूरतमंद लोगो को निः शुल्क आंख की जांच कराया जा रहा है। वहीं 18 साल से कम उम्र के बच्चो को चस्मा मुफ़्त में दिया गया।



## नव ज्योति विद्या मंदिर स्कूल में हुआ बाल संसद का चुनाव

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव ज्योति विद्या मंदिर स्कूल, जगन्नाथपुर गम्हरिया में बाल संसद का चुनाव कराया गया। इस दौरान अलग-अलग पदों के लिए 60 बच्चों का चयन किया गया। इस दौरान आयोजित चुनाव में 10 बच्चे विजयी हुए। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या अनामिका श्रीवास्तव ने बताया कि यह चुनाव मूल रूप से बच्चों में नेतृत्व की गुणवत्ता पैदा करने और भारत की लोकतांत्रिक सरकार के बारे में जानने के लिए आयोजित किया गया था। इस मौके पर विद्यालय के सचिव- डॉ संजीव श्रीवास्तव, शिक्षिका वन्दना, पिंकी, विजय लक्ष्मी, अनिशा, अर्चना, काजल, रंजू, शिवानी, विनीता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## डीएसओ ने पदभार संभालने के बाद विभागीय पदाधिकारियों संग की पहली औपचारिक बैठक

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा ने पदभार संभालने के बाद गुरुवार को विभागीय पदाधिकारियों के साथ पहली औपचारिक बैठक की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं डीएसडी संचालक से कहा कि एफसीआई गोदाम से आवंटित खाद्यान्न मिलते ही उसका उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीएसडी अलर्ट रहें और खाद्यान्न पहुंचते ही उसे जन वितरण प्रणाली की दुकान तक पहुंचाएं। उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न का वितरण समय पर एवं शत प्रतिशत लाभुकों के बीच सही मात्रा में मिले यह सुनिश्चित करें। बैठक में मृत्युंजय कुमार, शंकर साहू, राजकुमार रजक समेत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं डीएसडी संचालक उपस्थित थे।



## पुलिस ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब भट्टियों को किया ध्वस्त

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चिड़िया ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिड़िया मुंडा टोली में अवैध महुआ शराब भट्टी में छापेमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे महुआ शराब भट्टियों को धवस्त कर दिया। साथ ही भारी मात्रा में बरामद जावा महुआ और महुवा देसी शराब को नष्ट किया। पुलिस की कार्रवाई से अवैध महुआ शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा गया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी देवसाईं भगत के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की।थाना प्रभारी देवसाईं भगत ने बताया कि किसी भी कीमत पर अवैध महुवा शराब भट्टी कारोबारीयों को बख्सा नहीं जायेगा। कहा कि आगे भी छापामारी अभियान जारी रहेगा।



## जनहित मांग को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी का पोटका प्रखंड कार्यालय समक्ष प्रदर्शन आज

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड कार्यालय में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट पार्टी) पोटका की ओर से जनहित के मुद्दे को लेकर 13 अक्टूबर को प्रदर्शन करने की घोषणा की है। जिसकी अगुवाई जिला संगठन सचिव सुमित राय समेत धीरेन भकत, सोनोका महतो, देवेंद्र महतो अंबिका महतो करेगे। कार्यक्रम दोपहर बारह बजे रखी गई है। इस बाबत धीरेन भक्त ने कहा की कार्यक्रम की सफलता की लेकर माइक से घूम घूम कर जनसंपर्क अभियान जा रहा है ताकि भारी संख्या में जनता की भागीदारी हो। उन्होंने कहा की प्रदर्शन के बाद पोटका बीडीओ के नाम ज्वलंत समस्याओं से संबंधित आठ सूत्री मांग पत्र सौपी जायेगी, जिसमे गरीबी को समय पर राशन मिलना , बीपीएल परिवारों को पीएम आवास, पीएम आवास का प्राक्कलन राशि 2.50 लाख रुपया करने ,ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर का विरोध, धान के सरकारी मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल करने, वृद्धावस्था पेंशन राशि बढ़ाकर 2000 रुपए करने, सभी किसानों का केसीसी ऋण माफ करने, मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन का काम व 500 रुपए मजदूरी राशि मांग पत्र आदि मुख्य मांग रहेगी।




# दिसम्बर से गांजिया बराज से 10 हजार किसानों को मिलेगा सिंचाई के लिए पानी : चम्पई सोरेन

- ➔ **ईचा डैम भी बनेगा और कोई गांव भी नहीं डूबेगा**
- ➔ **भाजपा शासनकाल में कोल्हान के दो-दो मुख्यमंत्री बने, लेकिन उनके पास जनता को गिनाने के लिए एक भी काम नहीं**
- ➔ **उद्योगों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नौकरी देना सुनिश्चित कराया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आगामी दिसंबर 2023 माह से गम्हरिया के गांजिया बराज से आसपास के लगभग 10 हजार किसानों को पाईप लाइन के माध्यम से सालों भर सिंचाई के लिए पानी मिलने लगेगा। स्थानीय झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि ईचा डैम भी बनेगा और कोई गांव भी नहीं डूबेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई छुटभैये नेता हाथ पांव मार रहे हैं, लेकिन जमीन से जुड़ा नेता मैं ही हूं। कोल्हान के सबसे बड़े आंदोलनकारी नेता दिवंगत देवेंद्र चंपिया के बाद वे ही हैं जो यहां के जल, जंगल, जमीन से जुड़कर लोगों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कोल्हान के दो-दो मुख्यमंत्री बने, लेकिन उनके पास जनता को गिनाने के लिए एक भी काम नहीं है। रघुवर दास के शासनकाल में कारखानों के पट बंद होने लगे, जिसे खुलवाने का कोई प्रयास नहीं किया। अर्जुन मुंडा खरसावां में 25 बेड का अस्पताल नहीं खुलवा पाए, हजारों एकड़ जमीन अभिजीत स्टील को स्थापित करने के लिए अधिग्रहित करवाए। लेकिन यह कंपनी भी आज अतीत बन चुका है। लेकिन हमने किसानों को सालों भर खेती करने के लिए सिंचाई की व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोल्हान में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए सदर अस्पताल में आईसीयू की सुविधा बहाल की और वहां 25 बेड उपलब्ध कराए। कुचाई में अस्पताल खुलवाया, गम्हरिया में पीपीपी मोड पर अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं। उद्योगों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नौकरी देना सुनिश्चित कराया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अब सभी विभागों में स्थायी नौकरी दी जा रही है। यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

## करीम सिटी कॉलेज मानगो कैंपस में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैंपस) में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने शुभ हाथों से दीप प्रज्वलित कर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस जैसे इंडोर गेमस तथा अन्य आउटडोर गेम्स का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की समाप्ति पर आज पुरस्कार वितरण सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मानगो नगर निगम के आयुक्त सुरेश यादव के शुभ हाथों से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



## सारंडा के रोवाम गांव में ग्रामसभा में दर्जनों योजनाओं का चयन

**जगन्नाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथपुर अनुमंडल क्षेत्र के किरीबुरु सारंडा क्षेत्र के गंगदा पंचायत के रोवाम गांव में मुंडा बुधराम सिद्धू एवं मुखिया राजू सांडिल की संयुक्त अध्यक्षता में ग्राम सभा कर योजनाओं का चयन सर्वसम्मति से किया गया. मुंडा बुधराम सिद्धू ने बताया कि डीएमएफटी फंड से हांडलिया पीडब्ल्यूडी से झाड़बेड़ा तक पीसीसी सड़क, झाड़बेड़ा सरना स्थल की बाउन्ड्री, गोप टोला में सामुदायिक भवन, शिव मंदिर का बाउन्ड्री, रोवाम में हाईमास्ट लाईट, मुंडा भवन का निर्माण, माला पूर्ति एवं बाबूलाल गोप के घर के सामने अलग-अलग डीप बोरिंग व जलमीनार का निर्माण होगा. प्रकाश गोप के घर से कारो नदी तक पीसीसी सड़क, कारो नदी तट पर महिलाओं के लिये स्नानागार, बुरुसाई टोला के माय पूर्ति एवं बंगरा सिद्धू के घर के सामने अलग-अलग आरसीसी पुलिया का निर्माण होगा. सोकवा टोला के मुंजीराम सिद्धू के घर के सामने आरसीसी पुलिया, रोवाम के राम पूर्ति के घर के सामने आरसीसी पुलिया, हाट-बाजार में यात्री शेड एवं शौचालय का निर्माण होगा.दुर्गा मंडप, हाट-बाजार क्षेत्र में श्मशान घाट का निर्माण, हांडिसया देव स्थान का बाउन्ड्री निर्माण होगा. ग्रामसभा की बैठक में पंसस रामेश्वर चाम्पिया, जगन्नाथ गोप, बैरागी गोप, शंकर गोप, रवीन्द्र गोप, नवीन सिद्धू, मंगल सिद्धू, मेघराय सिद्धू, जोगेन सिद्धू, राजा गोप आदि दर्जनों मौजूद थे.



## पेड़ गिरने से दो मकान क्षतिग्रस्त, झामुमो नेता सन्नी ने पीड़ितों को दिया आर्थिक सहयोग

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत ईटीहासा में बुधवार देर रात को एक विशाल पीपल का पेड़ के गिरने से सुरेश नायक एवं काड़िया नायक का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी रात्रि को ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय स्थानीय नेता गणेश लागुरी द्वारा विधायक कार्यालय को दी गई थी जिसपर संज्ञान लेते हुए झामुमो के युवा नेता सन्नी उरॉव ने ईटीहासा पहुंच कर पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत हेतु आर्थिक मदद पहुंचाया। वहीं अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ गिरिजा नन्द किस्कू ने ईटीहासा पहुंच कर पीड़ित परिवारों को झारखंड सरकार द्वारा शुरू किए गए आबुआ आवास का लाभ देने की घोषणा किया गया। मौके पर झामुमो नेता सह बन्दगॉव बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष दोड़ाय जोंको, झामुमो जिला संयुक्त सचिव प्रदीप महतो, प्रखण्ड सचिव ताराकांत सिजुई, स्थानीय झामुमो नेता गणेश लागुरी, सुधीर नायक, मुखिया प्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# अभिकर्ता चयन का मामला गरमाया, न्यायालय में शिकायतवाद दाखिल करने की तैयारी : अंकित आनंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पश्चिमी घोड़ाबंधा ग्राम पंचायत में फ़र्ज़ी ग्रामसभा के मार्फ़त 15वें वित्त योजना के लाभुक समिति चयन में अनियमितता करने का मामला सामने आया है। वित्तीय गड़बड़ी की आशंका और पद के दुरूपयोग की संभावनाओं के मद्देनजर रविवार को ही बीजेपी नेता सह व्हिसलब्लोअर अंकित आनंद ने इसकी गोपनीय शिकायत कर दी थी। वहीं शिकायत के अगले ही दिन जानकारी मिलते हीजल्दबाजी में मुखिया और पंचायत सचिव ने सोमवार देर शाम को एक सूचना नोटिस जारी किया जिसमें 12 अक्टूबर को दुबारा ग्रामसभा की बैठक बुलाई गई है। गुरुवार सुबह को एकबार फ़िर से इस ग्रामसभा की बैठक को जांच पूर्ण होने तक स्थगित करने की मांग करते हुए अंकित आनंद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित जिला उपायुक्त व बीडीओ का ट्वीट करते हुए संज्ञान लेने का आग्रह किया है। मालूम हो की भाजपा नेता अंकित आनंद ने रविवार को जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री सहित जमशेदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को ईमेल के मार्फ़त प्रेषित शिकायत पत्र में पश्चिमी घोड़ाबंधा ग्राम पंचायत में कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों पर पद का दुरूपयोग कर वित्तीय भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था। शिकायत पत्र में बताया गया की 15वें वित्त योजना अंतर्गत पंचायत में विभिन्न योजनाओं के लिए अभिकर्ता का चयन होना है। लेकिन बगैर ग्रामसभा के अभिकर्ता पहले ही चुन लिए गये। और उन अभिकर्ताओं को वर्क ऑर्डर देने के लिए पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज पंचायत सचिव और मुखिया ने जमा लिया है। मामले की जानकारी मिलते ही वित्तीय भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की माँग करते हुए बीजेपी नेता ने रविवार को इसकी शिकायत जिला उपायुक्त से किया था।



# झारखंड आंदोलनकारियों के महाजुटान को सफल बनाने दर्जनों आंदोलनकारी रांची रवाना हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से रांची के मोहराबादी मैंदान में आहूत झारखंड आंदोलनकारियों के महजुटान कार्यक्रम में शामिल होने गुरुवार की सुबह पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के दर्जनों आंदोलनकारी कई वाहनों में सवार होकर रांची के लिए रवाना हुए। मनबोध महतो, रसराज महतो के नेतृत्व में वाहनों की काफिले के साथ रवाना हुए। इस संबंध में मनबोध महतो व रसराज महतो ने बताया कि झारखंड आंदोलनकारियों के अधिकार मान- सम्मान और पहचान व समता जजमेंट लागू करने के लिए राज्य भर के आंदोलनकारी मोहराबादी मैंदान में जुटेंगे। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारियों के प्रमुख मांगे सम्मान राशि मे बढ़ोत्तरी करते हुए 50-50 हजार रुपये देने की गारंटी सुनिश्चित किया जाय, झारखंड में सख्ती के साथ समता जजमेंट लागू किया जाय, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से राजकीय मान सम्मान, पहचान, पेंशन, नियोजन देने की गारंटी सुनिश्चित किया जाय, आंदोलनकारियों के आश्रितों के नियोजन की रिक्तियों में गारंटी के लिए जारी प्रपत्र/ आवेदन पत्रों में अलग कलम सृजित किया जाय आदि मांगे शामिल हैं। इस दौरान




# जर्जर हाथीखेदा मंदिर सड़क के पुनर्निर्माण को ले पथ निर्माण विभाग के सचिव से मिले विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कोल्हान के प्रसिद्ध लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर जाने वाली सड़क के पुनर्निर्माण के लिए गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रांची में पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार के साथ मुलाकात की। उन्होंने कार्यालय में सचिव को एक ज्ञापन सौंपते हुए जर्जर हो चुकी करीब 1 किमी सड़क को दुरुस्त करने हेतु जल्द से जल्द स्वीकृति देने की मांग की। विधायक ने सचिव को बताया कि हाथीखेदा मंदिर पूरे कोल्हान प्रमंडल के लिए प्रसिद्ध मंदिर है। प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं जो इसी खराब सड़क से होकर गुजरते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए बारियादा से लावजोड़ा तक एक किमी जर्जर सड़क का मजबूती के साथ निर्माण जरूरी बताया। पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने विधायक को जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया है।



## अवैध उत्खनन एवं परिचालन पर सख्त कार्रवाई करें : उपायुक्त

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोक थाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी सन्नी कुमार द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अवैध उत्खनन (कोयला/आयरन/स्क्रैप/बालू/पत्थर) के विरुद्ध विभिन्न क्षेत्रो में करवाई की गई है।

## दुर्गा पूजा के मद्देनजर काशमार गांव में युवाओं का स्वच्छता अभियान जारी

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के काशमार गांव के कई युवाओं ने दुर्गापूजा के मद्देनजर पिछले कई दिनों से गांव में फैले गंदगियों को साफ सफाई कर रहे हैं। जिससे गांव के सड़कें स्वच्छ दिखाई देने लगे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए काशमार निवासी शिक्षक रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के पहले हर साल गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। ताकि बाहर से मां दुर्गा की प्रतिमा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि काशमार गांव की दुर्गापूजा काफी पुराना है। इसलिए बाहर से भी श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। गांव वासी हर साल की भांति इस साल भी भव्य रूप से पूजा का आयोजन करने के लिए तैयारियों में जुटे हैं।



## मनरेगा अंतर्गत बन रहे टीसीबी को मशीन से खोदने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुकड़ु पंचायत अंतर्गत मनरेगा टीसीबी का निर्माण किया जा रहा है जिसका ग्रामीण मजदूरों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा कार्य को मजदूरों द्वारा करवाना है जिससे ग्रामीण मजदूरों को मजदूरी मिल सके जबकि गरीब मजदूरों के हक को मारते हुए लाभुक द्वारा टीसीबी की खुदाई खुलेआम मशीन से करवाया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने मांग किया कि शीशी में बन रहे टीसीबी का जांच किया जाय एवम मशीन द्वारा खुदाई पर करवाई करते हुए तत्काल कार्य को रोक लगाया जाए।



## पूजा समितियों ने किया जादूगोड़ा यूसिल डैम बराज विसर्जन घाट का निरीक्षण

**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपाध्यक्ष संदीप कुमार ने जादूगोड़ा क्षेत्र की दुर्गा पूजा कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ यूसिल बराज विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। इस क्रम में घाट की बदहाली देख सभी ने नाराजगी जताई और यूसिल प्रबंधन और जिला प्रशासन से पूजा से पूर्व घाट की मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग की। जादूगोड़ा मोड़ दुर्गा पूजा कमेटी के कोषाध्यक्ष संजू बारीक ने बताया कि यूसिल बराज विसर्जन घाट इन क्षेत्रों की दुर्गा पूजा कमेटियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। बता दें कि इस घाट पर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र की करीब 12 पूजा कमेटियों की प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं। सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने यूसिल के उप -महाप्रबंधक ( कार्मिक / प्रशासन ) राकेश कुमार से बात कर उन्हें इस समस्या से अवगत कराया। उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार ने दुर्गा पूजा के पहले सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



# टाटा स्टील एफएएमडी ने शुरू किया ईवी का ट्रायल रन, लॉजिस्टिक्स समाधान की दिशा में बढ़ाया कदम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/ जाजपुर :** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने गुरुवार को अपने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन्स में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का ट्रायल रन शुरू किया। पारंपरिक ईंधन-आधारित परिवहन विधियों से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और वायु प्रदूषकों को महत्वपूर्ण रूप से कम करने के उद्देश्य से, अग्रणी स्टील कंपनी ने अपने छोटे ढुलाई क्षेत्रों के लिए फेरो क्रोम और रिडक्टेंट दोनों की आवाजाही के लिए परीक्षण शुरू किया।

परिचालन चुनौतियों, लागत प्रभावशीलता और कार्बन डाइऑक्साइड बचत को समझने के लिए परीक्षण 12 दिनों की अवधि के लिए होगा। ओडिशा के जाजपुर में कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट में ईवी को हरी झंडी दिखाते हुए पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन, टाटा स्टील ने कहा, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हम हमेशा सस्टेनेबल अभ्यासों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। पहले, मध्य और अंतिम माइल डिलीवरी के लिए बेड़े में शामिल की गई ईवी में 42 टन तक वजन ले जाने की क्षमता है और यह एक बार चार्ज करने पर 140 किमी की दूरी आसानी से तय कर सकती है। वाहन गुरुवार को एफएपी जाजपुर से आईसीडी कलिंगानगर तक फेरो क्रोम ले गया और अगले दिन टाटा स्टील के कलिंगानगर प्लांट से नट कोक को एफएपी जाजपुर ले जाने वाला है। इस प्रयास में लॉजिस्टिक पार्टनर एक्ज़िम लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल था।



## संपादकीय

# शराब घोटाले में फंसी

**राजनीति** को बदलने का वायदा करके सत्ता तक पहुँची आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार एवं कदाचार के मामलों में बुरी तरह फंस गई है। जिस राजनीतिक शुचिता की बातें समाजसेवी अन्ना हजारे के नेतृत्व में किए गए जनांदोलन के मंच पर चढ़कर कही गईं, उनमें से एक आआपा की राजनीति में दिखायी नहीं पड़ती है। यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल एवं उनके साथियों के प्रति अन्ना हजारे के मन में भी सदाशयता के भाव नहीं हैं। वे कई बार आआपा की सरकार की कठोरतम आलोचना कर चुके हैं। वर्तमान समय में आम आदमी पार्टी शराब घोटाले के आरोपों में बुरी तरह उलझ गई है। आआपा के प्रमुख नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने भी पूछताछ के लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री मनीषा सिसोदिया भी शराब घोटाले के मामले में जेल में हैं। भारत की राजनीति में यह पहली बार हुआ होगा कि एक शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में फंसा है। दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा है, जबकि एक ही मंत्री को अनेक विभाग बांट रखे थे। विभागों के वितरण में भी कोई सुसंगत दृष्टिकोण नहीं रखा गया। आम आदमी पार्टी के एक और मंत्री सतेन्द्र जैन भी जेल की हवा खा रहे हैं। राशनकार्ड के बदले रेप और पत्नी को प्रताड़ति करने के मामले से लेकर फर्जी डिग्री के मामलों में अब तक आआपा के 5 मंत्री जेल जा चुके हैं। इसके अलावा विधायक एवं अन्य नेतागणों पर भी दाग लगते रहे हैं। कुल मिलाकर कहना होगा कि यह ऐसी पार्टी है, जो शुरुआत से ही अपने सिद्धांतों से डिग गई है। आआपा ने एक राजनीतिक दल के तौर पर आर्थिक, नैतिक और राजनीतिक शुचिताओं की धज्जियां उड़ा दी हैं। जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से बौखलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति निचने स्तर की बयानबाजी प्रारंभ की थी, उससे भी जनता को इस दल के नेताओं की गंभीरता एवं परिपक्वता ध्यान में आने लगी है। हैरानी की बात है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही आद आदमी पार्टी का जन्म हुआ है लेकिन यही पार्टी अपनी शैशव अवस्था में ही भ्रष्टाचार के आरोपों में बुरी तरह घिर गई है। ऐसा भी नहीं है कि आआपा पर लग रहे आरोप निराधार है। प्रारंभिक तौर पर जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर तो यही दिखायी दे रहा है कि कहीं तो आग लगी है, ये धुंआ यूँ ही नहीं उड़ रहा है। बाकी सत्य तो जाँच के बाद ही सामने आएगा। आम आदमी पार्टी के नेताओं को चाहिए कि वह जाँच में सहयोग करे। हो-हल्ला करने से उनकी ईमानदारी साबित नहीं हो सकती क्योंकि जनता देख रही है कि आंदोलन के दौरान केजरीवाल एवं उनके साथियों ने जिन नेताओं पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, अब ये उन्हीं के साथ गलबहियां कर रहे हैं। यहाँ तक की भ्रष्टाचार के मामले में सजायाफ्ता नेताओं के साथ भी मंच साझा करने, उनके गले मिलने और उनके साथ राजनीतिक गठबंधन में साथ रहने में आम आदमी पार्टी को कोई दिक्कत नहीं है। इस तरह की राजनीति का वायदा तो अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने नहीं किया था। बहरहाल, सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी में जिस प्रकार का हो-हल्ला मचाया जा रहा है उसके पीछे एक डर भी है कि अब कहीं प्रवर्तन निदेशालय पूरी पार्टी को ही आरोपी न बना ले। यदि ऐसा होता है तब आम आदमी पार्टी की रही-सही साख भी समाप्त हो जाएगी।

न्यायालय ने भी पूछताछ के लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री मनीषा सिसोदिया भी शराब घोटाले के मामले में जेल में हैं। भारत की राजनीति में यह पहली बार हुआ होगा कि एक शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में फंसा है। दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा है, जबकि एक ही मंत्री को अनेक विभाग बांट रखे थे। विभागों के वितरण में भी कोई सुसंगत दृष्टिकोण नहीं रखा गया। आम आदमी पार्टी के एक और मंत्री सतेन्द्र जैन भी जेल की हवा खा रहे हैं। राशनकार्ड के बदले रेप और पत्नी को प्रताड़ति करने के मामले से लेकर फर्जी डिग्री के मामलों में अब तक आआपा के 5 मंत्री जेल जा चुके हैं। इसके अलावा विधायक एवं अन्य नेतागणों पर भी दाग लगते रहे हैं। कुल मिलाकर कहना होगा कि यह ऐसी पार्टी है, जो शुरुआत से ही अपने सिद्धांतों से डिग गई है। आआपा ने एक राजनीतिक दल के तौर पर आर्थिक, नैतिक और राजनीतिक शुचिताओं की धज्जियां उड़ा दी हैं। जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से बौखलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति निचने स्तर की बयानबाजी प्रारंभ की थी, उससे भी जनता को इस दल के नेताओं की गंभीरता एवं परिपक्वता ध्यान में आने लगी है। हैरानी की बात है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही आद आदमी पार्टी का जन्म हुआ है लेकिन यही पार्टी अपनी शैशव अवस्था में ही भ्रष्टाचार के आरोपों में बुरी तरह घिर गई है। ऐसा भी नहीं है कि आआपा पर लग रहे आरोप निराधार है। प्रारंभिक तौर पर जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर तो यही दिखायी दे रहा है कि कहीं तो आग लगी है, ये धुंआ यूँ ही नहीं उड़ रहा है।

## कुछ अलग

# बचाव की तैयारी

**सिक्किम** की तीस्ता नदी में मंगलवार रात को अचानक बाढ़ आने और सेना के 23 जवानों के लापता होने की खबर चिंतित करने वाली है। इस फ्लैश फ्लड के कारण जगह-जगह इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी काफी नुकसान हुआ है। सड़कें तो टूटी ही हैं, सैन्य प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। अभी स्वाभाविक ही सबसे ज्यादा ध्यान लापता सैनिकों की तलाश करने और यह सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा है कि जहां भी जरूरी हो जल्द से जल्द मदद उपलब्ध करवाई जाए ताकि इस प्राकृतिक आपदा के चलते किसी के जान गंवाने की नौबत न आए। लेकिन इसके बाद इस पूरे क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान का भी जायजा लेकर उन्हें जल्द से जल्द पुरानी स्थिति में लाना होगा। उत्तरी सिक्किम का यह इलाका भारत-नेपाल सीमा के करीब पड़ता है। हालांकि फ्लैश फ्लड का मूल कारण बादल फटना है, लेकिन कई वजहें रहीं जिनसे यह हादसा अधिकाधिक गंभीर रूप लेता गया। बादल फटने की यह घटना उत्तर सिक्किम के चुंगथाम इलाके में स्थित ल्होनक झील के ऊपर हुई। यह झील ल्होनक ग्लेशियर पर बनी है। बादल फटने के बाद पानी के तेज बहाव के चलते लेक की दीवारें टूट गईं और भारी मात्रा में मलबे के साथ पानी तीस्ता में आया, जिससे नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया। हालांकि बचाव और राहत कार्यों को लेकर सिक्किम सरकार के साथ पश्चिम बंगाल सरकार का तंत्र भी सक्रिय हो गया है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में गौर करने वाली एक बात यह भी है कि आपदा प्राकृतिक जरूर है, लेकिन पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं कही जा सकती। ल्होनक झील इस क्षेत्र की 14 उन ग्लेशियल लेक्स में शामिल है, जिन्हें पहले से ही संवेदनशील माना जा रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभावों से पिघल रहे ल्होनक ग्लेशियर का पानी इसी झील में जमा हो रहा था, जिससे इसका क्षेत्रफल लगातार बढ़ता जा रहा था। इसी साल मार्च महीने में संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के तमाम ग्लेशियर अलग-अलग दर से, लेकिन तेजी से पिघल रहे हैं और इस वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा का कारण बन सकती हैं। यह सही है कि ग्लोबल वॉर्मिंग वैश्विक मसला है और किसी एक देश की सरकार अकेले अपने बूते इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती, लेकिन फिर भी बड़े और संवेदनशील ग्लेशियरों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए संभावित हादसों से निपटने की तैयारी जरूर की जा सकती है। इन हादसों के दायरे में आने वाले इलाकों के लोगों को भी अपेक्षाकृत ज्यादा जागरूक रखा जा सकता है। इन उपायों से हादसे भले न टलें लेकिन उनसे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## 25 हजार प्रकाश वर्ष दूर पृथ्वी की निकटतम गैलैक्सी से प्रकाश को हम तक पहुंचने में 25 हजार वर्ष लगते हैं

# हम अतीत की यात्रा में रहते हैं, टाइम मशीन की परिकल्पना में है विरोधाभास

**लूसी स्ट्रैंग**

**क्या** आपको मालूम है कि हम हर रात अतीत की यात्रा कर सकते हैं। प्रकाश की गति बहुत तेज है। लेकिन, ब्रह्मांड में चीजें हमसे इतनी दूर हैं कि दूर के तारों और ग्रहों से प्रकाश को हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। सूर्य से जो प्रकाश आता हमें दिखाई देता है, वह वास्तव में आठ मिनट और बीस सेकंड पहले सूर्य को छोड़ चुका होता है। मतलब यह है कि सूर्य को हम वैसे देखते हैं, जैसा वह आठ मिनट और बीस सेकंड पहले था। हमारी आकाशगंगा (गैलेक्सी) मिल्की वे से निकटतम कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा है, जो 25 हजार प्रकाश वर्ष दूर है। इसका मतलब यह है कि प्रकाश को वहां से हम तक पहुंचने में 25 हजार वर्ष लगेंगे। इसका मतलब हुआ कि आज जब हम टेलिस्कोप की मदद से कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा को देखते हैं, तो वह हमें वैसी दिखाई देती है, जैसी वह 25 हजार साल पहले थी। सवाल यह है कि अगर उस आकाश गंगा में कोई है, जो पृथ्वी को देख रहा हो, तो क्या उसे महाभारत या रामायण या उससे भी पहले की पृथ्वी दिख रही होगी? समय के बारे में हमारी आधुनिक समझ भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत और कार्य-कारण संबंधों पर आधारित है। आइंस्टीन का सिद्धांत 100 से ज्यादा वर्षों से अस्तित्व में है और यह माना जाता है कि यह हमारे ब्रह्मांड की संरचना का सटीक विवरण देता है। दशकों से भौतिक विज्ञानी सापेक्षता के सिद्धांत के जरिये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वाकई समय की यात्रा संभव है। दिक्कत यह है कि सापेक्षता के सिद्धांत की मदद से आप ऐसे समीकरण लिख सकते हैं, जो समय की यात्रा का वर्णन करते हों, लेकिन इनका कोई अर्थ नहीं रह जाता अगर वास्तविक दुनिया में इनके जैसा कुछ न हो। सापेक्षता सिद्धांत के आधार पर समय यात्रा की बात सोचने में दो दिक्कतें हैं। पहली, टाइम मशीन बनाने के लिए हमें नकारात्मक ऊर्जा की जरूरत होगी, जबकि अपने रोजमर्रा के जीवन में हमें जो भी ऊर्जा दिखती है, वह सकारात्मक ऊर्जा है। क्वांटम भौतिकी बताती है कि ऐसा नकारात्मक ऊर्जा वाला पदार्थ सैद्धांतिक तौर पर पैदा किया जा सकता है, वह भी थोड़े समय के लिए और थोड़ी मात्रा में। क्वाटंम सिद्धांत की यही सीमा है। समय-यात्रा के साथ दूसरी दिक्कत यह है कि इस विचार में विरोधाभास छिपे हैं। मान लीजिए कि किसी व्यक्ति की हत्या हो चुकी हो और आप अतीत में जाकर उस व्यक्ति की हत्या रोक दें।

हमारी आकाशगंगा (गैलेक्सी) मिल्की वे से निकटतम कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा है, जो 25 हजार प्रकाश वर्ष दूर है। इसका मतलब यह है कि प्रकाश को वहां से हम तक पहुंचने में 25 हजार वर्ष लगेंगे। इसका मतलब हुआ कि आज जब हम टेलिस्कोप की मदद से कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा को देखते हैं, तो वह हमें वैसी दिखाई देती है, जैसी वह 25 हजार साल पहले थी।



फिर, जब आप वर्तमान में लौटेंगे, तब वह व्यक्ति जिंदा होगा या नहीं। अगर वह जिंदा होगा, तब अतीत की यात्रा से पहले जिस वर्तमान के आप गवाह रहे थे, उसका क्या? एक दूसरा उदाहरण देखिए। अगर मैं टाइम मशीन में प्रवेश करता हूं और इसके जरिये मैं समय में पांच मिनट पहले जाने के लिए कमांड देता हूं। जब मैं पांच मिनट अतीत में पहुंचता हूं, तो मशीन को नष्ट कर देता हूं। तो पांच मिनट बाद मैं इसका इस्तेमाल कैसे करूंगा? जब हम समय के बारे में सोचते हैं, तब हम सोचते हैं कि यह एक सीधी रेखा में चल रहा है, जिसमें एक के बाद एक चीजें घटित होती हैं। अगर हम अतीत में जाकर जो पहले हुआ उसे बदल सकें, तो हम समय की पंक्ति का क्रम बदल देंगे। इसका मतलब होगा कारण-कार्य के नियम का टूटना। मान लीजिए, आप गिरे और आपका हाथ टूट गया। तो, गिरना कारण और हाथ टूटना उसका प्रभाव यानी परिणाम हुआ। ब्रह्मांड की हर क्रिया इस कार्य-कारण नियम से बंधी है। इसी विरोधाभास से निपटने के लिए विज्ञान कथाओं में समय यात्रियों को अतीत में महत्वपूर्ण बदलाव न करने और अतीत में खुद से बचने की सलाह दी जाती है। लेकिन असल जिंदगी में यह विरोधाभास केवल सैद्धांतिक है, यह वास्तविक हो ही नहीं सकता। इसी विरोधाभास के चलते सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग के मुताबिक समय यात्रा संभव ही नहीं है। समय यात्रा के इन विरोधाभासों को बदलने का एक प्रयास भौतिक विज्ञानी इगोर दिमित्रीविच नोविकोव ने किया था, जो कहते हैं कि मनुष्य अतीत की यात्रा कर सकता है, लेकिन उसे बदल नहीं सकता। आप पूछ सकते हैं कि अगर अतीत को बदला नहीं जा सकता, तो समय यात्रा का कोई मतलब नहीं निकलता। तो, क्या समय यात्रा की बहस का यहीं अंत मान लिया जाए? शायद नहीं। नोविकोव के अनुसार इस विरोधाभास का अंत तभी मुमकिन है, जब समानांतर समय रेखाएं हों। यह विचार बेहद सरल है। जब आप टाइम मशीन से बाहर निकलें, तो आप एक अलग टाइम लाइन में हों, जहां आप कुछ भी कर सकते हों। आप चाहें तो टाइम मशीन को ध्वस्त भी कर सकते हों। चूंकि जिस मूल टाइम लाइन से आप आए हैं, उसमें मौजूद मूल टाइम मशीन में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है, इसलिए कोई विरोधाभास नहीं है। जाहिर है कि समय यात्रा तभी मुमकिन है, जब हमारा ब्रह्मांड कई इतिहासों के सह-अस्तित्व की अनुमति दे सके। लेकिन, क्या यह संभव है? क्वांटम विज्ञान इसके संकेत जरूरत देता है। तकनीकी तौर पर देखें, तो हम पहले ही समय में आगे बढ़ रहे हैं। हर सेकंड हम भविष्य की यात्रा कर रहे हैं। अनुभव बताता है कि जो व्यक्ति तेज गति से चल रहा हो, उसके लिए समय अलग तरह से चलता है, उसकी तुलना में जो स्थिर खड़ा है। अगर आप दिल्ली से चेन्नई जाते किसी हवाई विमान में बैठे हों, तो आपको समय जल्दी गुजरते लगेगा, उसकी तुलना में जो चेन्नई हवाई अड्डे पर एक जगह बैठा आपका इंतजार कर रहा है। जाहिर है कि समय के गुजरने को विभिन्न लोग अलग-अलग दरों पर महसूस करते हैं। इसका एक पहलू और भी है। अगर आप दिल्ली में बैठकर भविष्य का अनुमान लगाते हुए कहें कि आप साढ़े पांच घंटे बाद कानपुर में होंगे। आप तेज गति से कार चलाते हुए ऐसा कर भी लेते हैं। लेकिन, आपके साथ ही दूसरी कार में चला एक व्यक्ति सामान्य गति से कार चलाते हुए दस घंटे में दिल्ली से कानपुर पहुंचता है। पहले व्यक्ति ने जो पांच घंटे बचाए, उसमें भविष्य की समय यात्रा के सूत्र छिपे हो सकते हैं। तो, अगर भविष्य की समय यात्रा का रहस्य गति में छिपा है, तो यह माना जा सकता है कि अगर आप बहुत तेज गति से चल रहे हों, तो आप कई वर्ष भी बचा सकते हैं। किसी भी चीज की सबसे तेज गति प्रकाश की चाल है। प्रकाश हर घंटे में करीब एक अरब किलोमीटर की यात्रा करता है। अब तक सबसे तेज मानव निर्मित चीज नासा का पार्कर सोलर प्रोब मानी जाती है, जो 2018 में सूर्य पर भेजा गया एक अंतरिक्ष यान था। लेकिन इसकी गति प्रकाश की चाल की महज 0.064 फीसदी थी। यानी प्रकाश इससे 1,000 गुना ज्यादा तेज चलता है। जाहिर है कि अगर मनुष्य भविष्य की यात्रा करना चाहता है, तो भी उसे बहुत लंबा रास्ता तय करना होगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### गोला बीएमएल प्लांट प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में कल होगा धरना प्रदर्शन

## ग्राम बचाओ संघर्ष समिति के द्वार प्लांट गेट के समक्ष होगा विशाल धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड अंतर्गत कामता में स्थित बीएमल प्लांट के खिलाफ स्थानीय रैयत विस्थापित ओर आस पास के ग्रामीणों ने विगत दिनों बैठक कर प्लांट प्रबंधन के वादा खिलाफी के विरोध में 13 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था. जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. इस बाबत ग्राम बचाओ संघर्ष समिती के सदस्यो ने बताया की इस धरना प्रदर्शन में स्थनीय रैयत,विस्थापित ओर आस पास गांव के सैकड़ों लोग शामिल होंगे चूंकि अब प्लांट प्रबन्धन के अड़ियल रवैया ओर वादाखिलाफी के कारण लोगों में काफी आक्रोश है, ओर अब सभी लोग आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं, विगत 1 वर्षो से रैयत विस्थापित अपने हक ओर अधिकार के लिए जद्दोजहद कर रहे है, लेकिन प्लांट प्रबंधन इनकी मांगो को लगातार अनदेखी कर रहा है. स्थानीय ग्रामीण बताते हैं विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय बीडीओ सीओ और कई जनप्रतिनिधियों के उपस्थित में कई दौर की बैठक प्लांट प्रबंधन के साथ हो चुकी है बैठक में ग्रामीणों ने अपने मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा है ओर हर बार की तरह उन्हें सिर्फ प्रबंधन के ओर से झूठा आश्वाशन ही मिला है, यहां तक की विभिन्न मांगों को लेकर रैयत विस्थापित ओर ग्रामीणों



ने ग्राम बचाओ संघर्ष समिती के बैनर तले भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना भी दिया था लेकिन हर बार की तरह झूठा आश्वाशन ही मिला।प्लांट प्रबंधन के अड़ियल रवैया का आप इसी से अंदाजा लगा सकते है. वही अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है. जिसके फलस्वरूप अब ग्राम बचाओ संघर्ष समिती के तत्वाधान में रैयत विस्थापित हर लड़ाई लड़ने को तेयार है. वही उनके साथ लगातार हो रहे शोषण के खिलाफ बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा क्रांतिकारी नेता राजीव जयसवाल ने भी कई बार अपनी आवाज बुलंद की ओर फिर से वे स्थानीय लोगो के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार है।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की हुई दर्दनाक मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला थाना क्षेत्र के एनएच 23 रामगढ़ बोकारो मार्ग के मगनपुर के समीप गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना एनएएचआई के 1033 एंबुलेंस को इसकी जानकारी दी गई साथ ही गोला पुलिस घटना स्थल पर पंहुचकर दोनों शवों को उठाकर थाना पंहुचाया गया वहीं घायल मैजिक चालक व्यक्ती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर उपचार हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। इस संबंध में बताया गया कि बाईक पर सवार दोनों सगे भाई पेटरवार से अपने घर मुरूडीह लौट रहे थे उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को ले जा रहा एक मैजिक वैन के साथ सीधी टक्कर हो गई बताया जाता है की बाइक चालक तेज रफ्तार में था जो अनियंत्रित होकर मैजिक वैन में जाकर टक्कर मार दिया जिसके कारण यह घटना घटी। दोनों मृत व्यक्ति मुरूडीह निवासी सुधीर महतो तथा लखन महतो बताया गया वहीं धायल मैजिक वैन के चालक चोकाद निवासी रामू मुंडा बताया गया। इधर घटना के संबंध में परिजनों को जानकारी मिलते ही रो रो कर बुरा हाल है।

## चपरी ग्रामीणों को पर्यावरण मंच ने वृक्षारोपण के लिए किया प्रोत्साहित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मांडू के चपरी ग्रामीणों को गुरूवार पर्यावरण मंच(बीएमएस) के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया द्वारा वृक्षारोपण के लिए फलदार, छायादार पोधे देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अक्टूबर माह में पूरे देश में पर्यावरण मंच के द्वारा बापू का सपना स्वच्छ भारत हो अपना अभियान को चलाया जा रहा हैं। जिसमें पृथ्वी बचाने को लेकर प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह रोकने, पर्यावरण असंतुलन व जलवायु परिवर्तन को ठीक करने के लिए सभी से पेड़ पौधों की रक्षा करने का संदेश भी दिया गया। मौके पर पर्यावरण संरक्षक और पर्यावरण कर्मी, वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष शिवदेव बेदिया, प्रकाश बेदिया, विक्रम बेदिया, अशोक बेदिया, मंतोक बेदिया, अभय बेदिया, जयकुमार बेदिया, रेखा बेदिया, सलमा खातून, आशा, कलावती, पिंकी,आदि थे ।

## सीसीएल सुरक्षा दल ने अवैध ट्रांसफार्मर लगाने वाले पोल निर्माण को पेलोडर से किया धराशाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा ट्रेकर स्टैंड के समीप सीसीएल सिरका सहित अरगड्डा क्षेत्र के दर्जनो सुरक्षा प्रहरियों ने एलसीएच कॉलोनी के सामने अवैध रूप से बिजली ट्रांसफार्मर बनाने के लिए लगाए गए टांवर पर करवाई किया। इसे पेलोडर द्वारा गिराकर धराशाही कर दिया गया हैं। सुरक्षा गार्डो के पहुंचने की सूचना पर कई लोग पहुंचे। लेकिन पेलोडर नहीं रुका। इसके बाद सीसीएल सुरक्षा दल पड़ारुनाला के अवैध कोयला खनन स्थलो पर छापामारी किया। जिसमें 10 साईकिले तोड़ी गई। जबकि पांच साईकिल, एक पानी मोटर जप्त कर जीएम आॅफिस में जमा रखा गया है। जवानों को आता देख कोयला तस्कर फरार हो गए। इस सबंध में सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि अरगड्डा स्टैंड में अवैध निर्माण को लेकर दो-तीन बार एफआईआर की गई है। जबकि पड़ारुनाला में अवैध कोयला खनन की सूचना मिली थी।

## सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति खेल मैदान में भव्य तरीके से करेगा रावण दहन समारोह का आयोजन : रौशन चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हु खेल मैदान में संपन्न हुई । बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार बड़ी ही धूमधाम के साथ रावण दहन समारोह का आयोजन समिति के द्वारा किया जाएगा समारोह के दौरान विशाल रावण के पुतला के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ का भी विशाल पुतला दहन किया जाएगा । बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक में समिति की ओर से जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया की काफी लेट से ही सही सिद्धू कान्हु मैदान में समिति को रावण दहन समारोह करने की इजाजत दी गई।रोशन लाल चौधरी ने कहा की इस बार का रावण दहन समारोह अपने आप में ऐतिहासिक होगा शानदार आतिशबाजी के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिससे लोगों का भरपूर मनोरंजन होगा।बैठक में अध्यक्ष रोशन चौधरी के अलावा सचिव महावीर प्रसाद अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजेश गोयंका संरक्षक योगेश बेदिया मनोज महतो विमल बुधीया रविंद्र सिंह छाबड़ा दिनेश शर्मा दिनेश प्रसाद धीरज साहू मुरारी शर्मा सतीश कुमार टीकू कुमार गंगा भगत राजेश गुप्ता आनंद कुमार अमरजीत कमलजीत सिंह जग्गी अभिनव प्रसाद कुशवाहा संतोष कुमार आदि थे ।

## चितरपुर महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेमेस्टर-छः के छात्रों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा व मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जूही उपाध्याय तथा छात्रों ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि विदाई हर छात्र के जीवन में नयी शुरुआत लेकर आती है, और यह सुबह में सुगंधित नयी पुष्प की भांति खि़लता है। मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. जूही उपाध्याय ने कहा कि आप सभी छात्रों के आनेवाले भविष्य में यह महाविद्यालय एक मील के पत्थर के समान सिद्ध होगा आपके साथ बिताए हुए पल हमारे लिए सदा अविस्मरणीय रहेगा, उन्होंने छात्रों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. निरंजन महतो ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. उत्तम कुमार, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मीना मुंडा सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।

## अंधेरा मिटाने के लिए एक छोटी सी मुहिम मेरी तरफ से भी जनता को समर्पित है : सुनीता चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 29 कोठार में विधायक मद द्वारा लगाए गए हाई मास्क लाइट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर कर किया गया।मौके पर सुनीता चौधरी ने बताया कि क्षेत्र से अंधेरा मिटाने के लिए एक छोटी सी मुहिम मेरी तरफ से भी जनता को समर्पित है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्रथम प्राथमिकता है जिस कार्य हेतु जनता ने मुझे चुना है। क्योंकि लाइट न रहने से अंधेरा रहता था।लाइट लगने से सभी लोगों को काफी सुविधा होगी। मै क्षेत्र के विकास हेतु लगातार समर्पित हूं सड़क, शिक्षा, विद्युत, सहित विभिन्न पर परियोजनाओं को धरातल पर उतारते हुए लगातार क्षेत्र का विकास कर रही हूं। वहीं क्षेत्र में हाई मास्क लाइटो के लगने से क्षेत्र वासियों ने भी खुशी का इजहार किया । मौके पर राजेन्द्र महतो,नरेश महतो,अनिल पटेल,किष्टे महतो,गोपाल राम,आदि थे ।

## गोवा में होने वाले नेशनल गेम्स की तैयारी में जुटे नीरज, कहा- भारत को गोल्ड मेडल दिलाना सपना

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा प्रोजेक्ट के हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी नीरज कुमार सिंह 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स की तैयारी कर रहे हैं। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके नीरज कुमार सिंह के पिता नरेंद्र कुमार सिंह सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में सप्लायर हैं। जबकि उनकी मां पूनम सिंह रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षिका हैं। नीरज जमशेदपुर में रहकर नेशनल गेम्स की तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने राज्य का नाम रोशन करना हमारा सपना है। डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा एवं डीएवी कुजू के बच्चों को नीरज बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दे चुके हैं। जबकि महाराष्ट्र के पुणे में जिम और बॉक्सिंग कोच के रूप में भी ट्रेनिंग दे चुके हैं। पिछले वर्ष गिरिडीह में झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15वां झारखंड राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में नीरज कुमार सिंह गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। नीरज का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चतरा में अब शीघ्र ही घर-घर में पाइप लाइन से होगी रसोई गैस की आपूर्ति : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले वासियों को अब शीघ्र ही पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर में रसोई गैस की आपूर्ति हो सकेगी। सांसद सुनील कुमार ने चतरा संसदीय क्षेत्र के लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। गौरतलब है कि घर-घर में रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने का काम पिछले कई महीनो से चल रहा था ।अब शीघ्र ही लोगों को घर-घर में रसोई गैस की आपूर्ति पाइपलाइन के माध्यम से की जाएगी ।इससे लोगों को सस्ते दर पर रसोई गैस के साथ-साथ मिल सकेगा और अब गैस सिलेंडर लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी ।सांसद सुनील कुमार सिंह ने साउथ डीएफओ मुकेश कुमार और नॉर्थ डीएफओ राहुल मीणा और भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक गैस चेतन कुमार मिश्र के साथ बैठक की। सांसद सुनील कुमार सिंह ने पाइपलाइन से गैस आपूर्ति में आ रही सभी बाधाओं को को दूर करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं होने के कारण गैस रसोई गैस पाइपलाइन से आपूर्ति में विलंब हो रहा है। इस बाबत सांसद सुनील कुमार सिंह ने वन प्रमंडल अधिकारियों के साथ बैठक की है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की यह अति महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत घर-घर में पाइप लाइन के माध्यम से रसोई गैस की आपूर्ति किया जाएगा। चतरा शहर में गैस पाइपलाइन की आपूर्ति के लिए घर-घर में कनेक्शन कर दिया गया है। अब शीघ्र ही शुरुआत हो जायेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा और निर्भय ठाकुर, प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र साहू, पप्पू तिवारी, प्रदीप केशरी, केदार यादव, अनिल सिंह, संजय सिंह, आलोक सिंह, संजय ठाकुर, शिवकुमार चौबे, अनिल सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय पखवारा दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जिले के कई प्रखण्डों में लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा अंतराष्ट्रीय पखवारा दिवस गुरूवार को मनाया गया। जहां किशोरियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें टंडवा, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, सिमरिया, और चतरा के प्रखण्ड में संचालित 20 प्रेरणा रेमेडियल कोचिंग सेंटर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर कोचिंग के माध्यम से उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना तथा जल्द एवं जबरन विवाह पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साथ संस्था के अध्यक्ष अधीन महतो, सचिव मौसमी बाखला एवं अन्य सुपरवाइजर अलग-अलग कोचिंग सेंटर में जाकर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डालने का का काम किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किशोरियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रतिमा देवी, प्रवेश सिंह, बजरंगी गंझू सहित संस्था के सभी कोचिंग संचालकों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## बारियातू में वन अधिकार एवं वन समिति का हुआ पुनर्गठन वन अधिकार अध्यक्ष बने डेगन यादव वन समिति अध्यक्ष राजू यादव



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत भवन के समीप चबूतरा पर बृहस्पतिवार को वन समिति, वन अधिकार को पुनर्गठन करने हेतु बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया डेगन गंझू ने किया। संचालन रामोवतार यादव ने किया। समिति गठन के लिए वंनरक्षी प्रकाश राणा एवं राजेश तिवारी भी उपस्थित थे। सर्व समिति से निर्णय ले कर वन अधिकार के लिए डेगन यादव को चयन किया गया। उपाध्यक्ष के लिए बसन्ती मुणडु और सचिव के लिए सनी भुइयां को चयन किया गया है। तो वही वन समिति के लिए अध्यक्ष राजू यादव उपाध्यक्ष हन्ना नाग सचिव सुरज यादव को चयन किया गया है। मौके पर उपस्थित गणेश कुमार यादव हरिनाथ यादव बालेश्वर ठाकुर सुरेंद्र दांगी चान्दो प्रजापति महेंद्र गंझू सूरज ठाकुर शंकर कुमार एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोकपाल पहुंची गिद्धौर द्वारी पंचायत, मनरेगा योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत दूसरी पंचायत में बृहस्पतिवार लोकपाल संध्या प्रधान पहुंची। एवं मनरेगा अधिकारियों से योजनाओं संचालित के बारे में जानकारी लिया। उसके बाद लगभग पंचायत के अंतर्गत आठ लगे आम बागवानी का औचक निरीक्षण किया। एवं और बेहतरीन कार्य करने के लिए अधिकारियों को कहा साथ ही साथ लाभुकों को खरपतवार निकालने की बात कही। मौके पर उपस्थित मुखिया जगदीश यादव पंचायत सेवक उज्जवल कुमार सिंह रोजगार सेवक प्रदीप कुमार लाभुक सविता देवी टीपू यादव मंगर गोप गणपत गोप जितेंद्र गुप्ता मोहन साव बुद्धदेव गुप्ता किषुण साव संव्य सेवक उपेंद्र राम उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बुधवार को लातेहार के डेमू पंचायत के सेमरी गांव में राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट के तत्वाधान में ग्राम रक्सी और छतासेमर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें रक्सी के टीम ने जीत हासिल की। वहीं छतासेमर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर बालक छात्रावास लातेहार तथा चौथे स्थान पर बाजकुम लातेहार की टीम रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडे मौजूद रहे। श्री पांडे ने खिलाड़ियों को फुटबॉल व स्वागत कर्ता टीम को अंगवस्त्र देकर बधाई देते हुए कहा कि फुटबॉल का खेल खिलाड़ियों को शारीरिक के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत करता है। आगे भी इस तरह के आयोजन लातेहार में होते रहेंगे। जिससे लोगों के बीच खेल के प्रति जागरूकता बढ़े। मौके पर इस टूर्नामेंट के संरक्षक राकेश सिंह, अध्यक्ष बसंत कुमार सिंह, अंतू सिंह, अखिलेश सिंह, सुनील सिंह, दीपलाल सिंह, छोटू सिंह, बालकिशोर सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव शयाम प्रसाद, राजा मेदिनी राय आदिवासी में मंच के कमेटी तथा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## चलो करे आवास पूरा अभियान को लेकर किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चलो करे आवास पूरा अभियान 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक जिले के लंबित प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण करने हेतु चलाया गया। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में प्रखंडवार, पंचायतवार प्रगति की समीक्षा की गई एवं अच्छे कार्य करने वाले पंचायत सचिव एवं मुखिया को सम्मानित किया गया। साथ ही वैसे लाभुक जो अभियान के दौरान सुंदर आवास का निर्माण कराएं हैं, उन्हें सांकेतिक चाभी देकर गृह प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया। समीक्षा में सर्वाधिक लंबित आवास लावालौंग, हंटरगंज, चतरा एवं सिमरिया प्रखंड में देखी गई। इसे लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को अक्टूबर माह के अंत तक शत प्रतिशत आवास को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों से सहयोग करने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सभी प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए रूपेश तिवारी, जिला समन्वयक, सभी प्रखंड समन्वयक, प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखंड से दो अच्छे घर बनाने वाले लाभुक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## चतरा लोकसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी अभिषेक ने जरूरमंद को दवा उपलब्ध कराया



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिंह ने मनिका निवासी मुनीर अंसारी को निशुल्क दवा मुहैया कराया आपको बताते चलें कि मुनीर अंसारी काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे बीमारी के दौरान उनकी आंख की रोशनी चली गई जिसके लिए मुनीर अंसारी ने रांची में कई चिकित्सकों से अपना इलाज कराया लेकिन आंख की रोशनी वापस नहीं आई सूचना के बाद चतरा लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिंह ने मनिका के शर्मा ब्लड कलेक्शन सेंटर में मुनीर अंसारी को बुलाकर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराए डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने मुनीर अंसारी को आंख ठीक करने का वादा किया उन्होंने काहा की बीमारी की पूरी खर्चा हमारे द्वारा की जाएगी जिसे लेकर मुनीर अंसारी एवं उनके परिवार वालों के चेहरे में काफी खुशी देखी गई आपको बताते चले की चतरा लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा लगातार पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र में कैंप लगाकर लोगों को निःशुल्क नेत्र जांच कर आवश्यकता अनुसार दवा एवं चश्मा का वितरण की जा रही है डॉ. अभिषेक कुमार सिंह मीनाक्षी नेत्रालय रांची के प्रसिद्ध नेत्र रोग चिकित्सक है।

## एनटीपीसी के 9 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एनटीपीसी लिमिटेड तथा झारखंड सरकार के संयुक्त उद्यम पतरातू विद्युत उत्पादन निगम के 9 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लातेहार सर्किट हाउस में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त हिमांशु मोहन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, पतरातू विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रविंद्र कुमार , अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।एनटीपीसी लिमिटेड तथा झारखंड सरकार के संयुक्त उद्यम पतरातू विद्युत उत्पादन निगम के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर सहायक कंपनी बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा प्रारंभिक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चंदवा प्रखंड कार्यालय, जिला लातेहार में ग्राम वासियों को कंबल वितरण किया गया तथा ग्राम चेतर पंचायत भवन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 165 से अधिक स्थानीय निवासियों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में राजीव रंजन अपर महाप्रबंधक /प्रभारी खनन, एम चंद्र सेगर अपर महाप्रबंधक खनन, आर बी सिंह अपर महाप्रबंधक सिविल, अमरेश राहुल उपमहा प्रबंधक खनन, जिवनेंदु महोपात्रा उपमहा प्रबंधक खनन, सिद्धार्थ शेखर उपमहा प्रबंधक खनन, विनेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक खनन, सुबोध जान पूर्ति वरिष्ठ प्रबंधक खनन, प्रवीण कुमार वरिष्ठ प्रबंधक खनन, एवं PUVNL के अन्य कार्यपालक खनन आदि उपस्थित थे।

## नए प्रभारी बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा के निवर्तमान बीडीओ सह सीओ खगेश कुमार को गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।प्रखंड में नए प्रभारी बीडीओ के रूप में विपिन कुमार भारती ने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार से गुरुवार को प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रभारी बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। नए प्रभारी बीडीओ का स्वागत बुके देकर किया गया, वही निवर्तमान बीडीओ खगेश कुमार को माला पहनाकर व छात्रों ने चरण स्पर्श कर भावपूर्ण विदाई दी।स्थानीय लोगों ने निवर्तमान बीडीओ के कार्यकाल का प्रशंसा करते हुए कहा की कुन्दा में ऐसे पहले बीडीओ हुए जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों के लिए शिक्षक बन गए थे।प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने प्रशासनिक कार्यों को करने के बाद बाकी बचे समय में आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों को निःशुल्क पढ़ाते थे। क्योंकि प्रखंड विकास पदाधिकारी पूर्व में एक शिक्षक थे इसीलिए उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यरत होने के बावजूद भी शिक्षक के कर्तव्य को नहीं भूले।उनका कहना था कि आदर्श समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो छात्र के व्यक्तित्व का विकास कर उसमे अच्छे मूल्यों और आदर्शों को विकसित करता है जिससे कि वो आगे चलकर देश का श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश की उन्नति एवं विकास में अपना योगदान दे सकें।समारोह में प्रखंड प्रमुख कमला देवी, कुन्दा पंचायत मुखिया मनोज साहू, सिकीदाग मुखिया अनीता देवी, बौधाडीह मुखिया अनीता देवी, नवादा मुखिया भारत यादव, मरगड्डा मुखिया उपेन्द्र पासवान, समाजसेवी अम्बिका सिंह भोक्ता, अखिलेश प्रसाद यादव, बिनोद साव, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा, समेत सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी, स्वयं सेवक, ब्लॉक ऑपरेटर शामिल रहे।

## हॉकी टूनामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए विजय बहादुर

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई कलां पंचायत अंतर्गत हेठली के झरना में चल रहे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो स्मृति हॉकी टूनामेंट के समापन समारोह में गुरुवार को हॉकी टूर्नामेंट में युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू ने खेल मैदान में पहुचे।खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में तीन ग्रुप का खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथो शील्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। फ़ाइनल मैच के समारोह में मुख्य अतिथि युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू के अलावे बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजीत राजू, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी के भाई कांग्रेसी नेता गोपाल त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, शनि कुमार, समेत काफी संख्या में कई गणमान्य लोग की उपस्थिति हुई।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में शिरकत किए विधायक रामचंद्र सिंह

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा चन्द्रदाहा बजार टांड़ स्थित खेल मैदान में गुरुवार को आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने फिता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान डेमू चुटाई बनाम छेचा बालक वर्ग में बालिका वर्ग में फाइनल खेल में डोमाखाड गारू और बरवाडीह मुर्गीडीह के बीच खेला गया। जहां मौके पर कांग्रेस प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,युथ कांग्रेस स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, स?ईद अंसारी समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति थे। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक श्री सिंह ने कहां कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। साथ ही समय समय पर खेल को खेलते रहना चाहिए। पुरे लगन और मेहनत के साथ खेल को खेल और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करे।

## आरएनएम कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड स्थित आरएनएम डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय के प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।यह आयोजन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के एनएसएस यूनिट के आदेशानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित की गई।इस कार्यक्रम में एनएसएस के वॉलंटियर और महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने अपने घरों से मिट्टी लाकर कलश में एकत्रित किए।इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान हर्षोल्लास के साथ गाया गया।पंच प्रण शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने देश की आजादी में क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्थापित बाबू राम नारायण सिंह की मूर्ति इस बात को दरसाता है कि इस क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर ख्याति प्राप्त किए और शिक्षा के कार्य से ही जाते समय सड़क हादसा में उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई। उन्होंने आगे कहा कि आज देश हित में प्रण लेने की जरूरत है तभी राष्ट्र विकास करेगा। इस दौरान स्वयंसेवकों, छात्र छात्राओं, कॉलेज के शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा घर से लाए गए एक मुट्ठी मिट्टी को कलश में डाला गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं में देश प्रेम का भाव उत्पन करना है। ऐसे कार्यक्रमों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती है। साथ ही हमसबों में देश व राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत होता है। पम्मी कुमारी, नेहा प्रवीण,हसनैन मनीष यादव और शुभम कुमार के द्वारा तैयार किए गए कलश की खुब सराहना की गई। इस दौरान उत्सव का माहौल दिखा। साथ ही अमृत कलशा की शोभा देखते ही बन रहा था।

## वन अधिकार कानून के क्रियान्वयन को लेकर रैली व जनसभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संयुक्त ग्राम सभा मंच व झारखंड वनाधिकार मंच के तत्वावधान मे गुरूवार को जिला मुख्यालय मे वन पट्टा की मांग को लेकर एक दिवसीय आक्रोश रैली निकाला गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए बरवाडीह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ बीर दिशुम अधिकार कानून 2023 लाकर ग्रामसभा की शक्तियो को कमजोर किया जा रहा है जिसका विरोध जरूरी है. उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत ही वन पट्टा मिलना चाहिए. राजेश्वर सिंह ने कहा कि वन अधिकार कानून 2006 के अंतर्गत हजारो व्यक्तिगत वन अधिकार दावा अनुमंडल व जिला स्तर पर लंबित है, जिसका निपटारा किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हजारों व्यक्तिगत वन अधिकार के दावा को गैर कानूनी तरीके से निरस्त किया गया है।जिसे पुनः कानून सम्मत पुनरीक्षण करने की जरूरत है। सरयु प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि जिले मे एक भी वन संसाधनों पर अधिकार सीएफआरआर के तहत दावा का अधिकार पत्र निर्गत नही किया गया है जो गलत है।उन्होंने कहा कि जिला में परपंरागत वन निवासियों के वन अधिकार के दावा को कानून की गलत व्याख्या देकर उसे निरस्त किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी गैर कानूनी तरीके से वन अधिकारों को प्राप्त करने की प्रक्रिया मे हस्तक्षेप करते है।सभा के बाद उपायुक्त को संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया। कार्यक्रम में कन्हाई सिंह के साथ बालकेस्वर उरांव वुधेश्वर उरांव सेलेसटिन कुजूर समेत सैकड़ों लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## छात्रवृति को लेकर बीएड प्रशिक्षुओं ने जिला समाहरणलय के समक्ष दिया धरना



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छात्रवृति को लेकर बीएड प्रशिक्षुओं ने जिला समाहरणलय के समक्ष धरना दिया। बीएड प्रशिक्षुओं का अनिश्चित कालीन धरना आज से शुरू हुआ। गौरतलब है कि बीएड, बीसीए, डीएलएड, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों का छात्रवृति लंबित है। छात्रवृति नही मिलने से छात्र छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यस्क होने के पहले ही मार दिया गया सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूचना अधिकार रक्षा मंच, झारखंड के सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा की यूपीए सरकार ने 2005 सूचना अधिकार कानून बनाया जो जम्मू कश्मीर को छोड़कर पूरे देश में 12 अक्टूबर 2005 से लागू हो गया. कानून को बने आज पूरा 18 वर्ष पूरा हो गया. यानी आज सूचना अधिकार अधिनियम 05 व्यस्क हो गया है. लेकिन झारखंड में इस अधिनियम को मारने का प्रयास 2011 से आरंभ हो गया था . 2011 जूलाई में झारखंड राज्य सूचना आयोग के सभी सूचना आयुक्त रिटायर हो गए और उसके बाद सरकार ने सूचना आयुक्त की बहाली शिथिल कर दी. 2018 से राज्य सूचना आयोग में एक भी सूचना आयुक्त की बहाली नहीं हुआ है जिसके कारण लगभग दस हजार द्वितीय अपील की सुनवाई राज्य सूचना आयोग में लंबित है. इससे आरटीआई एक्टिविस्ट निराश होकर अब सूचना मांगना ही बंद कर दिया है कारण है कि सूचना मांगने से जन सूचना अधिकारी सूचना नहीं देते हैं, प्रथम अपीलीय पदाधिकारी प्रथम अपील पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं. सारे अधिकारी यह जानते हैं कि राज्य सूचना आयोग में कोई सूचना आयुक्त है नहीं जो सूचना न देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करेगा. इधर जुलाई 2023 में केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटक्शन कानून 2013 बनाकर सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है. इससे स्पष्ट होता है की सूचना अधिकार अधिनियम 2005 से न सिर्फ राज्य सरकार बल्कि केंद्र सरकार भी बहुत भयभीत है. यह एकमात्र कानून है जो अल्पायु मे ही वो काम कर दिया जो केंद्र और राज्य सरकार की बड़ी बड़ी जांच एजेंसी आजादी के बाद से लेकर आज तक नहीं कर सकी. इसलिए राज्य और केन्द्र की सरकारें भयभीत होकर इस कानून को ही मारने की पुरी तैयारी कर ली है ताकि आम जनता सरकार से सरकार की भ्रष्टाचार, मनमानी, लुट आदी से संबंधित सूचना नहीं मांग सके.

### कांग्रेस पार्टी ने 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बैठक का किया बहिष्कार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य संजय तिवारी ने कहा की बैठक में लिए गया फैसला का अनुपालन सर जमीन पर नहीं होता है. उन्होंने आरोप लगाया की बीते बैठक में मैंने सवाल उठाया था की एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश के बाद कन्वेयर बेल्ट से कोयले की ढूलाई एनटीपीसी आरंभ कर दी है तो फिर एनटीपीसी और त्रिवेणी कंपनी हाईवा से कोयले की ढूलाई क्यों कर रही है. जिससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि स्वस्थ लोग भी बीमार पड़ कर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं. इतना ही नहीं आए दिन केरेडारी, बड़कागांव और हजारीबाग में हाईवा से एक्सीडेंट होने के कारण हर सप्ताह एक - दो लोग अपनी जान गवां रहे हैं. जब कोयला ढोने के लिए कन्वेयर बेल्ट बन चुका है और उसे कोयला ढुलाई भी हो रहा है तो फिर अलग से हाईवे से कोयला ढोने का मतलब समझ में नहीं आ रहा है और इस मामले पर जिला प्रशासन पूरी तरह से खामोश है. इसलिए आज मैंने 20 सूत्री की बैठक में ना जा कर के ऑफिस के बाहर बैठ कर बैठक का बहिष्कार किया. इस बात की खबर जब जिले के प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता को मिली तो उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में 6-7 20 सूत्री सदस्यों को नीचे भेजें और उन्होंने आग्रह किया कि जो भी बात रखनी है बैठक में आकर की अपनी बात रखें. संजय तिवारी बैठक में गए और अपनी बातों को जोरदार तरीके से रखें. इनकी बातों पर बैठक में गंभीरता पूर्वक चर्चा करने के बाद मंत्री ने हाईवा रोकने के लिए दो सदस्य कमेटी, जिला खनन पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी को लेकर बनाया गया है. यह लोग जांच कर उपायुक्त हजारीबाग को रिपोर्ट देंगे उसके बाद हाईवा बंद करने का फैसला लिया जाएगा. संजय तिवारी ने कहा की अगर भविष्य में इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो संवैधानिक ढंग से गांधीवादी तरीके और कानून का पालन करते हुए मैं अकेले आमरण अनशन करने के लिए बाद हो जाऊंगा. जिस प्रकार सीकरी और जुगरा में लहलहाते धन की फसल पर त्रिवेणी कंपनी और एनटीपीसी ने बुलडोजर चला दिया वो सरासर पावर का दुरुपयोग है. तथाकथित जनप्रतिनिधि, अधिकारी अपने पावर का दुरुपयोग ना करें और कम से कम भगवान से डरे. एन टी पी सी, त्रिवेणी कंपनी के द्वारा इसी तरह बड़कागांव, केरेडारी और हजारीबाग की जनता का एक्सीडेंट करके जान लेते रहने से अच्छा है की बड़कागांव, केरेडारी की जनता पर बुलडोजर चलवा दिया जाए और पूरे जनता का जान लेकर जितना खनन करके कोयला लूटना है लूटते रहे. कोई विरोध नहीं करेगा. इनके मांगो को जिला 20 सूत्री सदस्य तोखन रविदास,इजहार अंसारी,अजय गुप्ता, कविता सिंह सी पी ए।नेता गणेश कुमार सीटू,कांग्रेस नेता जावेद मल्लिक, दिलीप रवि, मोहम्मद जहांगीर, मुंगेश्वर प्रसाद चौधरी, मुस्ताक अंसारी ,अनिल वर्मा, उदय से, विनय सिंह, परवेज अहमद, सुनील ओझा ने समर्थन करने के लिए उनके साथ उपस्थित थें ।

### एयर फोर्स में तैनात युवक की असामयिक निधन की सूचना मिलते ही परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के करसो निवासी बिरेन्द्र यादव के पुत्र लक्की यादव का असामयिक निधन बुधवार को हो गया। निधन की सूचना मिलते ही संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनो को सांत्वना दिया। पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए उन्होंने कहा कि इस उम्र में युवक के निधन से न सिर्फ परिवार को बल्कि देश और समाज को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वह उनके साथ है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि इंडियन एयरफोर्स के होनहार जवान लक्की यादव की मौत के खबर से काफी मर्माहत और दुखी हूँ। ज्ञात हो कि स्व. लक्की यादव ऑन ड्यूटी बीमार हो गये थे। दिवंगत युवक की आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और परिवारजनों व स्नेहजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने का शक्ति प्रदान करें। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संतोष निषाद, ज्योतिष यादव, सचिन यादव, प्रमोद यादव, देवेंद्र यादव, विशाल यादव, राजेन्द्र यादव, सूरज यादव, अमित सिंह, सुरेश गोप, सूरज यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### बूथ सशक्तिकरण का कार्य जोरों पर : अशोक यादव

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बूथ सशक्तिकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। संगठन की मजबूती हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा गठित समितियो का सत्यापन किया जा रहा है। कार्य का संपादन के लिए प्रदेश की ओर से जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रवासी के रूप में प्रत्येक मंडलों में नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा तीन चरणों में सत्यापन का काम किया जाना है । प्रथम चरण में मंडल के पदाधिकारियो की बैठक कर उनका सत्यापन किया जाना है। दूसरे चरण में शक्ति केंद्र/पंचायत संयोजकों की एवं तीसरे चरण में बुथ अध्यक्षों का सत्यापन किया जाना है। साथ ही मंडल प्रवासियों के द्वारा ही प्रत्येक मंडल के दो अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति बस्ती का भ्रमण कर ,उनके बीच मोदी के 9 वर्षो के कार्यकाल में जनहित में किए गए कार्यो के बारे में चर्चा परि चर्चा करते हुए ।यह जानकारी लेनी है की कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। मंडल प्रवासियों द्वारा किए जा रहे कार्यो का मॉनिटरिंग /देख -रेखा स्वयं भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के द्वारा की जा रही है ।युक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## पंचमाधव पंचायत में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण जिला उद्यान विभाग शंकरपुर के द्वारा सहयोगी संस्था राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग के सहयोग दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव,विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जिला परिषद प्रीती कुमारी, स्थानीय मुखिया नीलम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पसस प्रतिनिधि कामेश्वर राम, समाजसेवी नागेश्वर रजक, वार्ड सदस्य नजमा खातून, घनश्याम सिंह, राजेंद्र यादव, प्रकाश ठाकुर, जानकी यादव शामिल रहे। इसमें कुल 50 प्रतिभागी जसलपीएस से भाग ले रहे हैं। जिला उद्यान कार्यालय

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी बरही पश्चिम मंडल की एक आवश्यक बैठक होटल उज्जैन पटना रोड बरही में हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पंचायत प्रभारी एवं मंडल कार्य समिति की बैठक हुई।जिसमें मंडल के सभी बूथ का पुनरीक्षण किया गया एवं प्रदेश के निर्देशानुसार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बरही पश्चिम मंडल से हर एक पंचायत से कलश जमा किया गया। वही कहा की उसे प्रदेश में भेजा जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित मंडल के प्रवासी प्रभारी संजीव कतरियार, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, प्रदेश का मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, उपेंद्र सिंह, रसोईया धमना मुखिया गोविंद साहू, महामंत्री प्रमोद सिंह, मनोज उपाध्याय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, लक्ष्मी सिंह, शंभू सिंह, विमल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस ओबीसी के जिला महासचिव सुनील साहू व जिला प्रवक्ता तौकीर रजा बने, कांग्रेसियों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड प्रदेश के ओबीसी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा ओबीसी कमिटी का विस्तार करते हुए जिला महासचिव सुनील साहू व जिला प्रवक्ता तौकीर रजा को नियुक्त किया गया है। दोनो बरही के निवासी हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पूरी ईमानदारी से मेहनत करेंगे और अपना पूरा समय ओबीसी कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने में लगाएंगे। बधाई देने वालों में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी आदि शामिल है।

## हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने चार दिवसीय स्वावलंबन मेले का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों के परिणाम स्वरूप सिडबी ने 12 अक्टूबर को हजारीबाग जिले में एक महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसमें वित्तीय समावेशन, सूक्ष्म उद्यम संवर्धन, ग्रामीण विकास, और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सिडबी द्वारा की गई विभिन्न आयोजनों की जानकारी प्रदान की गई।सांसद ने कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए कहा कि सिडबी कॉन्क्लेव हजारीबाग के सूक्ष्म उद्यमों के विकास एवं रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिडबी के सूक्ष्म उद्यम संवर्धन कार्यक्रम (एमईपीपी) के तहत, हजारीबाग सहित पूरे प्रदेश में 1100 उद्यमों की स्थापना होने की योजना है, जिससे लगभग 2200 युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा होंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में आजीविका सृजन को प्रोत्साहित करेगा।इस कॉन्क्लेव में आयोजित स्वावलंबन मेले के माध्यम से, सूक्ष्म उद्यमी, कारीगर, और स्वयं सहायता समूह अपने ग्राहक-आधार को व्यापक बनाने के अवसर का आनंद उठा सकेंगे और मेले के स्थल पर अपने उत्पादों की बेचैनी भी दूर कर सकेंगे।

## जिप सदस्य एवं एमओ ने जनवितरण प्रणाली की दुकान का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के अचलजामो पंचायत अंतर्गत बसरियाटांड़ के ग्रामीणों द्वारा सरस्वती महिला मंडल जनवितरण प्रणाली की दुकान से राशन कटौती एवं राशन न मिलने के संदर्भ में प्रखंड कार्यालय में लगभग सौ ग्रामीणों ने लिखित आवेदन 03 अक्टूबर 2023 को दिया गया था।जिसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जल्द सुनवाई करने की बात कही गई थी। परंतु लाभुकों द्वारा लंबा इंतजार करने के बाद जब कार्रवाई नहीं हुई तो बसरियाटांड़ के ग्रामीणों ने विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब को इस मामले की सूचना दी।सूचना पाकर शेख तैयब ने संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द मामले की जाँच को कहा ।शेख तैयब के शिकायत पर आज 11 अक्टूबर 2023 को विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद शैख तैयब, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक के द्वारा जन वितरण प्रणाली का औचक निरीक्षण किया गया।

## पडीरमा मध्य विद्यालय में पुस्तक एवं स्कूली बैग का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के पडिरमा मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच पुस्तक व स्कूली बैग का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा देवी, सचिव सह शिक्षक दशरथ कुमार, दिनेश यादव, सुखदेव यादव, ब्रह्मदेव पासवान व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि बच्चे सदैव स्कूल आकर ज्ञान अर्जित करें और अपना भविष्य निर्माण करें। हम जितना अपने आसपास साफ सफाई रखेंगे बीमारी उतना हमसे दूर रहेंगे। विद्यालय में कुल 242 बच्चों का पुस्तक व स्कूली बैग का वितरण किया गया। बच्चे किट पाकर काफी खुश दिखे। किट पाने वाले बच्चों में पुष्पा कुमारी, पुनम कुमारी, पायल कुमारी, कल्पना कुमारी, विकास कुमार, विशाल कुमार, रोशन कुमार, अजित रविदास, ओम कुमार, कमल कुमार, भोला रविदास समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## प्रमंडलीय सदर अस्पताल में सीरिंज के अभाव में बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्था बिगड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में स्थित जिले के प्रमंडलीय सदर अस्पताल के टीकाकरण केंद्र में बड़े उम्मीद के साथ न सिर्फ हजारीबाग बल्कि आसपास जिले के माता-पिता अपने शिशु के साथ टीकाकरण कराने पहुंचते हैं। प्रतिदिन यहां कम से कम 50 और अधिक से अधिक 100 से ऊपर माता-पिता अपने बच्चे को टीकाकरण के लिए लेकर आते हैं। लेकिन पिछले चार दिनों यहां टीबी की बीमारी सहित इन्फेक्शन से बचाव के प्रतिरोधक टीका बीसीजी और आईपीवी सहित अन्य प्रकार के कई टीकाकरण के लिए पहुंच रहें दर्जनों माता- पिता को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है और इसका मुख्य कारण टीकाकरण केंद्र में 0.1 एमएल के सीरिंज का अभाव। सदर अस्पताल में कई जरूरी दवाओं और बीमारी के इलाज में उपयोग होने वाले अन्य प्रकार के साधन की खरीदारी के लिए शहर के कई स्थानीय दुकान चिन्हित हैं और जरूरत पर निरंतर उपलब्ध भी कराया जाता रहा है लेकिन इसके बावजूद पिछले चार दिनों से प्रभावित टीकाकरण के लिए एक अदद सिरिंज उपलब्ध नहीं कराया जाना हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल उठाता है । सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल परिसर में सुदूरवर्ती क्षेत्र से पहुंचे माता-पिता को अपने शिशु के साथ निराश होकर वापस लौटते देखा और जब उनसे पूछा तब यह मामला उजागर हुआ की सीरिंज के अभाव में बीसीजी सहित अन्य कई टीका बंद हैं।

विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने तत्काल इसकी सूचना हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट कर दी और उनसे इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया एवं हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ. एस.पी.सिंह को भी इस मामले से मिलकर अवगत कराते हुए तत्काल सीरिंज उपलब्ध कराने का आग्रह किया। रंजन चौधरी ने इसकी सूचना छत्तीसगढ़ में पार्टी कार्य में व्यस्त हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को भी दी। इधर जब इस लापरवाही का मामला सिविल सर्जन हजारीबाग के पास आया तो उन्होंने प्रेस/मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि टीकाकरण के लिए मुख्यालय से सीरिंज उपलब्ध कराया जाता है लेकिन मुख्यालय स्तर से फिलहाल सीरिंज नहीं उपलब्ध कराए जाने पर निर्देश प्राप्त हुआ है कि स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा की हमलोग स्थानीय स्तर पर सीरिंज का ऑर्डर कर चुके हैं और आने वाले दो दिनों में यह उपलब्ध हो जाएगा।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा,में गुरुवार को वंदना सभा में सदस्य महेन्द्र राम एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात् विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सहभागी भैया बहन को सदस्य महेन्द्र राम एवं मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिया। विभाग स्तरीय संगणक प्रश्न मंच प्रतियोगिता किशोर वर्ग में बहन सुरुचि कुमारी, बहन मौली रानी, बहन कुमकुम कुमारी, वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में भैया सकलदेव यादव, भैया रोनक कुमार, भैया प्रिंस यादव, विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता किशोर वर्ग में बहन रिशु कुमारी, बहन अमिशा रानी, भैया चन्दन कुमार तथा प्रांतीय विज्ञान मेला बाल वर्ग में बहन विद्या कुमारी कक्षा सप्तम, भैया परमानंद मोदी कक्षा अष्टम एवं भैया तनय नंदन कक्षा अष्टम की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में अल्पना सिन्हा, रिंकी कुमारी, निखत प्रवीण, अर्चना सिन्हा, रेवत लाल प्रसाद, सचिन कुमार पाण्डेय, आनन्द किशोर प्रजापति, पप्पू कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र कुमार, पवन कुमार गुप्ता, राज कुमार सिंह, रविकांत पाठक, मुकेश कुमार सिन्हा, रेवत लाल प्रसाद, राहुल कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार, शिव शरण ठाकुर एवं सुशील सौरभ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## माउंट कायरा नेशनल स्कूल में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत अंतर्गत करीमगंज स्थित माउंट कायरा नेशनल स्कूल में गुरुवार को कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि जे एम एम के केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू शामिल हुए। प्रतियोगिता की शुरुआत में रामकिशोर मुर्मू ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा की हमारा शरीर भी एक मंदिर है और हमें इसे स्वस्थ और स्वच्छ कैसे रखना है यह हम पर निर्भर करता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कराटे खेल कूद से हमारा शरीर हमारा मस्तिष्क हमेशा चुस्त तंदुरुस्त रहता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिस तरह से भी मेरी मदद की आवश्यकता होगी मैं हमेशा हर तरह से उनके लिए तत्पर हूं वहीं विद्यालय प्रबंधन से भी उन्होंने कहा कि मैं हर तरह से विद्यालय प्रबंधन की सहायता के लिए खड़ा हूं।वहीं कराटे प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए सभी को आकर्षित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा ब्लू बेल्ट से सम्मानित किया गया। कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में रिया हेमब्रॉम्ब, दिलीप हांसदा, प्रीति टुडू,स्नेह प्रिया टुडू, निखत फातमा, जयंत टुडू,संदीप सोरेन, आदित्य हांसदा, अरसलान खान,आशा मुर्मू शामिल थे। इस मौके पर मुख्य रूप से कराटे प्रशिक्षक बलिराम शर्मा,गणेश राम, पूजा कुमारी विद्यालय के शिक्षक, बॉबी करीम,राजीव कुमार,शिवम कुमार, अशबा परवीन, शमा परवीन,बहमुनी सोरेन,तसनीम उजरा सहित अन्य अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूरो, विस्थापितों, सिंचाई व अन्य जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदन में रखूंगा : खीरू महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने विष्णुगढ़ प्रखंड के कई गंभीर जन कल्याणकारी समस्याओं को राज्य सभा सांसद खीरू महतो के समक्ष रखा।सांसद महोदय ने कहा कि मैं विष्णुगढ़ के लिए हर वक्त चिंतित रहा हूं,इस क्षेत्र की समस्या मेरी समस्या है। प्रखंड की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द निदान करने का प्रयास करूंगा,जरूरत पड़ी तो मैं प्रखंड की समस्या को राज्य सभा के सदन में रखूंगा।साथ उन्होंने यह भी कहा कि आये दिन मैं देखते सुनते रहता हूँ, की काफी संख्या में प्रवासी मजदूरों की मौत होती रहती है । इस तरह की घटना काफी गंभीर है,अगर उस क्षेत्र में फैक्ट्री, किसानों के खेत में सिंचाई सुविधा मुहैया कराई गई होती तो शायद इस तरह की घटनाएं कम होती। जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने मनरेगा योजना से बनने वाली पशु शेड योजना बंद होना गंभीर विषय यह योजना मरनेगा अंर्तगत गरीब किसानो के लिए संचालित था।

जिसे मनरेगा जिला कार्यक्रम पधाधिकारी ने पिछले वर्ष से रोक लगा रखा है, जो बिल्कुल अनुचित है, माननीय सांसद ने कहा कि यह गंभीर मामला है ।इस पर मैं जल्द उचित कार्यवाई के लिए संबंधित विभाग में बात रखूंगा । बरहमोरिया में 40 वर्षो से अधूरे सिंचाई योजना को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कराऊंगा अवगत कोनार डैम निर्माण में हुवे विस्थापितों के लिए बिहार सरकार ने 40 वर्ष पूर्व बारहमोरिया के समीप कोनार डैम के किनारे सिंचाई योजना निर्माण आरंभ किया गया था। पर, लगभग 500 एकड़ भूमि पर 2 फिट व्यास का पाईप बिछाया जा चुका था, साथ ही डैम में एक बड़ी सा कुंआ का भी निर्माण हुआ है, पर दुर्भाग्य है की 40 वर्षो से विस्थापित किसान आज भी अपने खेत में पानी के लिए आशान्वित हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रामगढ़ जिला में महिला तस्करी करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई : ऐपवा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऐपवा की एक समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में बताया कि 30 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक नई दिल्ली में ऐपवा का 9वां राष्ट्रीय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुई। ऐपवा राष्ट्रीय परिषद् में रामगढ़ जिला से दो सदस्यों को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय सम्मेलन में रामगढ़ जिला से 8 हजार सदस्यता बनाया गया है। जिसमें जिला के अंतर्गत दो दर्जन से अधिक गांवों में जन-अभियान चलाया गया। ऐपवा अपने जन्म काल से ही महिलाओं की सुरक्षा, समानता, बराबरी, आजादी की मांग के साथ 50त्न महिला आरक्षण मांग की लड़ाई जारी रखे हुए है। संघर्ष के परिणाम स्वरूप पंचायत चुनाव में आरक्षण मिली और अभी केन्द्र सरकार के द्वारा जुमला की भांति महिला आरक्षण लागू की गई है, उसे लागू करने से कौन रोक रहा है जो इस बार 2024 के चुनाव में लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? लागू करने से इसे कौन रोक रहा रहा है।रामगढ़ जिला में आदिवासियों की गरीबी के कारण पतरातू प्रखंड़ के खफिया गांव के जतरु बेदिया के पुत्री को मानव तस्करों के द्वारा खरीद बिक्री कर लखनाऊ ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ता को जानकारी मिलते ही हस्तक्षेप कर मानव तस्करी पर रोक लगाई गई। इस पर ऐपवा ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि जिला में चल रहे मानव तस्करी पर तत्काल जांच करते हुए अपराधियों पर कार्रवाई करने की मांग करती है। यह बैठक रामगढ़ माले कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में नीता बेदिया, कांति देवी,झूमा घोषाल,रीता सोरेन,सीता देवी और जयंती देवी उपस्थित थे।

## अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सिटिजन फोरम विद्यालय, गिद्दी में एक सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमेंदिया गया। बालिकाओं को लैंगिक भेद भाव, बाल्यावस्था में विवाह अच्छा एवं बुरा स्पर्श, आदि की जानकारी दी गई बालिकाओअन्यमा के बालिकाओं को बधाई देकर आशीर्वाद को अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चिओं के सैनेटरी हाई जिन एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर उचित परामर्श दिए गए यह भी बताया गया कि विश्व मेंऔर भारत में बालिकाओं के लिए सैकड़ो सुविधाएं एवं योजनाओं को, लागू किए गए है उनका लाभ उठाएँपढ़ाई के साथ साथ खेलकुद, कला, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं अच्छे बुरे संगत पर ध्यान देना चाहिए हर क्षेत्र में बालिकाएंआगे आकर महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करे ताकि परिवार और देश का नाम रौशन हो शिक्षिकाओं में नीलिमा मित्रा, सीमादेवीसुनीता रोप्पो, निशिका सिंह, एवं सोनाली दुबे मे बालिकाओं का मार्गदर्शन किए एवं चॉकलेट आवंटन किएभारत स्काउटस एण्ड गाइडस के कैडेटों ने कार्यक्रम में सहयोग किए

## पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में दिखी युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रतिभा




**झारखंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड के हर कोने से 20 से अधिक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के 7वें संस्करण में मुख्य भूमिका निभाई। इस उत्सुकता से भरी प्रतीक्षित खेल प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। प्रतिष्ठित खेल गांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समापन समारोह में विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। युवा बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों के बीच शानदार प्रदर्शन हुआ।9 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के एकल वर्ग में ओरायन बिशाल ने अपना दबदबा बनाया। संकल्प सिंह को 15-6, 13-15, 15-14 के मजबूत स्कोर के साथ पराजित करते हुए अपनी जीत पक्की की। इसी तरह, गर्ल्स सिंगल्स अंडर 9 वर्ग में प्रियंका कुमारी ने अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नंदिता गोपी को 15-6, 15-14 के प्रभावशाली स्कोर के साथ हराया।11 वर्ष से कम आयु के लड़कों के एकल वर्ग में दुर्जेय राजवीर डी ने ओम सिंह से बेहतर प्रदर्शन किया। इसके अलावा गर्ल्स सिंगल्स अंडर 11 केटेगरी में प्रेरणा शोमी ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए आशिता को 15-13, 15-11 से पराजित किया लड़कों के सिंगल अंडर 13 वर्ग प्रतियोगिता में रतन श्रीराम ने बैडमिंटन कोर्ट पर अपने उल्लेखनीय कौशल का प्रदर्शन किया। एक रोमांचक मैच में रमेश समविथ से बेहतर प्रदर्शन किया। रतन श्रीराम ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, 15-3, 11-15, 15-14 के स्कोर के साथ एक शानदार जीत हासिल की। दूसरी तरफ गर्ल्स सिंगल्स अंडर 13 वर्ग में फिरदौस अक़्सा ने किरण काव्य को प्रभावशाली जीत के साथ 15-13, 15-13 के स्कोर के साथ हराकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।15 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के एकल वर्ग मुकाबले में स्वप्निल नायक ने इस बार के मुकाबले उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा। रक्षित सुजा ने एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला करते हुए 111 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। गर्ल्स सिंगल्स अंडर 15 वर्ग में अनन्या सिंह ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए अनुष्का कच्छप को 15-11, 15-6 के स्कोर के साथ हराकर विजय हासिल की। 17 साल से कम उम्र के लड़कों के एकल वर्ग में आशु गोयल ने 15-10, 15-10 केस्कोर के साथ दीपक महतो के खिलाफ मजबूत जीत हासिल की। गर्ल्स सिंगल्स अंडर 17 डिवीजन में अनन्या सिंह ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए देबादरीता बागची को 15-8, 15-12 के स्कोर से हराया।कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाते हुए बतौर मुख्यातिथि उपिस्थत पवन कुमार ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने युवा चैंपियनों को प्रतिष्ठित जेबीसी ट्रॉफी से सनमानित किया। जो उनकी असाधारण उपलब्धियों का प्रतीक है। पीएनबी मेटलाइफ के अधिकारी श्री समीर बंसल ने इस दौरान कहा कि पिछले तीन दिनों में हमने इन प्रतिभाशाली युवा एथलीट के उत्साह, दृढ़ संकल्प और अटूट समर्पण का अविश्वसनीय प्रदर्शन देखा है। उन्होंने विजेताओं को हार्दिक बधाई और फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी।

## गलत जीवन शैली युवाओं का नैतिक पतन : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आज का युवा वर्ग वह हर सुख सुविधा का जल्दी से जल्दी उपयोग करना चाहता है। आज कल सीरियल में भी अक्सर करोड़पति बाली प्रतियोगिताएं होती है और उन्हें लगता है कि इसमें ज्यादा मेहनत नहीं है पैसे कमाने के लिए बस कार्यक्रम का हिस्सा बन जाने से लखपति और करोड़पति बन जाने का यह ख्वाब देखते रहते है। इस प्रकार का जरूरत से ज्यादा महत्वाकाक्षी होना भी युवाओं के लिए एक समस्या बन चुका है। आजकल निम्न वर्गीय नौकरी पेशा माता-पिता इतने व्यस्त भरी जिंदगी को जीते हैं कि वह अपने बच्चों के भविष्य को थी नकारते चले जाते है वह खुद को भी समय नहीं दे पाते हैं ।

# आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने हेतु पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ अथवा अश्लील गाने न बजाने हेतु शख्त निर्देश दिए।सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने एवं तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने एवं आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशानिर्देशों को पहुंचाने की अपील की वही उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने विसर्जन विजया दशमी के दिन दिए गए समय पर ही करने का निर्देश दिया।दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा निम्न दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल मिला विद्युत विभाग के अभियन्ता से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियन्ता एव सहायक अभियन्ता से मिलकर विद्युत विभाग की विभिन्न समस्याओ जैसे जिला मे लगभग 8-10 घण्टे तक हो रही विद्युत कटौती, थाना चौक मे एवी सुविच लगाने , डी.वी.सी द्वारा की जा रही विद्युत कटौती के समय मैन्टनेस का कार्य करवाने तथा विद्युत कटौती के समय के सम्बन्ध मे चेम्बर को जानकारी देने की मांग की।विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियन्ता एव सहायक अभियन्ता द्वारा चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल को बतलाया गया कि विद्युत कटौती की स्थिति मे एक-दो दिनो सुधार होने, थाना-चौक मे एवी सुविच लगाने के सम्बन्ध मे सहायक अभियन्ता द्वारा स्थल निरिक्षण करने तथा विद्युत कटौती के समय के सम्बन्ध मे चेम्बर को जानकारी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया। विद्युत मैन्टनेस के सम्बन्ध मे बतलाया गया कि नवरात्रा को देखते हुए मैन्टनेस के कार्य को करवाया जा रहा है जो कलश स्थापना के बाद बन्द कर दिया जाएगा।

## झूमर प्रतियोगिता में तिलैया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के ग्राम रोयांग लरेवाटांड मैदान में रिझ रंग झूमर प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें पांच टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान तिलैया, द्वितीय स्थान मिश्राईन मोढा एवं तृतीय स्थान चानो की टीम को मंडली टीम के द्वारा घोषित किया गया। इन टीमों को अथितियों द्वारा खस्सी देकर पुरुस्कृत किया गया और रोयांग एवं होसीर के टीम को संतवाना के रूप में पांच- पांच किलो का मुर्गा देकर पुरुस्कृत किया गया।रिझरंग झूमर प्रतियोगिता का शुभारंभ करम डार गाड कर व अथितियों द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।जिसमें सभी टीमों द्वारा 15-15 मिनट का गीत-नृत्य दिखा कर लोगों का मनोरंजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवलाल महतो व डाड़ी भाग वन के जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिप सदस्य सह जदयू नेता दुष्यंत कुमार पटेल, डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, उपप्रमुख सुमन देवी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, समाज सेवी दशरथ प्रसाद महतो, रबोध के पंसस कीनिया देवी, होन्हेमोढ़ा के पंसस रीमा कुमारी,जदयू नेता कुमेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि सेवालाल महतो ,गिद्दी पंसस बंसती देवी, भाजपा नेता अमित साहु छुटकी डुंडी मुखिया रामसेवक महतो व पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुरेंद्र करमाली, मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके पर आयोजक समिति के अध्यक्ष गुलचंद महतो,सचिव भुनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष मंजीत कुमार महतो, संरक्षक मिठु महतो, कालेश्वर महतो,बृजनंदन महतो, प्रेमनाथ महतो, राजू महतो, बिहारी महतो, सुखदेव महतो, नरेश महतो, ठाकुर दास महतो, मंगलदेव महतो, लालधन महतो, धानेश्वर महतो, रामप्रसाद सिंह, केतर महतो, शिक्षक मुकेश कुमार महतो, भुनेश्वर ठाकुर , दीलीप महतो, मनोज कुमार, सुनिल महतो, डीके बेदिया, बासुलाल महतो, देवानंद कुमार, राजकुमार महतो, गीता देवी, ललिता कुमारी, बंसती देवी एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


## Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer, Khunti.
## (Department of Health and Family Welfare)

### NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)

Civil Surgeon, Khunti invities Experssion of Instrest (E.O.I) for Providing Services at Sadar Hospital, Khunti & C.H.C in Khunti Districts under AB -MMJAY (Ayushman Bharat- Mukhyamantri Jan Arogya Yojna).

| Sl.No | Name of Post | Minimum Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ayushman Mitra | 1. Intermediate or Higher Qualification from Recognised Institute/ University 2. Possessing fluent communication skills in English/Hindi and Local language 3. Having adequate functional computer literacy which shall include understanding of MS Office Suite and navigating through Internet Portals. | 07 (Sadar Hospital, Khunti – 03 CHC, Karra – 02 CHC, Murhu & Arki – 01 each) | 120/- per case |

**Terms and Conditions :-**

Relevant document can be downloaded from http://khunti.nic.in

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling eligibility criteria may submit fully filled application on prescribed format and attached all the certificates in support of their qualification, experience in **District Collectorate Hall, Khunti, at 11:00 AM on October 25th 2023.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant be not more than 45yrs as on 01.10.2023
- Selection to the above posts will be on the basis of Meritorious academic record and performance in the Written Exam/Interview/P.I/GD conducted by the Selection Committee, Khunti.
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.

PR 308964 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

**Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Khunti.**


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

### प्रपत्र VI

### समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

### (अधिनियम—30/2013 की धारा—11 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक करियातपुर से झुमरा कि0मी0 9.30 पथ का चौडीकरण/मजबुतीकरण निर्माण ग्राम—मोकतमा थाना—ईचाक, थाना—सं0—66, अंचल—ईचाक, जिला—हजारीबाग में कुल 0.82 एकड़ यानि 0.3319 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू—खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल 0.82 एकड़ यानि 0.3319 हेक्टेयर है और जो ग्राम—मोकतमा थाना—ईचाक, थाना—सं0—66, अंचल—ईचाक, जिला—हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:—

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 1322/1 | निजी | टांड—II | 0.020 | नवलेश कुमार, नरेश कुमार पिता स्व0 तालो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | सीताराम | मो0 पुनति |
| 2 | 37 | 1322/2 | निजी | टांड—II | 0.020 | मो0 पुनति जौजे लाटो साव, नवलेश कुमार पिता स्व0 तालो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नवलेष वगै0 | तालो साहु वगै0 |
| 3 | 37 | 1322/3 | निजी | टांड—II | 0.020 | तालो साहु, धीनु साहु, नवलेश कुमार, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | मो0 पुनति | मो0 पुनति |
| 4 | 37 | 1322/4 | निजी | टांड—II | 0.020 | मो0 पुनति जौजे लाटो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | तालो साहु वगै0 | लाटो साव वगै0 |
| 5 | 37 | 1322/5 | निजी | टांड—II | 0.020 | लाटो साव पिता गुरदयाल साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | मो0 पुनति | सीताराम |
| 6 | 25 | 1323 | निजी | टांड—II | 0.035 | सीताराम साहु पिता केवल साहु, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | दुलारचन्द साहु | नवलेष कुमार वगै0 |
| 7 | 27 | 1324 | निजी | टांड—II | 0.024 | दुलारचन्द साहु पिता स्व0 कैलु साहु, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | केदार साव | सीताराम |
| 8 | 11 | 1325 | निजी | टांड—II | 0.009 | केदार साव पिता स्व0 दुलारचन्द साव | नीज प्लौट | रास्ता | लाटो साव | दुलारचन्द साहु |
| 9 | 6 | 1326 | निजी | टांड—II | 0.005 | लाटो साव पिता स्व0 गुरदयाल साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | लाटो साव | केदार साव |
| 10 | 8 | 1327 | निजी | टांड—II | 0.009 | लाटो साव पिता स्व0 गुरदयाल साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | लाटो साव | लाटो साव |
| 11 | 17 | 1328 | निजी | टांड—II | 0.018 | लाटो साव पिता स्व0 गुरदयाल साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | बैजनाथ प्रसाद | लाटो साव |
| 12 | 24 | 1329 | निजी | टांड—II | 0.022 | बैजनाथ प्रसाद पिता लाटो साहु, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | लाटो साव | लाटो साव |
| 13 | 37 | 1331/1 | निजी | टांड—II | 0.038 | बालो साव, तालो साव, नवलेश कुमार पिता स्व0 तालो साव | रास्ता | नीज प्लौट | तालो साव | बालो साव |
| 14 | 37 | 1331/2 | निजी | टांड—II | 0.035 | बालो साव पिता धीनु साव, मोकतमा, करियातपुर | रास्ता | नीज प्लौट | बालो साव | मो0 पुनति |
| 15 | 37 | 1331/3 | निजी | टांड—II | 0.035 | मो0 पुनति पति लाटो साव, करियातपुर | रास्ता | नीज प्लौट | बालो साव | 1331/4 का रैयत |
| 16 | 37 | 1331/4 | निजी | टांड—II | 0.035 | 1331/4 का रैयत | रास्ता | नीज प्लौट | मो0 पुनति | तालो साव |
| 17 | 37 | 1331/5 | निजी | टांड—II | 0.035 | तालो साव पिता धीनु साव, करियातपुर | रास्ता | नीज प्लौट | 1331/4 का रैयत | सीमाना करियातपुर |
| 18 | 37 | 1332 | निजी | टांड—II | 0.021 | तालो साव पिता धीनु साव, नवलेश कुमार, करियातपुर | रास्ता | नीज प्लौट | 1333 प्लौट | बालो साव |
| 19 | 31 | 1334/1 | निजी | टांड—II | 0.010 | नवलेश कुमार पिता तालो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नरेष कुमार | किषुन साव |
| 20 | 31 | 1334/2 | निजी | टांड—II | 0.010 | किशुन साव पिता महादेव साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नवलेष कुमार | बिलिया देवी |
| 21 | 24 | 1335/1 | निजी | टांड—II | 0.010 | बिलिया देवी पति महादेव साव, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | किषुन साव | नीज |
| 22 | 24 | 1335/2 | निजी | टांड—II | 0.010 | बिलिया देवी पति महादेव साव, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | नीज | सरजु महतो |
| 23 | 27 | 1337 | निजी | टांड—III | 0.028 | सरजु महतो पिता बालो महतो, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | बिलिया देवी | अरविन्द कुमार |
| 24 | 6 | 1338/1 | निजी | टांड—III | 0.009 | अरविन्द कुमार पिता रामसागर राम, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | सरजु महतो | शान्ति देवी |
| 25 | 6 | 1338/2 | निजी | टांड—III | 0.009 | शांति देवी पति रामसागर राम, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | अरविन्द कुमार | बसंती देवी |
| 26 | 8 | 1339/1 | निजी | टांड—III | 0.005 | बसंती देवी पति मोती राम, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नीज | नीज |
| 27 | 8 | 1339/2 | निजी | टांड—III | 0.005 | शांति देवी पति रामसागर राम, मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | बसंती देवी | नवलेष कुमार |
| 28 | 11 | 1340/1 | निजी | टांड—III | 0.005 | नवलेश कुमार पिता तालो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | शान्ति देवी | तालो साव |
| 29 | 11 | 1340/2 | निजी | टांड—III | 0.004 | तालो साव पिता धीनु साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नवलेष कुमार | 1340/3 का रैयत |
| 30 | 11 | 1340/3 | निजी | टांड—III | 0.004 | 1340/3 का रैयत | नीज प्लौट | रास्ता | तालो साव | 1441 का रैयत |
| 31 | 29 | 1341 | निजी | टांड—III | 0.008 | प्लौट 1341 का रैयत | नीज प्लौट | रास्ता | 1340/3 का रैयत | बैजनाथ प्रसाद |
| 32 | 28 | 1342 | निजी | टांड—III | 0.011 | बैजनाथ प्रसाद पिता लाटो साहु, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | 1341 का रैयत | पुनति वगै0 |
| 33 | 25 | 1343 | निजी | टांड—II | 0.025 | पुनति जौजे लाटो साव, नवलेश कुमार पिता तालो साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | बैजनाथ प्रसाद | लाटो साव |
| 34 | 6 | 1344 | निजी | टांड—III | 0.022 | लाटो साव पिता गुरदयाल साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | पुनति वगै0 | बैजनाथ प्रसाद |
| 35 | 17 | 1372/1 | निजी | टांड—III | 0.009 | नरेश कुमार कसेरा पिता स्व0 महाबीर साव,मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | 1374 का रैयत | 1372/2 का रैयत |
| 36 | 17 | 1372/2 | निजी | टांड—III | 0.009 | 1372/2 का रैयत | नीज प्लौट | रास्ता | नरेष कुमार | तोखन साव |
| 37 | 17 | 1372/3 | निजी | टांड—III | 0.009 | तोखन साव पिता कारू साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | 1372/2 का रैयत | नरेष कुमार |
| 38 | 17 | 1372/4 | निजी | टांड—III | 0.005 | नरेश कुमार कसेरा पिता स्व0 महाबीर साव,मोकतमा | नीज प्लौट | रास्ता | तोखन साव | दुर्गा साव |
| 39 | | 1373/1 | निजी | टांड—III | 0.008 | दुर्गा साव, विनोद साव पिता महादेव साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | नरेष कुमार | बुधन प्रसाद |
| 40 | | 1373/2 | निजी | टांड—III | 0.011 | बुधन प्रसाद कसेरा पिता भगवत साव, करियातपुर | नीज प्लौट | रास्ता | दुर्गा साव | 1374 का रैयत |
| 41 | | 1374 | निजी | टांड—II | 0.008 | प्लौट 1374 का रैयत | नीज प्लौट | रास्ता | बुधन प्रसाद | नीज |
| 42 | 24 | 2097 | | टांड—II | 0.008 | अजीम मियाँ पिता मजहर मियाँ, करियातपुर | 2098 अंष | सीमाना मंगुरा | रास्ता | नीज |
| 43 | | 2098 | | टांड—III | 0.042 | उर्दु स्कुल मदरसा | रास्ता | नीज | स्कूल | 2094 का रैयत |
| 44 | | 2099 | | टांड—III | 0.089 | प्लौट 2099 का रैयत | नीज | रास्ता | नीज | 2092 का रैयत |
| 45 | 24 | 2100/1 | | टांड—III | 0.015 | युगल महतो पिता बेनी महतो, बिरेन्द्र मेहता, करियातपुर | प्लौट 2099 | राम प्रसाद | रास्ता | नीज |
| 46 | 24 | 2100/2 | | टांड—III | 0.011 | रामप्रसाद राम पिता छेदी राम, करियातपुर | युगल महतो | सिमाना मंगुरा | रास्ता | नीज |
| कुल | | | | | 0.82 | | | | | |

यह अधिसूचना भू—अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा—11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता—सह—समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू—वेधन—छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेंगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 308957 Land Reforms(23-24)D

ह0/— उपायुक्त, हजारीबाग।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## आरटीआई एक्ट का स्थापना दिवस पर सेमिनार का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बीसीसीएल सामुदायिक भवन डुमरा में ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले आरटीआई एक्ट का स्थापना दिवस में सेमिनार का आयोजन किया गया।, जिसकी अध्यक्षता ग्राम स्वराज अभियान के अध्यक्ष सुरेश रजक ने की एवम मंच संचालन सम्पूर्ण जनजागृति के रमेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कि आरटीआई एक्ट वर्तमान परिदृश्य में भारतीय संविधान की आत्मा बन गई। गरीब अनपढ़ मजदूरों ने जीएम कार्यालय में सैकड़ों आरटीआई आवेदन दायर कर न सिर्फ अपना हक की लड़ाई लड़ रही बल्कि वर्षो से गड़बड़ी और शोषण करने वाले पूंजीपति ठेकेदारों और भ्रष्ट अधिकारियों को जेल की सलाखों में डालने का काम किया है।सभा में सामाजिक कार्यकर्ता सुमन चौहान, नीलम वर्णवाल, गीता देवी, सरस्वती देवी, बेबी वर्णवाल, प्रदीप महतो, रमेश महतो, विक्की साव, विक्रम महतो, अजय महतो, मुनिलाल महतो, विकास कुमार महतो, सुरेश रजक, ठेका श्रमिक रामदास कुम्हार, रवि कु महतो, दिनेश कु महतो, धनु कुम्हार, शिव कु सिंह, कलावती देवी, शांति देवी सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## काण्ड्रा पंचायत में वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कैंप का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, महुदा मोड़ शाखा के तरफ से काण्ड्रा पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डीड़ीएम नाबार्ड के रवि लोहानी,एलडीएम राजेश कुमार सिन्हा, आरएसईटीआई डायरेक्टर समीर कुमार दुबे, जेआरजी बैंक गिरिडीह के क्षेत्रीय प्रबंधक विकाश कुमार सिंह , जेआरजी बैंक शाखा प्रबंधक महुदा मोड़ सुश्री खुशबू कुमारी, जेआरजी बैंक एफसीआई के लवली पंडित, बीओआई के एफएलसी राजेंद्र कुमार ,काण्ड्रा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को बैंक से संबंधित, सामाजिक सुरक्षा योजना, ऋण लाभ, फ्रॉड से बचाव, आदी संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना था, जिसमे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। मौके पर लक्ष्मी देवी, अन्जु महतो, उर्मिला महतो, प्रिति कुमारी, नमिता कुमारी, करमा महतो, कमल ठाकुर, आदी मौजुद थे।

## महिला बाल विकास द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय गिरिडीह में महिला बाल विकास एवम सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण ईकाई की परामर्शदाता नीलम कुमारी, जागो फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष सरोजित कुमार, बनवासी विकास आश्रम के प्रियंका कुमारी, रूपा कुमारी, विद्यालय के प्रधानयापक मुन्ना कुशवाहा और शिक्षकगण उपस्थित थे। वही प्रधानाध्यापक श्री कुशवाहा ने कहा अब समय या गया है बालिकाओं को समाज और देश का नेतृत्व करने का। आइए कदम दर कदम अपनी मेधा का लोहा दुनिया को मनवाएं। उक्त कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम के द्वारा बच्चियों को बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल अधिकार, नशा मुक्त अभियान, लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल संरक्षण और चाइल्ड हेल्पलाइन न. 1098 जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुवे परामर्श दिया गया। जिसमे विद्यालय की बच्चियों ने बहुत ही उत्साह से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## मानव सेवा ट्रस्ट ने सामाजिक सहायता अभियान के तहत की बुजुर्गों की सेवा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानव सेवा ट्रस्ट, सिनीडीह, टुंडू अपने विभिन्न सामाजिक कार्यों के तहत लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में बुजुर्गो को बैठने को सुविधा के लिए बीस कुर्सियां एवं चार टेबल, तथा रोजमर्रा के आवश्यक वस्तुएं प्रदान किए। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सभी ने आश्रम के हर एक बुजुर्गो से अलग-अलग बातें कर उनकी दिल की बातें सुनी और जरूरतों को समझा। साथ ही भविष्य में और अधिक से अधिक सहायता उपलब्ध करने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट की महिला सदस्य रत्ना देवी ने आश्रम की वृद्ध महिला आश्रितों से घुल मिलकर उनके अतीत की दुख सुख की बातें सुन काफी भावुक हुई।

## पाटलिपुत्र और गया के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आगामी पर्व त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पाटलिपुत्र और गया के मध्य गाड़ी संख्या 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेषल ट्रेन का परिचालन 15.10.2023 से 15.12.2023 तक प्रतिदिन किया जाएगा।

गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया स्पेषल 15.10.2023 से 15.12.2023 तक पाटलिपुत्र से प्रतिदिन 10.30 बजे प्रस्थान कर 14.00 बजे गया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेषल गया से प्रतिदिन 14.45 बजे प्रस्थान कर 18.25 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह स्पेषल ट्रेन पाटलिपुत्र और गया के बीच फुलवारीषरीफ, पटना, पुनपुन, पोठही, तारेगना, जहानाबाद, मखदुमपुर गया और बेला स्टेषनों पर रूकेगी।

# तीन माह से नहीं मिला राशन कार्डधारियों का भड़का आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता




**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के टुंडी पंचायत अंतर्गत सिन्दुवारीटांड गांव स्थित बिरसा मुंडा स्वयं सहायता समूह के प्रति उपभोक्ताओं का भड़का आक्रोश तीन माह से राशन नहीं मिलने से स्थिति काफी भयावाह समय रहते कोई ठोस पहल प्रशासनिक स्तर पर नहीं लिया गया तो स्थिति कभी भी बेकाबू होने की उम्मीद की जा रही है। बताया जाता है की टुंडी प्रखंड के सिन्दुवारीटांड गांव में स्थित बिरसा मुंडा स्वयं सहायता समूह की वितरक फूलमानी मुर्मू लाइसेंस नंबर ञहष्ठ -0112 है ,करीब तीन महीनों से किसी भी राशन कार्ड धारियों को एक किलो राशन भी नहीं दिया है। जबकि आश्चर्यजनक बात यह की हर माह उपभोक्ताओं यानि राशन कार्डधारियों से अंगूठे का निशान ले लिया जा रहा है वहां के पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह समाजसेवी अकबर अंसारी के नेतृत्व में आज गुरुवार को सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर पीडीएस दुकानदार के विरुद्ध बिगूंल फूंक दिया है एवं एक आवेदन ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त बनाकर कल शुक्रवार को उपायुक्त धनबाद के द्वारा लगाए जाने वाले जनता दरबार में प्रस्तुत कर फुलमनी के द्वारा मनमानी तरीके से किए जा घोर अनियमितता को लेकर सभी ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय को एक आवेदन देकर एक मांग करेंगे की बकाया तीन माह का राशन हम सब राशन कार्ड धारियों को दिलवाने का कष्ट किया जाए। गौरतलब है कि इन दिनों टुंडी प्रखंड के लगभग सभी जन वितरण दुकानों में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तक ने अपनी चुप्पी साथ रखी है और टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में इस वर्ष भीषण सुखाड़ की मार टुंडी की जनता झेल रही है ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं वहीं इस और किसी जनप्रतिनिधियों का इस और ध्यान नहीं है जिससे ग्रामीण जनता में भारी आक्रोश देखी जा रही है।

## पुरे परिवार को मिली जान से मारने की धमकी, कार्यवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा आलमनगर निवासी अहमद हुसैन की पत्नी कौशर परवीन ने मुहल्ला के मो खलील एवं मो जहीर सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नवनिर्मित सीढ़ी को तोड़ने तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट व छेड़खानी करने कि लिखित शिकायत जोरापोखर पुलिस से कर कार्यवाई कि मांग की है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में कौशर परवीन ने कहा कि मंगलवार को वे अपने घर के बाहर सीढ़ी का निर्माण कार्य पुरा कराने के बाद रात में पुरा परिवार सो गए थे। तभी बुधवार कि अहले सुबह रात के अंधेरे में आरोपित खलील एवं जहीर ने लगभग पांच छह अन्य लोगों के साथ मेरे घर के पास आकर सब्बल, गैंता से उसके नवनिर्मित सीढ़ी को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सीढ़ी तोड़ने कि आवाज सुनकर जब वे घर के बाहर आकर उन लोगों को सीढ़ी तोड़ने से मना किया तो सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए छेड़खानी करने लगे। तभी उसके द्वारा शोर गुल करने पर आसपास के लोगों के जमा होने पर खालीक और जहीर ने धमकी दिया कि जब तक उसे रंगदारी के रूप में पच्चास हजार नहीं दोगे तब तक सीढ़ी बनने नहीं देंगे तथा दुबारा सीढ़ी बनाने पर उसे पुरे परिवार को जान से मारने का धमकी दिया। पीड़ित महिला ने थाना प्रभारी से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षतिपूर्ति दिलाने कि मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क निर्माण में अनियमिता, आवाजाही बाधित होने से यात्री परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत छोटकी खरगडीहा से लेकर बहती और फूफंदी से लेकर टोल टेक्स तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जर्जर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण में घोर अनियमिता बरती जा रही है वही आवाजाही पूरी तरह से बाधित है लोगो के पास आने जाने के लिए कोई दूसरा बायपास रास्ता नहीं है जिससे लोगो को काफी दूर पैदल चलना पड़ रहा है। वही कुमारी अनुराधा वर्मा ने कही की हमलोग गाड़ी बुक कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए जा रही थी लेकिन काफी दुरी पहले से ही पहले उतर जाना पड़ा। कही की यहाँ के ठीकेदार द्वारा आवाजाही के लिए कोई दूसरा विल्प नहीं रखा गया है और यह कार्य अभी कई महीनो तक चलने वाला है जिससे आम जनता को काफी दिक्कत होने वाला है। वही साइड इंचार्ज ने कहा की प्रयास कर रहे है की लोगो को लोई दिक्कत नहीं हो। वही निर्माण कार्य में अनियमिता को लेकर भाजपा नेता मितनरायण वर्मा ने कहा की सड़क और पुलिया निर्माण में घोर अनियमिता बरती जा रही है उपयुक्त मात्रा में सीमेंट नहीं दिया जा रहा और ना ही जितना मोटा ढलाई होना चाहिए उतना हो पा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के सम्मेलन का शुभारंभ गिरिडीह व समापन धनबाद में होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** गुरुवार को धनबाद के अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मोतीलाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड की बैठक बोड़ो दूर्गा मंदिर प्रांगण परिसर में सम्पन्न की गई। जिसमें हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु विचार विमर्श के अलावा यह सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की सम्मेलन गिरीडीह जिलांतर्गत चिरकी मध्य विद्यालय पीरटांड़ में दूर्गा पूजा के बाद करने का आयोजन तय किया गया। साथ ही साथ यह निर्णय लिया गया कि गिरीडीह के बाद, जामताड़ा, कोडरमा, चतरा, रामगढ़ के बाद धनबाद में समापन किया जायगा। चुंकि बोकारो का कोई प्रतिनिधि का दूरभाष भी नहीं आया। अधिकांश लोगों का निर्णय दूर्गा पूजा के बाद गिरीडीह में सम्मेलन करने का निर्णय आया।

हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्र को इस आशय की नम्र सूचना भेजा जा रहा है। अब उनके आदेशानुसार ही कार्यक्रम किया जायगा।

## एनएसयूआई ने नव नियुक्त डीएसडब्ल्यू का स्वागत किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को एनएसयूआई के प्रतिनिधियों ने नव नियुक्त डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी को पौधा भेंट कर पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया। साथ ही डॉ. पुष्पा कुमारी के साथ एनएसयूआई के प्रतिनिधियों ने वर्तमान समय में छात्राओं के साथ हो रही समस्याओं पर बातचीत की। डीएसडब्ल्यू के समक्ष रखे गए मुद्दों में कंपार्ट लगे, छात्राओं के लिए फिर से चांसलर पोर्टल खोले जाने चाहिए, स्नातक में नामांकन के लिए स्पेशल ड्राइव के लिए एक और अतिरिक्त मौका छात्रों को मिलना चाहिए, एनसीएल लगे छात्र छात्राओं के लिए स्क्रुटनी की प्रक्रिया पूरी करे ताकि एनसीएल लगे छात्र भी पीजी में अपना नामांकन करवा सकें, कुछ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम पेंडिंग पड़े हुए हैं, उन परीक्षा परिणाम को जल्द ही जारी किया जाना चाहिए।

# झारखंडी भाषा संघर्ष समिति विस्तार के लिए युवा क्रांतिकारियों की एक विशेष बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** सिंदरी विधानसभा बरवाअड्डा क्षेत्र अंतर्गत बिराजपुर एवं आसनबनी-1 पंचायत के मधुगोड़ा, छाताटॉंड, सोनरिया पुरानी काली मंदिर प्रांगण में झारखंडी भाषा खातियान संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक हुई जिसमें मरिचो बिराजपुर आसनबनी बड़ा पिछड़ी पंचायत गाँवो के सैकड़ों युवा क्रांतिकारीयों ने भाग लिए तथा संगठन को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष बैठक किया। जिसका अध्यक्षता धर्मेन्द्र कुमार साव एवं संचालन रवि कुमार के द्वारा किया गया। सभी साथियों के बरवाअड्डा क्षेत्र के स्थानीय मुद्दों समस्याओं के समाधान के लिए संकल्प लिया गया एवं झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिए। बैठक मे प्रकाश कुमार विश्वकर्मा, युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो, शंकर महतो, छुटु रजक, प्रेम रजक, पप्पू महतो, गणेश प्रसाद साव, श्याम सुंदर दास, परमेश्वर साव, राजू प्रमाणिक, अजय कुमार सोरेन, हीरा लाल साव, गंगाधर महतो, अमित कुमार साव इत्यादि दर्जनों ग्रामीण शामिल होकर आगामी 29 अक्टूबर 2023 को राजगंज हाई स्कूल के मैदान में टाइगर जयराम महतो का विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए संकल्प लिये।

## मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक नागेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड सह अनुमंडल कार्यालय परिसर में भाजपा सरिया मंडल के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेंद्र महतो शामिल हुए। इसमें सरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गांव घरों से लाकर कलश में मिट्टी संग्रहित किया गया। सभी ने बारी बारी से मटका में मिट्टी डाल कर वीर शहीदों को नमन किया। वहीं पूर्व विधायक ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान पर मेरा माटी मेरे देश कार्यक्रम के तहत देश की संस्कृति,सभ्यता तथा समाज के कार्य करने वाले वीर सैनिकों को के परिवारों देश के लिए जान कुर्बान कर देने स्वतंत्रता सेनानी, किसान,मजदूर,सामान्य घरों से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली भेजा जायेगा। जहां इस मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण कर संरक्षित करना। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, मंडल अध्यक्ष अजय यादव, मंडल अध्यक्ष पवन पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, सांसद प्रतिनिधि (पेयजल एवम स्वछता) नरेश रजक व बिनोद यादव व छोटू मंडल, सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य रंजन, सांसद प्रतिनिधि (शिक्षा) अमित आनंद सतीश मंडल, संटू मंडल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

## आजसू पार्टी ने बुजुर्गो की सेवा सम्मान कर दी नजरूल हक को 7वीं बरसी पर श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** गुरुवार को आजसू पार्टी ने स्व नजरुल हक की 7वीं बरसी पर लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम, अपना घर में आजसू पार्टी एवं उनके परिवार के लोगों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम किया गया एवं वहां पर रह रहे बुजुर्गो को अनाज, फल, मिठाई का वितरण किया गया। तथा रोजमर्रा की खाद्य वस्तुएं प्रदान की तथा आश्रम में सभी बुजुर्गो का सेवा सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आश्रम के अध्यक्ष नोशाद गद्दी, एमटीएनएल के मोईन रजा, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, नगर अध्यक्ष जित्तू पासवान, जिला सचिव अमर पासवान, महानगर उपाध्यक्ष संतोष पासवान, मोहम्मद ताजुद्दीन सिद्दीकी, राकेश दुबे, मो. सरफराज, मो. मासूम, कमरुद्दीन सिद्दीकी, सद्दाम सिद्दीकी, गुड्डु कुमार यादव, गुड्डू खान, अशोक गुप्ता, इस्माइल अंसारी, फैयाज आलम, मोहम्मद साजिद, जशिम आलम, खातिब खान, मोहम्मद सलाउद्दीन, अब्दुल हन्नान, मोहम्मद शमी अख्तर शामिल हुए।

## भाजयुमो का जनसमस्याओं को लेकर 14 अक्टूबर को रणधीर वर्मा चौक पर धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह के तत्वाधान में गाँधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता किया गया। धनबाद की जर्जर सड़क, पानी, बिजली की समस्या, ट्रैफिक जाम, बदहाल स्ट्रीट लाईट की समस्या जिले में विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द नही होने पर भाजयुमो जोरदार आंदोलन करेगा। उक्त बातें गुरुवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने गांधी सेवा सदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने पूछा स्वस्थ मंत्री बनना गुप्ता से की आपने इस्तीफे की बात कही थी, उसका कारण सार्वजनिक करे यहां की जनता जानना चाहती है। पूजा से पहले पहले जर्जर सड़क की मरम्मती, पर्याप्त मात्रा में पेयजलापूर्ति, निर्बाध बिजली की आपूर्ति, ट्रैफिक जाम से निजात के उपायों, स्ट्रीट लाईट की मराम्मती, डेंगू महामारी और मच्छर से बचाव का व्यापक प्रबंध हो, नगर निगम फॉगिंग की व्यवस्था करे आदि तमाम मुलभुत सुविधाएं दिए जाने की मांग भाजयुमो जिला प्रशासन से करती है।

## मजदूरों की लड़ाई में अग्रणी पंक्ति में खड़ा मिलूंगा : रवि चौबे

प्रभात मंत्र संवाददाता




**झरिया :** प्रदेश उपाध्यक्ष ज़ाहिर हुसैन ने 1932 आधारित स्थानीय नीति को ज़मीन पर लाने के लिए झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और पारिणामिक सामाजिक, सांस्कृतिक कोयलांचल के आस पास कोलियरी में मजदूर स्थानीय नीति के अनुसार नियोजन पर बल देने हेतु प्रधान कार्यालय बोकारो में झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष रवि चौबे से मिल कर कोलियरी की समस्या से अवगत कराया। ज़हीर हुसैन ने कहा की कोयलांचल में कोलियरी के ठेका मजदूरों के साथ हो रही शोषण से कभी देश का विकास नहीं हो सकता। एच पी सी कोमेटी द्वारा निर्धारित वेतन ना ही मेडिकल जैसी सुविधा मिल रही है। जीतपुर चासनाला कोलियरी की समस्या से भी अवगत कराया तथा अध्यक्ष को पहल के लिए आग्रह किये। उन्होंने कहा की उच्च अधिकारी के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करूंगा। उन्होने आश्वासन देते हुए कहा की हर हाल में मजदूरों की लड़ाई में अग्रणी पंक्ति में खड़ा मिलूंगा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में दशहरा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज दशहरा-2023 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा का त्यौहार वर्षों से हम बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता रहा है। लेकिन वर्तमान स्वरूप में एक इंसान का दूसरे इंसान में पनपे नफरत को समाप्त करना ही दशहरा का मुख्य उद्देश्य है। यह त्यौहार एक दूसरे को जोड़ने वाला त्यौहार है। लोहरदगा जिला में हमेशा से पर्व-त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की परंपरा चली आ रही है, जो आगे भी बनी रहेगी। बीते कुछ वर्षों से लोहरदगा जिला ने शांति और सौहार्द्र की जो मिसाल कायम की है वह प्रशंसनीय है। इसका श्रेय जिला स्तरीय शांति समिति और प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों और आप सभी लोगों को जाता है। दशहरा पूर्वी भारत का सबसे बड़े त्यौहारों में एक है। सभी संप्रदाय के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों में शामिल हों ताकि हमेशा एक दूसरे के प्रति सौहार्द्र और प्रेम का माहौल बना रहे। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने कहा कि सोशल मीडिया का दुरूपयोग होने पर कार्रवाई होगी। सभी व्हाट्सअप, फेसबुक पेज या अन्य सोशल मीडिया का उपयोग करनेवाले एडमिन की जवाबदेही होगी कि वे किसी भी धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले मैसेज पर रोक लगायें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में डीजे संचालकों के साथ आवश्यक बैठक कर लें और जरूरी शपथ पत्र ले लें। पंडालों की अनुज्ञप्ति में ही सभी मुख्य शर्तें अंकित हो। पूजा पंडालों में आवश्यक मानकों का पालन हो। अग्निशामक की व्यवस्था हो,बिजली हो,जरूरी पब्लिक एड्रेस सिस्टम हों। प्रवेश और निकास में सीसीटीवी कैमरे लगे हों। पंडालों की वजह से टैफिक में व्यवधान ना हो। सभी थाना क्षेत्रों में दुर्गा पूजा मॉनिटरिंग कमिटी के लिए व्हाट्सअप रूप का निर्माण कर लें और उसमें थाना प्रभारी, पूजा समिति के लोग और दण्डाधिकारी रहेंगे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान पूजा समितियां अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले विसर्जन/मेला आदि में अपने वालेंटियर्स तैनात रखें। उत्पाद अधीक्षक को अवैध देसी शराब से संबंधित मामलों में त्वरित सूचना दें व कार्रवाई करें। पुलिस से संपर्क करें। सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में प्रत्येक वर्ष पर्व-त्यौहार अच्छी तरह मनाया जाता रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस जिला में शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए बहुत मेहनत करती है। शांति व्यवस्था के लिए, सभी व्यक्ति अपना-अपना दायित्व समझें। सीआरपीएफ इस जिला में शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन और आमजनों के साथ हमेशा सहयोगी के रूप में खड़ी है। उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जिला में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण और उल्लास के वातावरण में मनाये जायेंगे,ऐसा विश्वास है। बैठक में दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी पूजा पण्डालों में सीसीटीवी की व्यवस्था पूजा पंडाल के समितियों को करनी होगी। सभी मेला, विसर्जन, पूजा पंडालों की निगरानी ड्रोन के माध्यम से करायी जाएगी।

# पुलिस छापेमारी में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, चार गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां लोहरदगा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आदेश व निर्देनुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर में छापेमारी करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार अभियुक्त के घरो में बारी बारी छापामारी करते हुए तालाशी ली गई,तालाशी के क्रम में उक्त सभी लोगों के घरों से डेटोनेटर-1079 पीस, सेफ्टी फ्युज (लाल, नील, क ाला रंग का) तार- 2294 फीट से अधिक लम्बा अलग-अलग टुकड़ो में,अमोनियम नाइट्रेट-16.5 किलो ग्राम एवं विस्फोटक में इस्तेमाल किया जाना वाला पावर जेल-224 पीस बरामद किया गया। इनके निशानदेही स्थानों पर छापामारी जारी है। इस संबंध में लोहरदगा थाना कांड सं0-297/ 23 दिनांक-11.10.23 धारा-4/5/6 वि0प0अधि0 के अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्तों में इम्तियाज अंसारी पिता क्युम अंसारी, समसाद अंसारी पिता अजहरुद्दीन अंसारी, सफीउल्ला अंसारी पिता-खलीक अंसारी एवं आरिफ अंसारी पिता-सिदीक अंसारी सभी ग्राम रामपुर,थाना जिला-लोहरदगा के स्थायी निवासी है,जप्त सामग्रियों डेटोनेटर-1079 पीस,सेफ्टी फ्युज (लाल, नीला, काला रंग का) तार-2294 फीट से अधिक लम्बा अलग-अलग टुकड़ो में,अमोनियम नाइट्रेट- 16.5 किलो ग्राम एवं विस्फोटक में इस्तेमाल किया जाना वाला पावर जेल 224 पीस जप्त किया गया है,इस छापमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं बल पु0नि0-सह-थाना प्रभारी अनिल उराँव लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0 सुरज प्रसाद लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0 गयास खान लोहरदगा थाना, स0अ0नि0 संजय कुमार लोहरदगा थाना, गृहरक्षक पुलिस-43 निरज मिश्रा (तकनिकी शाखा लोहरदगा) हवलदार जनेश्वर सहार,लोहरदगा थाना रिजर्व गार्ड महिला पुलिस-272 अगुस्तीना होरो, लोहरदगा थाना रिजर्व गार्ड, निजी चालक-अमित कुजुर, चालक आरसी बिरजू मुंडा इत्यादि पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# कैरो भाजपाईयों ने चलाया जन-संपर्क अभियान, हेमंत सरकार लोगो को रोजगार दे पाने में विफल : श्रीचंद प्रजापति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के द्वारा 12 अक्तूबर दिन गुरुवार को बस्ती संपर्क अभियान मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न गॉव का दौरा कर घर-घर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनायें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय योजना, उज्जवला योजना, सड़क सुरक्षा बीमा योजना, इत्यादि योजनाओ के बारे में आम लोगों से (राय), सहमति या आपत्ति की जानकारी ली गई। बस्ती संपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष ने झारखण्ड सरकार की निंदा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबो को पक्का घर देने का काम किया। लेकिन झारखण्ड की गठबंधन सरकार ने बालू उठाने नही दे रहा है। जिसके कारण समय से गरीबो का घर नही बनता है। वहीं ट्रेक्टर मालिक के साथ ड्राइवर और मजदूरो को बेरोजगार बनने के लिए बेबस हैं। बस्ती संपर्क कार्यक्रम में किसी ने केंद्र सरकार की कार्यो को सराहा,तो किसी ने गिनाई खामियां। वहीं लोगो का कहना है कि हमसब स्थानीय व्यक्ति को अपना कीमती वोट देते हैं। परंतु चुनाव जीतने के बाद सांसद व विधायक बनते है। फिर पाँच वर्ष बात चुनाव के समय गांव गांव का दौरा शुरू हो जाता है। उक्त कार्यक्रम में मंडल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू, प्रवासी माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पशुपति नाथ पारस, मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, जिला कार्यसमिति विशेश्वर प्रसाद दीन राजेंद्र महतो कैलाश महतो मनिद्र साह लक्ष्मी सिंह सुगेंदर साह नाशीर आलम सुखन उरांव, गोविंद महतो इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अविराम कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने निकाली अमृत कलश यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के बीएड और डी एल एड के प्रशिक्षुओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अविराम की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत 150 से भी अधिक स्थलों की मिट्टी को संग्रहित कराया गया जिसमे प्रसिद्ध लरका आंदोलन स्थली के साथ साथ रांची, लोहरदगा, मांडर, चतरा, डाल्टनगंज, कुरू, किसको, चंदवा, गुमला, सिसई, लातेहार, कुलाबेरा, बालूमाथ, आदि से विविध गांव, कस्बे भी सम्मिलित है, और अमृत कलश यात्रा शहीद स्थली और टिको के पोखरा टोली तक पारंपरिक वाद्य मांदर, नगाड़ा के साथ भारत माता के रूप में काजल कुमारी, महात्मा गांधी के रूप में निरपति, सुभाष चंद्र बोस के रूप में किनन, रानी लक्ष्मी बाई के रूप में रिया, रूनिया के रूप में नीलम तिर्की,झुनिया के रूप में सत्यवती,डॉ भीमराव अंबेडकर के रूप में निशांत आदि प्रशिक्षुओ ने सुसज्जित हुए जो आकर्षक का मुख्य बिंदु रहा। कलश लिए प्रशिक्षु और भारत का झंडा लिए भारत माता की जय, मेरी माटी मेरा देश के स्वरों से समग्र वातावरण देशभक्ति मय हो गया। यात्रा को दीप प्रज्जवलित कर सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा कलश में अपनी जन्म भूमि की मिट्टी डाल कर पंच प्रण प्रतिज्ञा सभी द्वारा ली गई और हर्षोल्लास के साथ अमृत कलश यात्रा को भेजा गया।प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि अमृत उद्यान जो देश के वीर शहीदों को समर्पित होगा उसका निर्माण किया जाएगा ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों और प्रशिक्षुओं में अपनी मातृभूमि के प्रति और भी प्रेम का भाव जागृत होता है, रांची विश्विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ बृजेश कुमार सर का मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में पंकज, पवन, जंगबहादुर, ऋ तु, ममता, शिव, शशि, चिनिबास, अर्चना, प्रियंका, दीपिका, तबस्सुम, आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा एवं त्योहारों को देखते हुए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करें : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहर में विभिन्न मोहल्ले, चौक चौराहो में स्ट्रीट लाइट की स्थिति काफी दयनीय है, आधे से ज्यादा स्ट्रीट लाइटे खराब पड़ी हुई है और दुर्गा पूजा एवं त्योहारो को देखते हुए अविलंब स्ट्रीट लाइटों को युद्ध स्तर पर मरमत एवं बदली करने का कार्य नगर परिषद के द्वारा करना चाहिए। स्थिति यह है कि विभिन्न मोहल्लें एवं सड़कों में दस में से सात लाइटे खराब होंगी, लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इसलिए सामाजिक विचार मंच नगर परिषद प्रशासन से निवेदन करती है कि स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था पर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू करने की कृपा करें और वहीं दूसरी ओर नगर से लेकर जिले तक में डायरिया,मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू आदि बीमारियों का प्रकोप चरम पर है किंतु नगर परिषद की ओर से ना तो मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए फागिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है ना डीडीटी का छिड़काव किया जा रहा है न किसी भी तरह से रोगों से बचने हेतु नगर परिषद की ओर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा हैं, इस ओर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

# एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद राम ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा प्रभात मंत्र संवाददाता):** विमरला बाक्साइड माइंस की दयनीय स्थिति को लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के सहयोगी संगठन, झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम ने हिंडाल्को के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा है कि विमरला माइंस में लगातार पाँच-सात महीनो से समझौते के मुताबिक प्रति महीना बारह ट्रिप नहीं दिया जा रहा है,बारह ट्रिप की जगह छह-सात ट्रिप प्रति माह ही दिया जा रहा है,इस स्थिति में ट्रक चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा माइंस में रॉक ब्रेकर की व्यवस्था की जाए और माइंस में माल शिफ्ट करने वाले डंपर की भी कमी है, पीने की पानी की व्यवस्था भी सही नहीं है, सड़क की स्थिति जर्जर है, इसके अलावा काम करने वाले ठेकेदार के आदमी (स्टाफ) सवेरे 9:00 बजे आराम से मशीन स्टार्ट करते हैं और शाम को भी जल्दी कार्य बंद करके कहते हैं कि हम भाड़े के स्टाफ है, जिसके कारण हमारे ट्रक दो से तीन दिन में लोड लेकर निकलते हैं। इन सब चीजों में पँद्रह दिनों के अंदर सुधार करते हुए हमें प्रति माह बारह ट्रिप दिया जाए, अगर प्रतिमाह 12 ट्रिप नहीं मिलता है तो हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे, जिसकी सारी जवाब देही हिंडाल्को कंपनी की होगी।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समारोह आयोजित कर टीम के खिलाड़ी किए गए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में गुरुवार को समारोह आयोजित कर कॉलेज की नेशनल वॉलीबॉल टीम को सम्मानित किया गया। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के चांपा में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। सम्मान समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल और सचिव अजय प्रसाद के द्वारा टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली वॉलीबॉल की टीम में सुजल बाखला, पुनीत उरांव, रोशन रवि, चरणजीत उरांव, रेहान फजल, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत, हरीश उरांव, निशित उरांव, जितेश उरांव, अजीत भगत एवं टीम मैनेजर आचार्य रितेश कुमार पाठक शामिल थे। मौके पर अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में भैया बहनों के चहुमुखी विकास में अच्छे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों में भाग लेते हुए एसजीएफआई तक सीधी सहभागिता और सफलता के पर्याप्त अवसर मिलते हैंद्य प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि वॉलीबॉल की टीम की कड़ी मेहनत के कारण ही यह मुकाम उन्हें प्राप्त हुआ है। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जलडेगा के टंगीया में एचजीआर क्लब की ओर से पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखंड के टांगिया में आयोजित एचजीआर क्लब के तत्वाधान में पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच लंबोई बनाम नारोडेगा के बीच में आयोजित हुई । जिसमें शानदार मुकाबला खेलते हुए लंबाई की टीम 1-0 से जीत की।वहीं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में सियारमुंडा बनाम पाइतोनो के बीच में हुई जिसमें दोनों ही टीम बराबरी पर रही पेनल्टी शूटआउट में पाइतोनो की टीम 02-1 से जीत दर्ज की। खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। इस मौके पर उन्होंने विजेता एवं उपविजेता तथा तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15000, 12000 एवं 5000 का नगद राशि देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार से खेल का रुझान क्षेत्र में बढ़ रहा है इससे आने वाले दिनों में यहां दर्जनों खिलाड़ी ओलंपिक का सफर तय करेंगे। वर्तमान समय में युवाओं को खेल के क्षेत्र में देश में सुनहरा अवसर मिल रहा है इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं ।खेल को खेल भावना के साथ-साथ अनुशासन को पूरी तरह से बरकरार रखें ताकि आगे तक बेहतर खेल सकें।

# आर्यन्स क्लब को हरा कर एसी क्लब बना चैम्पियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नव युवक संघ अरु द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेन्ट का सफलता पूर्वक समापन हुआ। आयोजित खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के 32 टीमों ने भाग लिया। वही फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव और मुखिया राजश्री उराँव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि श्री उराँव ने आयोजन कमिटी का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल से शाररिक व मानसिक विकास होता है। खिलाड़ी अपने रुचि अनुसार खेल का चयन कर खेले और आगे बढें क्योंकी खेल के क्षेत्र में भविष्य को सँवारने की असीम सम्भवनायें हैं। साथ ही सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि हार कर घबराना नही चाहिये जो हारता है वही जीतता भी है। जो गिरता है वही उठता है खिलाड़ी अपने लक्ष्य को हासिल करते तक मेहनत करें। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसी क्लब बंसरी और आर्यन्स क्लब अरु के बीच खेला गया। जिसमें एसी क्लब बंसरी ने आर्यन्स क्लब अरु को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

# वन कर्मियों के मिलीभगत से लकड़ी माफिया बेखौफ हो कर रहे हैं लकड़ी तस्करी

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लकड़ी माफिया किसके इशारे पर धड़ले से लकड़ी तस्करी कर रहे हैं। तस्करी का कौन जिम्मेवार है ऐसा ही एक मामला सामने आया है। लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र से लोहरदगा जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती वन क्षेत्र से लकड़ी की तस्करी बड़े पौमने पर जारी है। वही बताया जाता है कि बेखौप हो लकड़ी माफिया अंधेरे का फायदा उठाते हुए वन कर्मियों के ईशारे पर लकड़ी माफिया तस्करी करते हैं। लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र से एक ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें यह बोला जा रहा है.कि हमलोग का रात भर पहरा जारी रहेगा। जिसे लकड़ी भेजना के लिये भोर में लकड़ी लेकर निकल जाने का इशारा किया जा रहा है। आखिर ऑडियो में कौन किससे बात कर रहा है। इसकी पुष्टि नही हो पा रहा है वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बता दें कि वन विभाग के चालक प्रदीप कुमार से लकड़ी माफिया का बात चीत हो रहा है। जिसमें 4 बजे अहले सुबह लकड़ी ले जाने की बात कही जा रही है। विदित हो कि वन सुंदरी करण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये वन विभाग प्रत्येक वर्ष करोड़ो रुपया खर्च कर लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र में पौधा रोपन कार्य के साथ सुरक्षा योजना चला रही है.जिसे विभाग के मिली भगत से धड़ले से अवैध लकड़ी ढुलाई जारी है। जिसपर विभाग के अधिकारी इन बातों से अनभिज्ञ नजर आ रहें है। साथ हीं वन कर्मियों द्वारा गस्ती के दौरान मिलीभगत की बातें स्पष्ट हो रही है। लकड़ी तस्करी का कार्य अतिसुदुर्वर्ती क्षेत्र से आए दिन मोटरसाइकिल के अलावे भारी वाहन से किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी में बांटो अंडा, कुपोषण को मारो डंडा बच्चों की पुकार, पूरा करो वादा झारखंड सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड सरकार द्वारा पिछले तीन सालों में कई बार आंगनवाड़ी में बच्चों को 6 दिन प्रति सप्ताह अंडा देने की घोषणा किया गया था। इतना ही नही सरकारी विद्यालयों में भी मध्याह्न भोजन में बच्चों को अंडा देने का घोषणा हुआ था। लेकिन आज तक यह घोषणा धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। वही बताया जाता है कि सरकार ने मध्याह्न भोजन में भी बच्चों को पांच दिन प्रति सप्ताह अंडा देने की घोषणा सिर्फ शब्द आश्वासन बन कर रह गया। उक्त बातें भोजन अधिकार अभियान, झारखंड व राज्य के अनेक संगठनों द्वारा 12 अक्टूबर को आंगनवाड़ी में अंडा अभियान चलाते हुए ग्रामीण एवं स्थानीय संगठन व अभियान के प्रतिनिधि चंदा करके बच्चों को अंडा खिलाएंगे?। जिसे शायद सरकार को आंगनवाड़ी के बच्चे बच्चियाँ याद आ जाएं राज्य में बच्चों एवं महिलाओं में व्यापक कुपोषण है। 2019-21 के सरकारी आंकड़ों हस्नास्-5 के अनुसार राज्य में पांच वर्ष से कम उम्र के 40त्न बच्चे बच्चियाँ कुपोषित हैं। उम्र के अनुसार वजन कम है। राज्य की एक-चौथाई व्यस्क महिलाओं का क्च्क्ष् सामान्य से भी कम है। तथा विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों में यह भी बार बार पाया जाता है कि राज्य के आदिवासी, दलित बच्चे बच्चियाँ अन्य समुदायों की तुलना में ज्यादा कुपोषित हैं। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अंडा एक बेहतरीन खाद्य पदार्थ है। इसमें विटामिन सी के अलावा अन्य अधिकांश आवश्यक पोशक तत्व पाये जाते हैं। अंडे न केवल अत्यंत पौष्टिक है। बल्कि स्वादिष्ट और किफायती भी है इससे न केवल पोषण के लिए फाएदा है,बल्कि आंगनवाड़ी व मध्याह्न भोजन में रोज अंडा देने से आंगनवाड़ी व विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में भी अवश्य ही सुधार हो सकेगा? झारखंड में कुपोषण की स्थिति केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाँ के अधिकांश क्षेत्रों से बद्तर है। ऐसी प्रस्थिति में तो आंगनवाड़ी व मध्याह्न भोजन में अंडा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन सरकार का ध्यान बच्चों के भविष्य की कोकश नहीं है।

# जलडेगा के सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में डिजिटल भारत मिशन का कोर्स शुरू

## सीओ ने कहा-उज्ज्वल भविष्य के लिए डिग्री के साथ-साथ कंप्यूटर ज्ञान भी बेहद जरूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** गुरुवार को सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर जलडेगा में डिजिटल भारत मिशन 2023 का कोर्स शुरू हुआ। पहले चरण में कुल 50 विद्यार्थियों को क्लास कराया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों से परिचय प्राप्त कर उन्हे कैरियर काउंसलिंग की जानकारी दी। वहीं उन्होंने आज के समय में कंप्यूटर ज्ञान को सबसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि कंप्यूटर ज्ञान के बिना सब अधूरा है। आज पूरा दुनिया डिजिटल हो चुका है, ऑनलाइन की इस दुनिया में आज कुछ भी असंभव नहीं है। टेक्नोलॉजी बहुत फास्ट हो चुका है इसके लिए अब हम सबको भी अपना ज्ञान को बढ़ाना होगा, आपके अंदर जितनी जानकारी बढ़ेगी आप उतना ही आगे बढ़ते जाओगे। इसलिए हम सबको हमेशा कुछ कुछ सीखते रहने का कोशिश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जबरदस्त प्रतिस्पर्धा का दौर है लेकिन इससे मेहनत कर रहे छात्र-छात्राओं को निराश होने जरूरत नहीं है।उज्ज्वल भविष्य के लिए सिर्फ डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि इसके लिए पढ़ाई के साथ -साथ हमेशा कुछ नया सीखने के प्रति आपकी रुचि, लगन और समर्पण का भाव सबसे अहम बात होती है। जलडेगा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में एक मात्र कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर खुला है जिसका आप सबको लाभ लेना चाहिए। जिसके बाद अंचल अधिकारी ने अपने हाथों से सभी बच्चों को डिजिटल भारत मिशन का किताब दिया। वहीं सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा परिषद के द्वारा ये कोर्स कराया जा रहा है, जो मात्र एक महीना का कोर्स है जिसके तहत आधार कार्ड अपडेट, डाउनलोड, ऑनलाइन फॉर्म, ई क्लाउड, डीजी लॉकर, इंटरनेट, परिवहन सेवा, झारभूमि, आहार पोर्टल, पैन कार्ड, चैट जीपीटी, ईमेल, ट्रेन टिकट, वोटर आईडी कार्ड सहित राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित वेबसाइट को बताया जाएगा।

# लीड्स संस्था के द्वारा केरसई प्रखण्ड में 20 परिवारों को बकरी व 20 परिवारो को मुर्गी का चूजा निशुल्क वितरण किया गया

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लीड्स संस्था के सहयोग से अंधेरी हिल्फ़ बॉर्न परियोजना के अंतर्गत ग्राम कोनस्केली के समेकित पशुधन विकास केंद्र (ILDC) में कोनजोबा पंचायत के कोरकोटजोर, गोरारजोर एवम पकरटोली और बाघडेगा पंचायत के कोनास्केली एवम पहारसारा ग्राम के कुल 20 परिवारों को उन्नत नस्ल के दोड्डदो बकरियां प्रति परिवार एवम 20 परिवार को 40 ड्ड40 मुर्गी का चूजा निशुल्क वितरण किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन में पशुपालन विभाग से भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राखी टोप्पो, जिला परिषद सदस्य श्रीमती प्रेमा बाड़ा, कोनजोबा पंचायत के मुखिया श्री मून्स खेस, बाघड़ेगा पंचायत के मुखिया राहुल रोहित तिग्गा, उप मुखिया अनूप कुजूर के हाथो से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे किसान जिनका खेती के लिए जमीन बहुत कम है या नही है उनको पशुपालन के क्षेत्र में आजीविका से जोड़ कर उनके आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्म निर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम में लीड्स संस्था के पशु विशेषज्ञ श्री संदीप कुमार के द्वारा बकरियों का रख ड्डरखाव, टीकाकरण एवम बकरियों को होने वाली बीमारियों का पहचान करना इत्यादि के बारे जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में लीड्स संस्था के संदीप कुमार, मोहम्मद इब्राहिम, प्रदीप टोप्पो, विवेक लकड़ा, सुमीरा बड़ाईक, बिनीता लकड़ा एवम ग्रामीण उपस्थित हुए।


# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### 16 से 27 अक्टूबर तक जेएससीए स्टेडियम में सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 16 अक्टूबर 23 से 27 अक्टूबर 23 तक जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट में खेले जाने वाले मैचों का समय सारिणी संलग्न है। मेन ग्राउंड और ओवल ग्राउंड में दो दो मैच खेले जाएंगे। स्टार स्पोर्ट्स पर मेन ग्राउंड के दोनों मैचों का सीधा प्रसारण होगा तथा दूसरा मैच फ्लड लाइट में खेला जाएगा।

**ये हैं टीम:** पंजाब बनाम सौराष्ट्र, अरुणाचल बनाम गुजरात,आंध्र बनाम गोवा,मणिपुर बनाम रेलवे,आंध्र बनाम पंजाब,गउजू बनाम सौराष्ट्र,गोवा बनाम मणिपुर,अरुणाचल प्रदेश बनाम रेलवे,पंजाब बनाम रेलवे, मणिपुर बनाम सौराष्ट्र,गोवा बनाम गुजरात, आंध्र बनाम अरुणाचल प्रदेश,मणिपुर बनाम पंजाब,रेलवे बनाम सौराष्ट्र,आंध्र बनाम गुजरात,अरुणाचल प्रदेश बनाम गोवा, गुजरात और पंजाब, अरुणाचल व सौराष्ट्र , गोवा बनाम रेलवे 27 अक्टूबर तक चलेगा।

### रांची उपायुक्त ने इंटरनल रिसोर्सेज एवं टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को इंटरनल रिसोर्सेज एवं टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय में आयोजित की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने इस दौरान निबंधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। उपायुक्त ने अवर निबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के शेष माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। इसके अलावा उपायुक्त ने परिवहन से प्राप्त राजस्व संग्रह, उत्पाद से प्राप्त राजस्व संग्रहण, खनन से प्राप्त राजस्व संग्रहण और वाणिज्यकर से प्राप्त राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को कहा कि जो कबाड़ी वाहन विभिन्न भवनों और अन्य जगहों में कबाड़ के रूप में पड़ी हैं, उसे स्क्रैब कराएं ताकि जगह बने। उपायुक्त ने उत्पाद पदाधिकारी से कहा कि शराब की कीमत एमआरपी मूल्य से ज्यादा वसूली करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करें। उपायुक्त ने खनन पदाधिकारी से बालू उठाव की जानकारी लेते हुए पूछा कि कितने लोगों पर अवैध ईंट-भट्टे, अवैध खनन, भंडारण, परिवहन के विरुद्ध सम्बंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मत्स्य और वाणिज्यकर विभाग के पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने का निर्देश दिया।

# उत्तराखण्ड : पीएम मोदी ने 4200 करोड़ रूपये की योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण



एजेंसी

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड को लगभग 4 हजार 200 करोड़ रूपये की सौगात दी। पिथौरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राज्य की 23 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। राज्य की जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें 21 हजार 398 पॉलीहाउस निर्माण, उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना, राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य, राज्य में 32 पुलों का निर्माण, एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना, देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का अपग्रेडेशन, बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार, 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण, सोमेश्वर, अल्मोडा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल, चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण, रूद्रपुर में वेलो-ड्रोम निर्माण कार्य, स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण, चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास, मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास शामिल हैं।

### पीएम ने इन योजनाओं का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री द्वारा जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें, पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल, 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन, केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृड़ीकरण कार्य, कौसानी - बागेश्वर रोड, धारी - डोबा - गिरेचिना रोड, नगला - किच्छा एस एच रोड डबल लेन, राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृड़ीकरण करने का कार्य, एन एच 309 बी-अल्मोड़ा-पेट्सल -पनुआनौला - दन्या एन एच - टनकपुर - चल्थी, प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन, 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं, 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, थरकोट, पिथौरागड़ में कृत्रिम झील, 132 केवी पिथौरागड़-लोहाघाट-चंपावत ट्रांसमिशन लाइन के कार्य शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है भारत : सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की सवा करोड़ देवतुल्य जनता की ओर से दो अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे सीमान्त जनपद पिथौरागड़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केदारखंड में मंदिरों तथा पौराणिक स्थलों का विकास हो रहा है।

उनकी मानसंखंड की इस यात्रा द्वारा इस क्षेत्र का भी संपूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। आज जहां एक ओर देश में आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है, वहीं विश्व में भारत का मान-सम्मान बड़ रहा है।

रूस और यूक्रेन के बीच हुए युद्ध के समय भारत द्वारा दिखाई गई कूटनीतिक परिपक्वता हो या जी-20 सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में विश्व के सभी प्रमुख देशों को एक मंच पर लाकर दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति स्थापित करना हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की।

यह स्वर्णिम कालखंड भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के पुनरुत्थान का कालखंड भी है। आज नया भारत न केवल एक राष्ट्र के रूप में संपन्न और समर्थ बन रहा है, बल्कि विश्व का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव किसी से छुपा नहीं है। पिछले 09 वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के लिए 01 लाख 50 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की गई, जिनमें से अनेक योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है।


उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य किये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को नारायण आश्रम की प्रतिकृति, ऐपण स्टॉल और बोधिसत्व विचार श्रृंखला- एक नई सोच, एक नई पहल पुस्तक भेंट की।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सतपाल महाराज, गणेश जोशी, प्रेमचंद अग्रवाल,सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक,अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट उपस्थित थे।

### पीएम ने जागेश्वर धाम में की पूजा अर्चना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा देश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शौकियाथल पहुंचे।इसके पश्चात वे सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम पहुंचे। 124 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम में उन्होंने सर्वप्रथम जागेश्वर गर्भगृह में करीब 7 मिनट तक पूजा कर बाबा जागेश्वर के दर्शन किए। इसके पश्चात पुष्टिमता, महामृत्युंजय तथा केदारनाथ में पूजा अर्चना की। इसके पश्चात मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए अर्धनारेश्वर वृक्ष का अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तांबे से बना वाद्य यंत्र तुरही, ताम्र जागेश्वर तथा डमरू उपहार स्वरूप भेंट किया। पलीट मार्ग में प्रधानमंत्री ने स्थानीय लोगों का कार से उतरकर अभिवादन भी स्वीकार किया। इस अवसर पर कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।



# तय हो रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही: खड़गे

### * बक्सर ट्रेन एक्सीडेंट पर बोले मुल्लिकार्जुन खरगे, हादसे पर जताया दुख



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बिहार के बक्सर जिले में बुधवार को देर रात हुए रेल हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है. साथ ही उन्होंने रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि इनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए. वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी हादसे को लेकर शोक व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार हालात पर बारीकी से नजर बनाए हुए है.बक्सर जिले में रघुनाथपुर स्टेशन के पास देर रात आनंद विहार-कामाख्या नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. खरगे ने इस हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने (ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा,नई दिल्ली से असम जाने वाली नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के बिहार के बक्सर में पटरी से उतर जाने की खबर बेहद पीड़ादायक है.इस भयावह हादसे में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं.खरगे ने कहा,हम मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि पीड़ितों को हर मुमकिन मदद पहुंचाएं.खरगे ने कहा,जून 2023 की बालासोर रेल दुर्घटना के बाद ये ट्रेन के पटरी से उतरने का दूसरा बड़ा हादसा है. रेल मंत्रालय व केंद्र सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए.

**असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भी जताया शोक:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी हादसे पर दुख जताया और कहा कि उनकी सरकार हालात पर बारीकी से नजर बनाए हुए है. सरमा ने एक पोस्ट में कहा,शोक संतप्त परिवारों के प्रति गंभीर संवेदनाएं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. एक अलग पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हालात पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और स्थानीय एजेंसियों के साथ-साथ अन्य एजेंसियों से संपर्क किया गया है. असम में गुवाहाटी के समीप कामख्या जाने वाली ट्रेन के उन सभी यात्रियों को गुरुवार को तड़के एक राहत ट्रेन से रवाना किया गया, जो आगे की यात्रा करने की स्थिति में थे.

### तीन दिवसीय संस्कृति संसद वाराणसी में 2 नवंबर से

**हरिद्वार :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में तीन दिवसीय संस्कृति संसद का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 2 नवंबर से आयोजित होने वाली इस संस्कृति संसद में देश भर के संत और हिन्दू धर्माचार्य सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार करेंगे। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने आज प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत में इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय संत समिति, अखाड़ा परिषद एवं श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में गंगा महासभा की ओर से की जा रही इस संस्कृति संसद में सभी तेरह अखाड़े, अखिल भारतीय संत समिति और सनातन धर्म के सभी 127 संप्रदायों के धर्माचार्य भाग लेंगे। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने बताया कि संस्कृति संसद में देश के सभी संत-महापुरुष राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म पर किए जा रहे कुठाराघात सहित धर्म व संस्कृति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित करेंगे।

# भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने मनाया आरटीआई दिवस






प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में सूचना का अधिकार का 18वां स्थापना दिवस मनाया। सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के 18 वर्ष पूरा होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भारत के समस्त नागरिकों का एक संवैधानिक कानून है, जिसे देश का हर नागरिक प्रयोग कर सकता है। इसके तहत किसी भी सरकारी लोक प्राधिकार से सूचना मांगा जा सकता है और एक्ट में निर्धारित समय सीमा के अंदर उस कार्यालय के जन सूचना पदाधिकारी को आवेदनकर्ता को सूचना दे देनी चाहिए लेकिन हर अधिकारी इसका अनुपालन नहीं करते हैं, जो सूचना का अधिकार कानून की घोर अवहेलना है। मंच के केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा ने कहा कि जहां सूचना नहीं मिलने की स्थिति में आवेदक की ओर से प्रथम विभागीय अपील कर सूचनाओं की मांग की जाती है, वहां अपीलीय अधिकारी को गंभीरता पूर्वक आवेदक को संबंधित जन सूचना पदाधिकारी से सूचनाएं दिलाना चाहिए। मंच के विधि सलाहकार दीपेश निराला ने कहा कि राज्य सरकार सूचना के अधिकार कानून की घोर दुश्मन है, तभी तो अपने कार्यकाल में अब तक संवैधानिक संस्था झारखंड राज्य सूचना आयोग को मृत शैय्या पर सुला दिया है। सूचना आयोग में एक भी सूचना आयुक्त नहीं है। लगभग 25 हजार आरटीआई का मामला आयोग में लंबित है। ऐसे में भ्रष्ट और निकम्मे अधिकारी गदगद हैं। राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे।

### ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी में अमेरिका

# मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने की संभावना



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इजरायल और हमास के बीच युद्ध गहराता जा रहा है और इसके साथ ही पूरे मिडिल ईस्ट के देशों में राजनयिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है.

इस बीच अमेरिका ने संकेत दिया है कि वो ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, और हमास और हिज़्बुल्लाह के खिलाफ भी प्रतिबंध को और सख्त बनाने की तैयारी में है. इजरायल-हमास युद्ध के सामरिक असर का दायरा बढ़ता जा रहा है. हमास को ईरान द्वारा मदद दिए जाने को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अमेरिका की ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलेन ने संकेत दिया है कि अमेरिका ईरान पर नए प्रतिबन्ध लगा सकता है. मोरक्को के मराकेश में वर्ल्ड बैंक और एमएफआई के सालाना बैठक के साइडलाइन्स पर अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी ने ये संकेत दिया.जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका हमेशा नयी सूचनाओं की समीक्षा करता रहता है जिसके आधार पर प्रतिबंधों को और कड़ा करने का औचित्य साबित किया जा सके, और हम ऐसा करना जारी रखेंगे. जेनेट येलेन ने कहा कि मैं भविष्य की संभावित कार्रवाइयों के संदर्भ में कुछ भी नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं निश्चित रूप से उस स्थिति से आगे नहीं बढ़ना चाहता जहां हम अभी हैं. हमने किसी भी तरह से ईरानी तेल पर अपने प्रतिबंधों में ढील नहीं दी है. जेनेट येलेन, ट्रेजरी सेक्रेटरी, अमेरिका ने कहा कि हमारी तरफ से हमास, हिजबुल्लाह पर प्रतिबंध हैं, साथ ही हम लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं.

प्रतिबंधों को और अधिक कड़ा करने पर विचार कर रहे हैं. इजराइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुआ युद्ध का साया पूरे मिडिल ईस्ट रीजन पर गहराता जा रहा है. इस अनिश्चितता के माहौल में अमेरिका ने अगर प्रतिबंध को और सख्त बनाने का फैसला करता है तो इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है.

# एक्सपो उत्सव 2023 का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

### * जेसीआई रांची को गांव तक जाना चाहिए, जनजातीय समुदाय को भी भागीदार बनाना चाहिए: राज्यपाल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को 12से16 अक्टूबर तक चलने वाले मोरहाबादी रांची में आयोजित 'एक्स्पो उत्सव 2023' का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरा विश्व एक तरह से ग्लोबल विलेज बन गया है। वैश्वीकरण के इस दौर में विकास के लिए प्रतिस्पर्धा में शामिल होना होगा। नित्य नए विकसित हो रही नई तकनीक, नए उत्पाद एवं नवोन्मेषी विचार को अपनाना होगा। जेसीआई रांची द्वारा 'एक्स्पो उत्सव 2023' का आयोजन केवल एक प्रदर्शनी मात्र नहीं है, बल्कि रचनात्मकता और उद्यमिता का उत्सव भी है। राज्यपाल ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति भी विकास के दौर में शामिल हो सकें, इसके लिए जे.सी.आई., रांची को गावों तक जाना चाहिए और जनजातीय समुदाय को भी भागीदार बनाना चाहिए। देश तभी विकसित होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग विकसित होगा। इसके लिए हमें प्रयास करना होगा। बाधाएँ भी आ सकती हैं लेकिन बाधाओं को पार कर विकास हेतु नया आयाम स्थापित करने वालों की ही विशिष्ट पहचान होती है। हमारे प्रधानमंत्री का विश्व पटल पर एक दूरदर्शी नेता के तौर पर अहम पहचान स्थापित है क्योंकि उन्होंने अथक प्रयास से सभी बाधाओं को दूर करते हुए भारत को विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनाया है। उन्होंने विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। आगे बढ़ने के लिए संघर्ष भी करना पड़े तो आत्मविश्वास के साथ संघर्ष करें। सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने इस परिप्रेक्ष्य में महान कलाकार रजनीकान्त जी का भी उदाहरण दिया कि कैसे वे संघर्ष कर ऊंचाइयों के इस आयाम पर पहुंचे हैं।

**इस बार क्या है एक्सपो में:** इस साल यह एक्सपो का 26वां संस्करण है। इस बार के एक्सपो में कुल 39 स्टार्टअप हैं।जर्मन हैंगर, कॉरपोरेट हैंगर, महिलाओं के लिए पिंक हैंगर, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप जोन, मनोरंजन पार्क, फूड जोन में कुल 305 स्टॉल हैं। मेला सुबह 11 बजे खुलेगा और रात 9 बजे बंद हो जाएगा। प्रवेश टिकटों की कीमत 20 रुपये प्रति टिकट है। उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष अरविंद राजगड़िया ने राज्यपाल, विशिष्ट अतिथियों, सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि साल दर साल सफलतापूर्वक एक्सपो करना जेसीआई रांची के लिए गर्व की बात है। यह सदस्यों की कड़ी मेहनत है कि एक्सपो ने यह स्थान हासिल किया है। एक्सपो के मुख्य समन्वयक डॉ. संजय जैन ने बताया कि रांची के लोगों को इतना अद्भुत और हाईटेक एक्सपो देना सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण है। एक्सपो उत्सव को रांची का त्यौहार कहा जाता है। 16 को प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक्सपो के सभी 5 दिनों में कार्यक्रम होंगे। 13 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम, दोपहर 3 बजे ट्रेजर हंट, दोपहर 3 बजे डॉग शो , एक्सपो सुपर तंबोला शाम 6 बजे होगा।धन्यवाद ज्ञापन सचिव तरूण अग्रवाल ने किया। इस उद्घाटन समारोह के लिए आज के प्रोजेक्ट संयोजक आशीष भाला और अभिषेक नारनोली थे। समारोह के सूत्रधार अनंत जैन थे। उपस्थित सदस्यों में एक्सपो के सह समन्वयक प्रतीक जैन, सनी केडिया, राहुल टिबरेवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, वीपी बिजनेस पीयूष केडिया, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, जेसी सदस्य आदि शामिल थे। यह जानकारी एक्सपो उत्सव के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।